WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| छत्तीसगढ़ 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| देश विदेश

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 218 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

डीजीपी कांफ्रेंस आज से: मोदी-शाह-साय की आक्रामक रणनीति

मोदी देश के पहले पीएम जिन्होंने नक्सलवाद का सफाया करने का संकल्प लिया

हनीफ निजामी

- शाह देश के पहले गृहमंत्री जिन्होंने नक्सल उन्मूलन की डेडलाइन तय की
- साय पहले सीएम जिन्होंने गोली का जवाब गोली से देने का खुला ऐलान किया
- जाबांज फोर्स का जबर्दस्त अटैक और अमन की राह पर चल पड़ा बस्तर

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सली दहशत से थर्राते छत्तीसगढ़ में अब नक्सलवाद का सूरज अस्त होने लगा है। पिछले 40 साल से बम धमाकों और गोलियों की गूंज से दहलते बस्तर में अमन-शांति की खुशबू बिखरने लगी है। विकास की डगर पर चल पड़े छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में डीजीपी कांफ्रेंस आयोजित कर केंद्र सरकार ने साफ संदेश दिया है दशकों से नक्सलवाद का दंश झेलते रहे, रक्तरंजित होते रहे छत्तीसगढ़ में अगर अमन का राज कायम किया जा सकता है तो पूरे देश में हर तरह के अपराधों पर भी नियंत्रण किया जा सकता है।

दरअसल छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में फलते-फूलते रहे नक्सलवाद का अध्याय खत्म करने की कोशिशों में कामयाबी की ओर बढ़ते हुए मोदी सरकार ने एक बड़ी नजीर पेश की है। डीजी कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इसी नजीर के साथ देश में कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने 2021 में नक्सल समस्या को समाप्त करने बड़ा ऐलान किया था। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल समस्या को समूल उखाड़ने न सिर्फ ठोस एक्शन प्लान तैयार किया गया, बल्कि इसके लिये डेडलाइन भी तय कर दी गई। टाइम बांड टार्गेट तय किये गए। एक्शन प्लान की समीक्षा करने गृहमंत्री अमित शाह बार-बार छत्तीसगढ़ आते रहे। राज्य में सीएम विष्णुदेव साय के साथ सरकार के जिम्मेदारों समेत नक्सल विरोधी अभियान की लगातार समीक्षा करते रहे।

इधर, सीएम साय ने भी कड़ा संदेश दे दिया – हर हाल में डेडलाइन से पहले नक्सलवाद की कमर टूटनी चाहिये। नक्सलवाद को मिटाने की केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का गहरा असर हुआ। केंद्रीय और राज्य स्तर पर सरकार ने फोर्स में जान फूंकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नक्सल उन्मूलन के लिये बजट बढ़ाया गया। माओवादियों की निगरानी के लिये आधुनिक संसाधन दिये गए। घने जंगलों में सूचना तंत्र विकसित किया गया। नक्सलियों की मूवमेंट पर पैनी नजर रखकर पल-पल की खबर हासिल करने के लिये नेटवर्क तैयार किया गया। तय डेडलाइन के मुताबिक लगातार ऑपरेशन चलाए गए। फोर्स के जाबांज जवानों ने अपनी संकल्प शक्ति, जुनून और बहादुरी के जज्बे के साथ नक्सलियों की अलग-अलग मांदों में घुसकर बार-बार अटैक किया। जिन इलाकों को बेहद दुर्गम और पहुंचविहीन माना जाता था और इन इलाकों तक जाने की कल्पना करना भी बेमानी माना जाता था, फोर्स नक्सलियों के उन ठिकानों तक न सिर्फ पहुंची, बल्कि नक्सलियों के गढ़ को नेस्तनाबूद कर दिया।

नतीजा: नक्सलवाद की जड़ें उखड़ने लगी। माओवाद के अधिकांश मजबूत किले ढह चुके हैं। मुठभेड़ में ज्यादातर नक्सली मारे जा चुके हैं। जो बचे हैं, उनमें से बड़ी तादाद में नक्सली हथियार छोड़ने का फैसला करते हुए आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

मोदी-शाह-साय का ट्रियो इफेक्ट बेमिसाल

नक्सलवाद खत्म करने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और सीएम विष्णुदेव साय के ट्रियो इफेक्ट से प्लानिंग और एक्जीक्यूशन का नया अध्याय लिखा गया। बीते दो साल में इस विकराल समस्या का सफाया करने की दिशा में पूरे सिस्टम ने बेमिसाल काम किया। मोदी-शाह-साय की तिकड़ी ने न सिर्फ इस अभियान का तानाबाना रचा, बल्कि पूरे अभियान को सफलता की राह पर खड़ा कर दिया। मंजिल ज्यादा दूर नहीं है। कयास लगाए जा रहे हैं कि डेडलाइन यानी 31 मार्च 2026 से पहले ही बस्तर के बचे माओवादी अमन-शांति की राह पर चल पड़ेंगे। सच ये है कि मोदी-शाह की प्रतिबद्धता से पहले बीते चालीस वर्षों में, किसी भी सरकार ने कभी भी, ईमानदारी से नक्सल समस्या का समाधान करने ठोस प्रयास ही नहीं किया।

नक्सली आदिवासियों और पुलिस जवानों की हत्या करते रहे। कांग्रेस-भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेताओं की हत्या करते रहे। मुठभेड़ में जवानों की शहादतें होती रही। सरकार इस समस्या को लाइलाज मानकर बैठी रही। चार दशकों के नक्सली दहशत के दौर में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद की समस्या को हर हाल में समाप्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई। पहली बार किसी गृहमंत्री ने अपनी संकल्प शक्ति के साथ एक्शन प्लान बनाया और डेडलाइन का ऐलान कर दिया। पहली बार सीएम ने गोली का जवाब गोली से और बोली का जवाब बोली से देने का खुला चैलेंज किया।

नतीजा : सिर्फ बस्तर नहीं, सिर्फ छत्तीसगढ़ नहीं पूरा देश देख रहा है। आईईडी के विस्फोटों से थर्राते और गोलियों की गूंज से कांपते आदिवासियों के गांव में अब धीरे-धीरे विकास की बयार चलने लगी है। बस्तर के शांत घने जंगलों में अब पेड़ों के झुरमुट के बीच बुलेट और आईईडी के विस्फोट थम गए हैं। चार दशकों के बाद अब बस्तर नई सुबह का आगाज कर रहा है।

आज बेबाक

संत रामभद्राचार्य जिन्होंने सूरदास होते हुए भी श्रीरामचरित मानस की टीका लिखी। सौ से ज्यादा ग्रंथों की रचना की। उन्हें सांसद पप्पू यादव ने अंधा, बहरा और गूंगा कहते हुए उनको यमुना के गंदे पानी में फेकने की बात कर यह साबित कर दिया है कि वे अक्ल से अंधे है। सनातन का अपमान कर उन्होंने बिहार में महागठबंधन का बंठाधार किया था अब जिस तरह एक सड़ी हुई मछली पूरे तालाब को गंदा करती है, उसी तरह ये बुड़बक अपनी इसी तरह की विवादास्पद बयानबाजी से कांग्रेस की भी नैया को मंझधार में डूबोकर दम लेगा।

दिल्ली के बाद पंजाब को दहलाने की थी साजिश, 4 गिरफ्तार

चंडीगढ़/ए.। पुलिस ने बुधवार को पंजाब में बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है। जानकारी के मुताबिक राज्य के साहिबजादा अजीत सिंह नगर (एसएएस नगर) में मुठभेड़ के बाद चार गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े हैं और गैंगस्टर ने इन्हें चंडीगढ़ ट्राइसिटी क्षेत्र और पटियाला में लक्षित हमले करने का काम सौंपा था। पुलिस ने बताया कि उनके पास से सात .32 कैलिबर की पिस्तौल और 70 कारतूस बरामद की गई है। गिरफ्तार लोगों की पहचान हरविंदर सिंह उर्फ भोला उर्फ हनी, लखविंदर सिंह, मोहम्मद समीर और रोहित शर्मा के रूप में हुई है। सभी पटियाला के राजपुरा के निवासी हैं।

ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और शांति के संकल्प का प्रतीक : मुर्मु

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सीमाओं तथा लोगों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है। श्रीमती मुर्मु ने गुरुवार को यहां सेना द्वारा आयोजित संगोष्ठी 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग-2025' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की संप्रभुता की रक्षा में पेशेवराना दक्षता और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा,' हमारे बलों ने हर सुरक्षा चुनौती चाहे पारंपरिक हो, उग्रवाद विरोधी हो या मानवीय , हमारे बलों ने अद्भुत क्षमता और दृढ़ संकल्प दिखाया है।'

मेडिकल कॉलेज स्कैम: छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों में ईडी की रेड

रायपुर में दस्तावेजों की जांच, सीबीआई ने 6 आरोपियों को किया था अरेस्ट

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों में प्रवर्तन निदेशालय ने 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। मेडिकल कॉलेज स्कैम मामले में यह कार्रवाई की गई है। दिल्ली से श्वष्ठ की टीम रायपुर पहुंची हुई है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में जांच कर रही है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी रेड मारी गई है।

यह कार्रवाई केंद्रीय जांच ब्यूरो की 30 जून को दर्ज की गई एक एफआईआर एफआईआर से जुड़ी है। इस केस में 3 डॉक्टर्स समेत 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी।

एफआईआर में आरोप है कि नेशनल मेडिकल कमीशन के कुछ अधिकारी और अन्य सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेकर मेडिकल कॉलेजों को इंस्पेक्शन से जुड़ी गोपनीय जानकारी लीक करते थे। इस जानकारी की मदद से मेडिकल कॉलेजों के कुछ मैनेजर और बिचौलिए पैरामीटर्स में हेरफेर करते थे। इसी के जरिए कॉलेज अकादमिक कोर्स की मंजूरी हासिल कर लेते थे। ईडी की तलाशी जिन स्थानों पर चल रही है, उनमें अलग-अलग राज्यों के 7 मेडिकल कॉलेज, और एफआईआर में नामित कई व्यक्तियों के ठिकाने शामिल हैं।

5 महीने पहले सीबीआई ने की थी छापेमारी

सीबीआई ने 5 महीने पहले कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश में 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए। सीबीआई के अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी निरीक्षण प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए विभिन्न रणनीतियों का इस्तेमाल कर रहे थे।

3 डॉक्टरों समेत 6 की हुई थी गिरफ्तारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मेडिकल कॉलेज की मान्यता रिपोर्ट को अनुकूल बनाने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में 3 डॉक्टरों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस स्कैम में छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का नाम भी जुड़ा है। सीबीआई की जांच के अनुसार नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज के पक्ष में रिपोर्ट बनाने मामले में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की टीम ने हवाला के जरिए 55 लाख रुपए की रिश्वत ली है। गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. मंजप्पा सीएन, डॉ. चैत्रा एमएस, डॉ. अशोक शेलके, अतुल कुमार तिवारी, सथीशा ए और रविचंद्र के. शामिल हैं।

व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, 2 नेशनल गार्ड्स घायल

अफगान शरणार्थियों के आने पर रोक लगाई

वाशिंगटन/ए.। अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड्स के 2 जवानों को गोली मार दी गई। इस मामले में एक अफगान शरणार्थी को हिरासत में लिया गया है। एफबीआई अधिकारियों के मुताबिक, हमले में शामिल संदिग्ध की पहचान 29 साल के रहमानुल्लाह लाकनवाल के तौर पर हुई है। वह अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका आया था। उसने 2024 में शरणार्थी के दर्जे के लिए अप्लाई किया था और उसे अप्रैल 2025 में मंजूरी मिली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे आतंकी घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी शामिल हैं, उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने अमेरिका में अफगान शरणार्थियों की तुरंत एंट्री रोकने का ऐलान किया है।

ट्रम्प बोले- यह मानवता के खिलाफ अपराध

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट इस मामले को आतंकवादी हमले के तौर पर जांच रहा है। हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेंटागन को निर्देश दिया कि वॉशिंगटन डीसी में सुरक्षा बढ़ाने के लिए 500 एक्स्ट्रा नेशनल गार्ड्स भेजे जाएं। ट्रम्प ने कहा कि आरोपी इसकी भारी कीमत चुकाएगा। एक अधिकारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि एक गार्ड को सिर में गोली लगी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने संदिग्ध को जानवर कहा है। ट्रम्प ने ट्वीटर पर लिखा- हमारी महान नेशनल गार्ड और सुरक्षा बलों पर गर्व है। मैं और मेरी पूरी टीम उनके साथ है। यह पूरे राष्ट्र के खिलाफ अपराध है। यह मानवता के खिलाफ अपराध है।

आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से महिला डीआरजी जवान घायल



सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा सुकमा- गोगुंडा के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस दौरान चपेट में आने से डीआरजी की एक महिला जवान घायल हो गई है। घायल को हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि, सुरक्षा बल के जवान एरिया डोमिनेशन पर निकले हुए थे। एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि की है।

बीजापुर में बड़ा नक्सली षड्यंत्र हुआ था नाकाम: वहीं बीते सप्ताह बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई थी। यहां भैरमगढ़ के चिहका-उसपरी मार्ग पर सुरक्षा ■ शेष पृष्ठ 6

प्रदूषण पर सीजेआई का बयान, हमारे पास जादू की छड़ी नहीं है

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या एक बेहद गंभीर बात है। इसको लेकर आज गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई और इस मामले में फिर से चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान वकील ने कहा कि हम इमरजेंसी जैसी स्थिति में है। इसके लिए असली दिक्कत मॉनिटरिंग की है। हालांकि सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें कारण पता हैं। इसके लिए समाधान की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हर साल दिवाली के समय प्रदूषण की चर्चा शुरू होती है और जैसे ही सर्दियां खत्म होती हैं, यह मुद्दा गायब हो जाता है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम ■ शेष पृष्ठ 6

एसआईआर: छग 12 राज्यों में 10वें नंबर पर

रायपुर/नवप्रदेश। देश के 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। भारत निर्वाचन आयोग इस एसआईआर प्रक्रिया की हर दिन मॉनिटरिंग कर रहा है और अधीनस्थों को निर्देश जारी कर रहा है। एसआईआर प्रक्रिया वर्किंग के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी रैंकिंग भी जारी कर रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रैंकिंग के आधार पर छत्तीसगढ़ एसआईआर प्रक्रिया करने के मामले में 10वें नंबर पर है। सबसे ज्यादा अच्छा परफार्मेंस करने वाले राज्यों में लक्षद्वीप पहले नंबर पर है। चुनाव आयोग के ■ शेष पृष्ठ 6



छत्तीसगढ़ में 99.23 प्रतिशत फॉर्म वितरित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ 10 लाख 68 हजार 201 मुद्रित गणना फॉर्म है। इनमें से 99.23 प्रतिशत फॉर्म का वितरण हो चुका है। इनमें से 1 करोड़ 22 लाख 88 हजार 158 यानि 57.88 प्रतिशत फॉर्म वितरित किए जा चुके है।

गरमा-गरम

निर्यात सौदा | इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री भारत दौरे पर

ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के बेहद करीब सबसे बड़ा मुस्लिम देश

नई दिल्ली/ए.। भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के संभावित निर्यात सौदे को आने वाले दिनों में बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री साफ्री समसुद्दीन बुधवार से भारत यात्रा पर हैं और इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को नई दिशा मिलने की संभावना है। ब्रह्मोस खरीद को लेकर वार्ता एडवांस स्टेज में है और रूस ने भी इस संभावित निर्यात पर सकारात्मक रुख दिखाया है। बता दें कि रूस भारत के साथ मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल बनाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस ने पाकिस्तान में अत्यंत सटीकता के साथ लक्ष्य भेदा था, जिससे इस हथियार प्रणाली की क्षमता पर इंडोनेशिया का भरोसा और मजबूत हुआ है।

प्रबोवो-मोदी शिखर वार्ता में ब्रह्मोस एजेंडे में शीर्ष पर: बता दें कि इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियान्तो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच ■ शेष पृष्ठ 6

भारत बन सकता है इंडोनेशियाई वायुसेना और नौसेना का एमआरओ हब

एक रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा सहयोग के दायरे में भारत इंडोनेशियाई वायुसेना और नौसेना के लिए 'मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल' हब के रूप में उभर सकता है। भारत पहले से ही सुखोई फाइटर जेट्स की देखरेख और तकनीकी सहयोग में महारत रखता है, और इंडोनेशिया के सुखोई बेड़े की सहायता भी कर रहा है।

ब्रह्मोस सीईओ की प्रबोवो से विशेष मुलाकात

जनवरी की यात्रा के दौरान एक अहम घटना तब हुई जब ब्रह्मोस के सीईओ डॉ. जैतीर्थ आर जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो की उपस्थिति में इंडोनेशिया के उद्योगपतियों और रक्षा अधिकारियों से बातचीत की। कंपनी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी पर विस्तृत चर्चा की।

सुप्रीम कोर्ट बोला- दिव्यांगों के लिए फंड जुटाएं यूट्यूबर्स

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदार लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों। वहीं दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट' के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकठ्ठा किया जा सके।

अश्लील कंटेट मामला

इंडियाज गॉट लेटेंट स्टैंड अप कॉमेडियन समय रैना का शो है। इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। जिन दो शो पर विवाद हुआ वह फरवरी को रिलीज हुआ था। इस मामले पर समय रैना और रणवीर अलाहबादिया व अन्य के खिलाफ कई राज्यों में एफआईआर दर्ज की गई। रणवीर ने एफआईआर रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। केंद्र सरकार को नियम सख्त बनाने का आदेश दिया।

रायपुर-विशाखापट्टनम 6 लेन एक्सप्रेस-वे का टनल ब्रेक थ्रू कंप्लीट

■ सफल विस्फोट कर खुश हुए कामगार

■ छत्तीसगढ़ की पहली ट्विन टनल में दूसरा छोर तक खुदाई का काम पूरा

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पहली ट्विन टनल में दूसरा छोर तक खुदाई का काम पूरा हो गया है। इसी के साथ बुधवार को दूसरे टनल का भी अंतिम भाग ब्लास्टिंग कर खोला गया है। दूसरी सुरंग के अंतिम छोर में हुई ब्लास्टिंग का वीडियो भी सामने आया है। ब्लास्टिंग केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में हुई है। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत केशकाल के गोविंदपुर में 2.8 किलोमीटर लंबी छग की पहली ट्विन टनल बन रही है। दोनों सुरंगों का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए सितम्बर 2026 तक लक्ष्य रखा गया है। वहीं इस टनल के बनने से छत्तीसगढ़ समेत ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच इंटर-स्टेट कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

464 किमी लंबे सिक्स-लेन एक्सप्रेस-वे

रायपुर से विशाखापट्टनम तक 464 किमी लंबे सिक्स-लेन एक्सप्रेस-वे का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। यह राजमार्ग रायपुर, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरापुट और सब्बावरम जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ते हुए विशाखापट्टनम बंदरगाह तक पहुँचेगा। इसका निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत किया जा रहा है। इसके पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच यात्रा समय में कमी आएगी, जिससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को गति मिलेगी तथा छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच इंटर-स्टेट कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

आर्थिक गलियारे को मिलेगी मजबूती

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राज्य की पहली राष्ट्रीय राजमार्ग सुरंग का सफल ब्रेकथ्रू कर लिया है। इसी के साथ ही अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने नया मुकाम हासिल कर लिया है। 2.79 किलोमीटर लंबी यह सुरंग रायपुर-विशाखापट्टनम आर्थिक गलियारे (ह्व॥-130ष्ठष्ठ) का अहम हिस्सा है।

सुगम और सुरक्षित होगा सफ़र

सुरंग का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिसके निर्माण के साथ ही क्षेत्रीय विकास और यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। 30 सितम्बर 2025 को इस टनल के लेफ्ट हैंड साइड का ब्रेकथ्रू पूरा किया जा चुका है। जिसके बाद अब इसके दोनों हिस्से का निर्माण निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। इस सुरंग को ट्विन ट्यूब टनल के रूप में विकसित की जा रही है जो आधुनिकता के साथ सुगम और सुरक्षित यातायात प्रदान करेगा।

हाईवे- 930 बना डेथ स्पॉट

बेकाबू कार ने दो बाइक को रौंदा, दो की मौत 1 गंभीर

घटना स्थल पर हो चुके हैं 50 से ज्यादा हादसे

मोहला/नवप्रदेश। मोहला मानपुर जिला अंतर्गत आने वाला हाईवे- 930 डेथ स्पॉट बन गया है। लगातार हो रही घटनाओं से मौतों का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है। इसी बीच एक और सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां पर बुधवार देर शाम हुए हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, मानपुर से करीब 3 किलोमीटर दूर तेज रफ्तार कार ने भारी कहर बरपाया है। भिलाई से पखांजूर की ओर जा रही कार ने सामने से आ रही दो बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पहली बाइक पर एक युवक और युवती सवार थे। दूसरी बाइक पर एक व्यक्ति अकेला सफर कर रहा था। टक्कर इतनी तेज थी की कार ने दूर तक दोनों बाइक को घसीट दिया।

दो की मौत, एक की हालत नाजुक

हादसे में घायलों को तत्काल सडक से उठाकर मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दो की मौत हो गई।वहीं एक महिला कि स्थिति नाजुक बनी हुई हैं। मृतक का नाम श्रवण टोप्पा खेडेगांव मानपुर और दीपक यादव रायसिंग साल्हे मोहला जबकि प्रमिला मंडावी मिचगांव मोहला गंभीर रूप से घायल है जिसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है।

50 से अधिक हो चुकी है दुर्घटना

अब तक नवनिर्मित नेशनल हाईवे में 50 से ऊपर दुर्घटना चार दर्जन से ऊपर लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रहे हादसों से मानपुर इलाके में भारी आक्रोश है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने अधिकारियों की बैठक ली

बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए : मंत्री

■ नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र की योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

नारायणपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज कोंडागांव जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुदूर अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा और डीएफओ चूड़ामणि सिंह उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

बैठक में मंत्री कश्यप ने दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधन और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं और कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर गंभीरता से काम करने पर जोर दिया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण हों और निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं।

श्रम पंजीयन में तेजी लाने निर्देश

मंत्री कश्यप ने सभी ग्राम पंचायतों को विकासखण्ड मुख्यालय से बेहतर सड़क और अन्य सुविधाओं के माध्यम से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य करने को कहा, ताकि प्रत्येक गांव तक आवश्यक सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने श्रम पंजीयन में तेजी लाने के लिए गांव-गांव में शिविर आयोजित करने और ग्रामीणों को पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्यपालन जैसी गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर बल दिया।

फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाएं

बैठक में धान खरीदी की स्थिति, किसानों के पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मॉडल आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, कर्मयोगी अभियान तथा अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सर्द हवाओं से कांपा छत्तीसगढ़: सरगुजा में सर्वाधिक ठंड, मैनपाट में सैलानियों की रौनक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। तीन दिन की राहत के बाद हिमाचल की सर्द हवाओं ने एक बार फिर कंपकपाना शुरू कर दिया है। पूर्व में खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण भूमध्यसागरीय प्रायदीप के क्षेत्र में सुष्प्त अवदाब बनकर दक्षिण भारत के राज्यों को भिगो रहा है। अण्डमान सागर में सक्रिय लो-प्रेशर भी अब तूफान का रूप ले लिया है लेकिन सरगुजा पर इसका विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। इस बार नवम्बर मध्य से ही शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से हवा की दिशा बदल कर दक्षिण एवं पूर्व हो गई थी जिससे शीतलहर से राहत मिल गई थी तथा न्यूनतम पारा 10.0 के आसपास पहुंच गया था। चक्रवाती परिसंचरण के भूमध्यसागरीय प्रायदीप क्षेत्र की ओर अग्रसर होने के बाद एक बार फिर हवा की दिशा बदल कर उत्तर-पश्चिमोत्तर हो गई है। हवा की दिशा बदलने के बाद पिछले तीन दिनों से उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की हवाएं हिमालय के बर्फ एवं राजस्थान के रेगिस्तान की ठण्डक लेकर पहुंच रही हैं जिससे रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है।

मैनपाट पहुंचने लगे पर्यटक

ठण्ड बढ़ने के साथ ही छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में दूर-दूर के पर्यटकों का आवागमन शुरू हो जाता है। पूर्व में दिसम्बर में अधिक ठण्ड पड़ने पर दूर-दूर के पर्यटक पहुंचते थे। इस बार एक सप्ताह पूर्व से ही मैनपाट में पर्यटकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है तथा पर्यटन विभाग के दोनों मोटल पिछले एक सप्ताह से आगामी दिनों तक के लिए फुल है।

एक क्लिक में मिलेगी पुलिस से जुड़ी सूचना

पुलिसिंग को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम: एसपी

■ बलौदाबाजार पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट हुई लाइव

■ नागरिकों से होगा सीधा संवाद

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार- भाटापारा पुलिस ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट को औपचारिक रूप से लाइव कर दिया है। डिजिटल युग के अनुरूप पुलिस प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जनता के और करीब लाने के उद्देश्य से तैयार किए गए इस वेब पोर्टल पर अब जिले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पुलिस गतिविधियों, अपराध विवेचना, सेवाओं और जनोपयोगी सूचनाओं तक आम लोगों की आसान पहुंच सुनिश्चित हो गई है। एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि, यह वेबसाइट पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से अब लोग अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। साथ ही वे अपनी सेवाओं या शिकायतों की वर्तमान स्थिति भी तुरंत ऑनलाइन देख सकेंगे, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

वेबसाइट पर उपलब्ध प्रमुख सुविधाएं

- जिले के पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं सभी थानों का संपर्क विवरण
- सभी पुलिस स्टेशनों एवं चौकियों का पता
- पुलिस विभाग की नई कार्रवाइयों और उपलब्धियों की जानकारी
- अपराध सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं

पुलिस वेबसाइट का लिंक- https://balodabazar.cgpolice.gov.in/ है। एसपी भावना गुप्ता ने कहा कि, यह पहल जिले की पुलिसिंग को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे आम नागरिकों को आसानी, पारदर्शिता और समय की बचत होगी।

छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण तेज

1 करोड़ 45 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति लगातार तेजी से बढ़ रही है। प्रदेशभर में 04 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुए इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। आज 26 नवम्बर तक प्रदेश में लगभग 01 करोड़ 45 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है, जो कुल 02 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं में से लगभग 69 प्रतिशत है।

श्री रामलला दर्शन योजना, विधायक ने विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

खरोरा/नवप्रदेश। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने गुरुवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से श्री राम लला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं से भरी विशेष ट्रेन को अयोध्या धाम के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस पवित्र यात्रा के शुभारंभ पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने शामिल होकर सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा के मंगलमयी होने की कामना की। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि, हमारी विष्णु देव साय सरकार द्वारा प्रारंभ किये गए रामलला के निःशुल्क दर्शन कराने की यह पुण्य यात्रा अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं को हमारे भांचा राम का दर्शन कराना यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस गारंटी को साकार कर रही है, जिसमें उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को प्रभु राम के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था।

ऐतिहासिक पहल

इस यात्रा में श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन का सौभाग्य भी प्राप्त हो रहा है। रामलला तीर्थ दर्शन योजना केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। सरकार का उद्देश्य है कि,प्रदेश का हर नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग एवं वंचित वर्ग, अपने जीवन में एक बार प्रभु राम के जन्मस्थान के दर्शन कर सके। मैं सभी श्रद्धालुओं के मंगलमय यात्रा कि कामना करता हूं।

ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, संचालक संस्कृति एवं पर्यटन सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं रेलवे व आईआरसीटी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

माकड़ी में अनुपस्थित मिले शिक्षकों का कटेगा वेतन

जगदलपुर/नवप्रदेश। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर जगदलपुर एचआर सोम ने गत दिवस कोंडागांव जिले में पीएमश्री सेजेस माकड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया और कर्तव्य से अनुपस्थित 06 शिक्षकों का एक दिवस का वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। उन्होंने बगैर पूर्व सूचना के कार्य से अनुपस्थित शिक्षकों को शो-काज नोटिस जारी कर सम्बंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने कहा। जेडी एजुकेशन श्री सोम द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय माकड़ी का निरीक्षण कर प्रार्थना में भी सहभागिता की गई। उन्होंने प्रार्थना स्थल पर सभी छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से उपस्थित रहने, अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रोत्साहित किया, साथ ही कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के एक-एक कालखण्ड का अध्यापन कार्य किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के बोर्ड परीक्षा 2025 की समय-सारणी से अवगत कराते हुए परीक्षा की नियमित तैयारी, उत्तर कैसे लिखा जाये बोर्ड परीक्षा के दौरान तनावमुक्त कैसे रहा जाए।

विज्ञान मेला: बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विज्ञान संबंधित मॉडलों के लगाए स्टॉल

■ बारगाँव में जोन स्तरीय विज्ञान मेला

■ बच्चों ने विज्ञान संबंधित मॉडल और व्यंजन के लगाए स्टॉल

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के बारगांव में जोन स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इसके तहत विज्ञान प्रयोग को मेला के रूप में एक जगह इकट्ठा करके बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। । इसमें भाग लेने वाले छात्रों ने विभिन्न विषयों जैसे गणित, विज्ञान, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान से संबंधित मॉडलों के स्टॉल लगाए गए। इस मेला की खास बात यह रही कि, अब तक विज्ञान के मॉडल की प्रदर्शनी होती थी। लेकिन इस मेला में विज्ञान के प्रयोग पर आधारित स्टॉल लेकर बच्चे लाइव घटना को दिखा रहे थे। इसमें कक्षा छठवीं सातवीं और आठवीं के विज्ञान की सभी प्रयोग को शामिल किया गया था। एक प्रयोग में चार से ऊपर बच्चे भाग लिए थे। जिसमें तीनों कक्षा के बच्चों को शामिल किया गया था। ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रयोग को अधिक अच्छा जानने का मौका मिले। बच्चे प्रयोग के साथ अपने शब्दों में वर्णन प्रस्तुत कर रहे थे। इसका फायदा यह हुआ कि बच्चे बेझिझक बोल रहे थे।

बच्चों ने व्यंजन के स्टॉल भी लगाए

इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार पटेल जोन प्रभारी बारगांव, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से दीप्ती, सभी संकुल समन्वयक, विज्ञान शिक्षकों का सहयोग रहा। विज्ञान मेला का आयोजन 10:0 बजे से लेकर 1:00 तक रखा गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा तरह-तरह की व्यंजन वाला स्टॉल भी लगाया गया था। मेला के बाद बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल में बच्चे खूब आनंद ले रहे थे। यह भी एक तरह का व्यावहारिक शिक्षा ही है। जिसमें बचपन से ही बच्चे व्यवसाय करना सीखते हैं यह एक व्यावसायिक शिक्षा का बहुत अच्छा उदाहरण रहा।

बच्चों ने अलग-अगल मॉडल तैयार किया था

विज्ञान को रट कर नहीं प्रयोग के माध्यम से ज्यादा सीखी जा सकती है। यह सार्थक हुआ। संकुल केंद्र आनंदगांव, भरदा, बारगांव, पाँहदा और अछोली के स्कूल से अलग-अलग प्रयोग लेकर आए थे। जैसे चुंबक के गुण विद्युत और चुंबक की चालकता प्रकाश का अपवर्तन परावर्तन, लेंस व दर्पण में बनने वाले प्रतिबिंब, सूक्ष्मदर्शी का प्रयोग विद्युत का परिपथ, धातु की रासायनिक एवं भौतिक गुण, जल चक्र, पौधों के द्वारा बनाए जाने वाला ऑक्सीजन आदि लगभग सभी विषय को शामिल किया गया था।

सभी शिक्षकों को दी बधाई: विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कमलेश निषाद ने कहा कि, आज बारगांव संकुल में जो विज्ञान प्रयोग बाल मेला का आयोजन हुआ। उसके लिए निश्चित ही सुरेंद्र पटेल बधाई के पात्र हैं। और मैं उस क्षेत्र के समस्त शिक्षकों को बधाई देना चाहूंगा। जिन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता किए हैं। विज्ञान एक ऐसा विषय है जिसको बच्चे कई बार रट्टा मारते है।

क्यूआर कोड स्कैन कर आसानी से कर सकेंगे भुगतान, डिजिटल लॉकर का भी ले सकेंगे लाभ

बिलासपुर स्टेशन में स्मार्ट डिजिटल लॉकर सुविधा शुरु, यात्रियों के सामानों की सुरक्षा होगी सुनिश्चित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल के बिलासपुर स्टेशन में यात्रियों के लिए एक और नई आधुनिक सुविधा का प्रावधान किया गया है। बिलासपुर स्टेशन के गेट नं 01 के डोम के पास फुट ओवरब्रिज के नीचे स्मार्ट डिजिटल लॉकर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसका विधिवत शुभारंभ आज मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन की उपस्थिति में एक महिला यात्री के कर कमलों से फीता काटकर कराया गया। इस अवसर पर अनेक सुपरवाइजर स्टाफ उपस्थित रहे।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में शुरू होने वाली यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पहली स्मार्ट डिजिटल लॉकर सुविधा है। इस सुविधा के शुरू होने से यात्रियों को अब अपना सामान सुरक्षित रखने, जमा करने और प्राप्त करने की प्रक्रिया बेहद सरल, तेज़ और आधुनिक तकनीक आधारित हो गई है। डिजिटल लॉकर में यात्रियों को अपने सामान रखने के लिए काउंटर पर प्रतीक्षा नहीं करनी होगी। यात्री क्यूआर कोड स्कैन करके आसानी से भुगतान कर सकेंगे तथा तुरंत डिजिटल लॉकर का उपयोग कर पाएंगे। इससे उनकी यात्रा और अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और तनावमुक्त होगी। डिजिटल लॉकर सुविधा की विशेषताएँ - कैश लेनदेन की आवश्यकता नहीं, प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल और तेज़। लॉकर ऑटोमेटेड लॉकिंग सिस्टम से संचालित, सामान पूरी तरह सुरक्षित। छुट्टे पैसे, पर्ची या मैनुअल प्रक्रिया की जरूरत नहीं। कुछ ही सेकंड में लाकर बुकिंग। यात्री किसी भी समय लॉकर का उपयोग कर सकते हैं। उपयोगकर्ता अनुकूल स्क्रीन एवं निर्देशों के साथ सरल संचालन। शहर घूमने या छोटे कार्य निपटाने के दौरान सामान सुरक्षित रखने की परेशानी समाप्त। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया - स्मार्ट डिजिटल लॉकर की स्थापना यात्रियों की बढ़ती मांग और आधुनिक सुविधाओं की अपेक्षा को देखते हुए की गई है। स्टेशन पर यात्रियों को 'स्मार्ट ट्रैवल' का अनुभव दिलाने के लिए इस प्रकार की तकनीक आधारित सेवाएँ लगातार विस्तारित की जा रही हैं। बिलासपुर मंडल यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार की अत्याधुनिक सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में निरंतर काम करता रहेगा।

29 अनाधिकृत वेंडर पकड़ाए, की गई जुर्माने की कार्रवाई

रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से गाडियों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार हेतु वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा गाडियों तथा प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य पर्यवेक्षक व टीम द्वारा औचक खानपान जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 29 अनाधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध नियमानुसार 80,460 रुपए का जुर्माना लगाते हुए आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि बिलासपुर मंडल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से निगरानी अभियान चलाता रहेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

घर से स्कूल जाने निकला छात्र 13 दिनों से लापता

बिलासपुर/नवप्रदेश। तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पावरहाउस चौक निवासी महेश नायक के पुत्र विनय नायक उम्र 17 वर्ष विगत 15 नवंबर की सुबह 9 बजे स्कूल जाने घर से स्कूटी क्रमांक सीजी10 एएच 8276 से लालखदान निकला था, लेकिन वह स्कूल नही पहुँचा, जब परिजनों ने उसकी तलाश की उसके मोबाईल पर कॉल किया तो उसने एक बार फोन उठाया लेकिन बात नही की जिसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। आस पास रिश्तेदारों के पास तलाश करने के बाद परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट तोरवा थाने में दर्ज कराई है, जिसकी तलाश लगातार की जा रही है, छात्र विनय के परिजन इस घटना से व्यथित है जो बच्चे के कुशलता पूर्वक वापस घर पहुँचने की कामना कर रहे है, जिसमे लापता होने के 13 दिनों बाद भी अब तक उसकी कोई जानकारी नही मिली है, परिजनों यह भी आशंका व्यक्त की है कि किसी व्यक्ति के द्वारा उसे बहला फुसलाकर कही ले जाया गया हो सकता है, लिहाज़ा परिजनों ने पुलिस से इस मामले को गंभीरता से लेकर उसकी तलाश करने की फरियाद लगाई है।

एनएचएम कर्मचारियों में बढ़ रही निराशा और आक्रोश

2 महीने से वेतन नहीं, बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली भी लंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य के 16,000 से अधिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला हैं। इस स्थिति ने कर्मचारियों को गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट में धकेल दिया है। परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया/बैंक किस्त भुगतान तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना अत्यंत कठिन हो गया है, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आश्वासन का आज तक पालन नहीं, एनएचएम कर्मचारियों के हालिया आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को सेवा से पृथक किया गया था। मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। इस दौरान बर्खास्त कर्मचारियों की निःशर्त बहाली का स्पष्ट एवं सार्वजनिक आश्वासन दिया गया था। यह विषय कैबिनेट बैठक में पुरा करने की बात पर सहमति बनी थी किंतु–दो माह से अधिक समय बीत चुका है, इस दौरान तीन कैबिनेट बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं, इसके बावजूद आज तक बहाली आदेश जारी नहीं किए गए। यह स्थिति प्रभावित कर्मचारियों सहित पूरे एनएचएम कार्मिकों में गहरी निराशा और आक्रोश की भावना को जन्म दे रही है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा कि आंदोलन सरकार से सकारात्मक चर्चा एवं विश्वास और सद्भावना के साथ समाप्त किया गया था, किंतु आश्वासन पूरा न होना अत्यंत खेदजनक एवं कर्मचारियों के हितों के विपरीत है।

वर्तमान में कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

दो माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए। आंदोलन के दौरान सेवा से पृथक किए गए सभी कर्मचारियों की तत्काल बहाली किया जाएँ। संघ के ज़िलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताया कि राज्य भर के 16 हजार एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी इन मांगों को लेकर अपने-अपने जिलों में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप रहे हैं तथा समस्याओं से शासन को अवगत करा रहे हैं। आज एचएम संघ जिला इकाई द्वारा कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया जिसमें 16000 एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को विगत 2 माह से वेतन प्रदाय ना होने, 5% प्रतिशत एरियर्स राशि का भुगतान नहीं होने, तथा आंदोलन के दौरान सेवा से पृथक किए गए कर्मचारियों की बहाली किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया है।

एक ही परिवार के लोगों ने दो भाइयों को मारा चाकू, हालत गंभीर

मस्तूरी/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में बीती रात एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिससे एक ही परिवार के तीन भाइयों ने अपने पिता के साथ मिलकर दो सगे भाइयों के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 ने तत्काल घायलों को हॉस्पिटल भेज आगे की जांच करवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुकुलकारी (बड़ेकारी) में बुधवार राउत बाजार लगा हुआ था जो देर शाम तक चला इसी दौरान गांव का ही राजेंद्र महिलांगे पिता मनहरण महिलांगे अपने बड़े भाई फूलचंद महिलांगे के साथ बाजार पास ही स्थित कमल महिलांगे का घर है जहां अवैध शराब की बिक्री की जाती है। बुधवार रात लगभग 8 बजे राजेंद्र अपने भाई फूलचंद के साथ शराब पीने कमल महिलांगे के घर पहुंचे जहां फोन पे (ऑनलाइन)के माध्यम से शराब देने के बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस विवाद हो गई जिसके बाद राजेंद्र अपने बड़े भाई फूलचंद के साथ वापस अपने घर लौट रहे थे जो रहस बेड़ा चौक के पास पहुंचे ही थे तभी कमल महिलांगे अपने 3 बेटो जयेश महिलांगे , राकेश महिलांगे और रघुवीर महिलांगे के साथ रहस बेड़ा के पास पहुंचे और चाकू से दोनों भाइयों के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे दोनों भाइयों के पेट ,सीना और कमर में गंभीर चोटे आने से मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़े जिसके बाद इस घटना की जानकारी घायल राजेंद्र के परिजनों को लगी जिसकी सूचना डायल 112 को दी जिन्होंने मौके पर पहुंच घायलों को तत्काल मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

निगम में मरम्मत के नाम पर पुराने टायर लगाकर हजारों की गड़बड़ी

■ पंप हाउस में फर्जी बिलों का खेल, निगम के कई वाहन बन रहे कबाड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के पंप हाउस में वाहनों की मरम्मत के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोप निगम के ही दैवेभो कर्मचारियों ने लगाए हैं। कर्मचारियों ने महापौर, निगम कमिश्नर से लेकर अपर कमिश्नर तक लिखित शिकायत भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की, जिसके बाद निगम प्रशासन ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि वाहन शाखा में पदस्थ सुपरवाइजर पुराने टायर और कबाड़ सामान को ही वाहनों में फिट करवा देता है, जबकि कागजों में नए पार्ट्स व टायर लगाकर मोटी रकम निकाली जा रही है। जिन गाड़ियों की असल में मरम्मत जरूरी है, उनकी फाइल 'बजट नहीं' बताकर रोक दी जाती है। मरम्मत न होने की वजह से कई वाहन पंप हाउस में महीनों से खड़े-खड़े खराब हो रहे हैं। मजबूरी में कामकाज के लिए निजी गाड़ियों का उपयोग किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि इनके नाम पर भी हर महीने हजारों रुपये का खेल हो रहा है। नगर निगम के पास कुल 111 वाहन हैं–11 फायर फाइटिंग वाहन, 10 जेसीबी, 8 ट्रैक्टर, 10 डंपर समेत अन्य गाड़ियां। कर्मचारियों के मुताबिक इनमें से कई वाहनों का रिकॉर्ड भी फाइलों से गायब है।

लाखों की मशीनें कबाड़ में तब्दील

कुछ वर्ष पहले निगम ने दो वैक्यूम क्लीनिंग मशीनें खरीदी थीं। लाखों रुपये खर्च कर खरीदी गई एक मशीन तो उपयोग में आई ही नहीं और पंप हाउस में खड़ी-खड़ी कंडम हो गई। इसी तरह निगम के पास मौजूद 20 से ज्यादा वाहन कबाड़ में बदल चुके हैं जिनमें स्वीपिंग मशीन, ट्रैक्टर, डंपर और एक्सवेटर शामिल हैं।

जो शिक्षक का मान करता है, वह ज्ञान का वरदान पाता है: बीके स्वाति

बिलासपुर/नवप्रदेश। विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई का नशा होना अत्यंत आवश्यक है। यह वह नशा है जो जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और व्यक्ति को सार्थक लक्ष्य प्रदान करता है। पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि आत्म-विकास का सबसे सुंदर माध्यम समझना चाहिए। जब मन पढ़ाई से प्रेम करता है, तब विषय कठिन नहीं लगते और सफलता सहज हो जाती है। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के चरित्र, व्यवहार और संपूर्ण व्यक्तित्व को आकार देती है। जिस विद्यार्थी को अपनी पढ़ाई से प्रेम और लगन होती है, वही जीवन में आगे बढ़कर समाज के लिए प्रेरणा बनता है। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में एक विशेष प्रेरणात्मक कार्यक्रम में सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा।

'भारतीय संविधान विश्व के सर्वाधिक समग्र व शक्तिशाली संविधानों में से एक'

बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में संविधान दिवस (26 नवम्बर) के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी के अध्यक्षता में राजनीतिशास्त्र विभाग, यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने भारतीय संविधान की महत्ता, इसकी मूल भावना तथा नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सर्वाधिक समग्र एवं शक्तिशाली संविधानों में से एक है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों को व्यवहार में उतारने तथा मौलिक कर्तव्यों को पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक विरासत को सम्मान व गौरव के साथ अभिव्यक्त किया साथ ही साथ संविधान पर कुछ प्रश्न छात्र छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सुविचार

जिस तरह नाखून बढ़ जाने पर हम नाखून को काटते हैं उंगलियों को नहीं उसी तरह दूरियां बढ़ जाने पर दूरियाँ को मिटाना चाहिए रिश्तों को नहीं। - अज्ञात

इमरान खान पर सस्पेंस

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। अफगानिस्तान के एक मीडिया हाउस ने यह खबर प्रसारित कर सनसनी फैला दी है कि इमरान खान की जेल में हत्या कर दी गई है। हालांकि इस खबर की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। क्योंकि पाकिस्तान सरकार ने इस मामले में रहस्यमय चुप्पी साध रखी है। न तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इस खबर पर कोई प्रतिक्रिया दी है और न ही आर्मी चीफ जो इन दिनों पाकिस्तान के सुपर पीएम बने हुए है उन असीम मुनीर ने भी इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। नतीजतन पाकिस्तान में इमरान खान को लेकर सस्पेंस पैदा हो गया है और उनकी पार्टी के पीटीआई के हजारों कार्यकर्ता रावलपिंडी की अड़ीयाला जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले तीन सप्ताह से इमरान खान के वकील और परिजनों को जेल में उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। जबकि कोर्ट के आदेश के मुताबिक इमरान खान से सप्ताह में एक बार उनके वकील और परिजन मिल सकते हैं। किन्तु पिछले 22 दिनों से न तो उनका वकील उनसे मिल पा रहा है ना ही उनकी बहनों को इमरान खान से मिलने दिया जा रहा है। इससे भी इमरान खान के समर्थकों को यह आशंका सता रही है कि जेल में इमरान खान या तो बुरी तरह अस्वस्थ्य है या तो उनकी मौत हो गई है। गौरतलब है कि इमरान खान पिछले 28 माह से जेल में बंद है और इस दौरान पूर्व में उनके साथ बदसलूकी की भी खबर सामने आई थी। हाल ही में जेल में उनके बुरी तरह से अस्वस्थ होने की जानकारी मिली थी। तभी से इमरान खान के परिजन पाकिस्तान सरकार पर यह आरोप लगा रहे हैं कि इमरान खान को जेल में पर्याप्त भोजन नहीं दिया जा रहा है और उन्हें धीमा जहर देकर उनकी हत्या करने की कोशीश की जा रही है। अफगानिस्तान मीडिया की खबर के बाद पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थकों का गुस्सा फूटने लगा है और रावलपिंडी में हजारों की संख्या में पीटीआई के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे है। इस बीच पाकिस्तान की सरकार ने अडियाला जेल की सुरक्षा और कड़ी कर दी है। पाकिस्तान के खैबरपख्तुनवा प्रांत में इमरान खान की पार्टी पीटीआई की राज्य सरकार है और वहां भी लाखों लोग इमरान खान को लेकर पैदा हुए सस्पेंस से आक्रोशित हो गए है। हैरत की बात है कि पाकिस्तान की सरकार इमरान खान के बारे में कोई भी जानकारी क्यों नहीं दे रही हैं? इधर आर्मी चीफ असीम मुनीर ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इसे लेकर भी यह संदेह गहरा रहा है कि इमरान खान के साथ जेल में कोई अनहोनी हो सकती है। वैसे यदि ऐसा कुछ होता भी है तो यह पाकिस्तान के लिए कोई नई बात नहीं होगी। पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि वहां पूर्व प्रधानमंत्रियों को या तो देश से निकाला जाता है या फांसी पर लटकाया जाता है या फिर उनकी हत्या करा दी जाती है। बहरहाल देखना होगा कि इमरान खान के साथ क्या हुआ है?

छग की बेटी ने बढ़ाया देश का गौरव

खेल की दुनिया में भारत की बेटियां देश का गौरव बढ़ा रही है। पहले टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय शेरनियों ने दक्षिण अफ्रिका को पराजित कर पहली बार वर्ल्डकप जीत कर नया कीर्तिमान रचा था। उसके बाद दृष्टिहीन महिला वर्ल्ड कप में भी भारत की बेटियों ने विश्वकप जीतकर एक और स्वर्णिम उपलब्धि अपने नाम की थी। इसके बाद अब सीनियर एशियन महिला कबड्डी चैंपियन टीम ने फाइनल मैच जीत कर देश का मान बढ़ा दिया है। भारतीय महिला कबड्डी टीम में शामिल छत्तीसगढ़ की बेटी संजू देवी यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और उन्हें कबड्डी टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। संजू देवी यादव ने छत्तीसगढ़ का मान देश और दुनिया में बढ़ाया है इसके लिए उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार ने सम्मानित किया है। अब उन्हें सरकार सरकारी नौकरी भी दे ताकि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधर सके। दुर्ग जिले की निवासी संजू देवी यादव के माता पिता दिहाड़ी मजदूरी करते है। भारी अभावों के बीच रहकर भी उन्होंने जो उपलब्धि हासिल की है उसे देखते हुए राज्य सरकार को उन्हें और आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। इस बाबत् दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे संजू देवी यादव को सरकारी नौकरी देने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि सांसद विजय बघेल खुद अपने छात्र जीवन में कबड्डी के खिलाड़ी रह चुके है इसलिए उनसे यह उम्मीद की जानी चाहिए कि वे संजू देवी यादव को शासकीय नौकरी दिलाने के साथ ही उनके खेल को और आगे बढ़ाने के लिए भी कारगर पहल जरूर करेंगे। आज छत्तीसगढ़ के खेल-युवा कल्याण व उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संजू देवी को अपने कार्यलय में बुलाकर सम्मान भी किया

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ स्वस्थिति से परिचय हो गया है अब परस्थिति की चिंता क्यों करें?

❖ प्रकृति तुम्हें अधिकार नहीं दी दुखी होने का और तुम दुखी हो गए? मौज करिए, मौज में रहिए और मस्त रहिए और परिस्थिति के लिए बस यही सोचिए आई है तो जायेगी भी।

❖ तो हर फिक्र को मुस्कुराहटों में उड़ा दो, जो होगा सर्वोत्कृष्ट होगा क्योंकि सद्गुरू जो करते हैं सर्वोत्कृष्ट ही करते हैं।

❖ तुम जिस तरह भगवान को भजोगे, भगवान भी तुम्हें उसी तरह भजेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 28 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं निम्न प्रकार है। 1520-फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की। 1660-लंदन में द रॉयल सोसायटी का गठन हुआ। 1676-बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुडुचेरी पर फ़्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया। 1814-द टाइम्स ऑफलंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया। 1821-पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की। 1890-भारत के महान् विचारक, समाज सेवी तथा क्रान्तिकारी ज्योतिबा फुले का निधन। 1893-न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया। 1912-इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।

शंघाई में अरुणाचल प्रदेश की महिला से बदसलूकी

नीरज मनजीत

फेइहोंग ने कहा कि दोनों देशों का आपसी सहयोग जारी रहेगा और यह मुद्दा किसी भी तरह की बाधा नहीं पैदा करेगा। चीन के राजदूत के इस सदाशय बयान के बावजूद यह भी सच है कि चीन अपनी आक्रामक विदेश नीति के तहत अक़सर पड़ोसियों पर दबाव बनाने की अवांछित चेष्टा करता रहता है। पिछले साल मार्च में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलकर उन्हें मंदारिन (चीनी भाषा) में रख दिए थे। अरुणाचल प्रदेश को भी चीन ने चीनी भाषा में 'जंगनान' का नाम दिया हुआ है। उस वक़्त अमेरिकी प्रवक्ता और भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर सहित अनेक राजनयिकों ने चीन के दावे को बेतुका बताते हुए पुरज़ोर विरोध किया था। दरअसल मार्च में प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के प्रवास के दौरान वहाँ कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी और 825 करोड़ रुपए से निर्मित डबल ट्यूब 'सेला टनल' का उद्घाटन भी किया था। यह टनल असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ती है।

चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी अधिकारियों ने अरुणाचल प्रदेश की एक प्रवासी भारतीय महिला प्रेमा वांगजोम थोंगडोक से बहुत ही ओछी हरकत की है। प्रेमा फ़िलहाल इंग्लैंड में रह रही है और वह 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थी। शंघाई से उसे कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी। जब वह शंघाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रांजिट वीसा के लिए लाइन में खड़ी थी, तो एक चीनी महिला अधिकारी ने उसे लाइन से अलग कर लिया। प्रेमा पर इल्ज़ाम लगाया गया कि उसका भारतीय पासपोर्ट अवैध है। दरअसल पासपोर्ट में उसे अरुणाचल प्रदेश की नागरिक बताया गया था। चीनी अधिकारी बड़ा ही अजीब तर्क दे रहे थे कि अरुणाचल प्रदेश भारत का नहीं चीन का एक हिस्सा है। प्रेमा ने उन्हें अपने तरीक़े से समझाने की बहुत कोशिश की, पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसकी कोई बात नहीं सुनी और उसे नाजायज़ तौर पर 18 घंटे तक रोककर रखा गया। इस बीच उसकी फ्लाइट भी छूट गई।

प्रेमा ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए बताया कि चीनी अधिकारियों का बर्ताव अच्छा नहीं था और वे बार-बार उस पर हँस रहे थे, उसका मजाक उड़ाते हुए कह रहे थे कि अरुणाचल तो चीन का अंग है। प्रेमा ने बताया कि उड्डयन नियमों के ख़िलाफ़ उसे खाने पीने से भी महरूम रखा गया और कहा गया कि वह चीनी पासपोर्ट बनवा ले। न्यूज एजेंसी के जरिए प्रेमा ने गुस्से का इज़हार करते हुए कहा कि चीनी अधिकारियों पर सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए और इस मामले की शिकायत संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोरम में की जानी चाहिए।

आख़िर परेशानहाल प्रेमा ने अपने एक ब्रिटिश मित्र के जरिए बीजिंग में भारतीय दूतावास को सारा हाल सुनाकर मदद की गुहार लगाई। उसकी शिकायत के एक घंटे के भीतर भारतीय अधिकारी एयरपोर्ट पहुँच गए। उन्होंने चीनी अधिकारियों से बात करके फ़ौरन उसे छुड़ाया, उसके खाने-पीने का इंतजाम किया और उसे जापान की फ्लाइट पर चढ़ाया। सच कहा जाए तो यह मामला बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है। इसलिए कि भारत की संप्रभुता पर संजीदा सवाल खड़ा किया गया है। फ़िलहाल इसे शंघाई एयरपोर्ट पर तैनात उड्डयन अधिकारियों की नादानी माना जा रहा है। मगर सवाल यह भी है कि क्या इसमें चीनी सरकार की शरारत की बू तो नहीं आ रही है? यह अंदेशा इसलिए भी पैदा हो रहा है, क्योंकि इसके पहले प्रेमा कई बार इसी पासपोर्ट पर चीन के रास्ते जापान जा चुकी है और उसे कभी नहीं रोका गया।

भारत ने इस मामले में चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने

प्रेस कांफ्रेंस में कहा है कि हमने अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय नागरिक को मनमाने ढंग से हिरासत में लेने के संबंध में चीन के विदेश मंत्रालय के बयान को देखा है। उन्होंने दृढ़ शब्दों में कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है तथा यह एक स्वतःसिद्ध तथ्य है। चीनी पक्ष का किसी भी तरह का इंकार इस निर्विवाद वास्तविकता को बदल नहीं सकता है।

जायसवाल ने कहा कि भारतीय नागरिक की हिरासत का मुद्दा चीनी पक्ष के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया गया है, मगर चीनी अधिकारी अभी तक इस मामले में कोई तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दे पाए हैं। यह अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को नियंत्रित करनेवाली कई संधियों का खुला उल्लंघन है। चीनी अधिकारियों की नाजायज़ कार्रवाई उनके अपने नियमों का भी उल्लंघन करती है, जो सभी देशों के नागरिकों को 24 घंटे तक वीजा-मुक्त आवागमन की अनुमति देते हैं।

इधर चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहा कि ÷जंगनान चीन का क्षेत्र है। चीन ने कभी भी भारत में अरुणाचल प्रदेश को नहीं माना है। इस मामले में हमारे मुताबिक पूरी प्रक्रिया कानून के अनुसार हुई है और किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं हुआ है।÷ ज़ाहिर है कि चीनी प्रवक्ता की यह सफाई बिल्कुल लचर है और पूरी सच्चाई को बयां नहीं करती। यह नामुराद विवाद ऐसे वक़्त में आया है, जब भारत और चीन के बीच रिश्ते काफी हद तक सुधर चुके हैं। पिछले एक वर्ष में भारत चीन की तनातनी और तल्ख़ी काफी कम हुई है। दोनों देश डोकलाम के फेस ऑफ और गलवान घाटी की झड़प को भुलाकर रिश्तों को सामान्य बनाने की चेष्टा कर रहे हैं। सरहदों पर आमने-सामने तैनात सेनाएँ भी पुरानी स्थिति में लौट चुकी हैं। रिश्ते सुधारने की शुरुआत पिछले साल ही हो चुकी थी, जब रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग की बहुप्रतीक्षित और अहम वार्ता हुई थी। मोदी और जिनपिंग जिस गर्मजोशी से एक-दूसरे से मिले थे, उसकी पॉजिटिव एनर्जी दूर से भी देखी जा सकती थी।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग ने शांति और रिश्तों की स्थिरता के लिए आपसी भरोसे, परस्पर आदर और संवेदनशीलता बरतने पर ज़ोर दिया था। इसके बाद बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में भी मोदी-जिनपिंग-पुतिन के बीच बहुत ही सौहार्दपूर्ण भेंट-मुलाकात और वार्ता हुई थी। इस मामले को तूल पकड़ता देख भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने मंगलवार को एक बयान देकर कड़वाहट कम करने की कोशिश की कि ÷भारत-चीन सीमा विवाद एक अत्यंत जटिल मुद्दा है और इसका समाधान होने में अभी काफी वक़्त लगेगा। दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधिओं के बीच सीमाओं को लेकर वार्ता जारी है और सरहदों पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए वे लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच मौजूद ये जटिल मुद्दे और विशिष्ट मतभेद भारत चीन के आपसी रिश्तों को परिभाषित नहीं करते हैं।

पाक में इमरान की हत्या की साजिश हकीकत या अफसाना

संजीव ठाकुर

दिवालिया और कंगाल होते जा रहे पाकिस्तान में इन दिनों एक भयावह अफ़वाह तेज़ी से फैल रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में हत्या कर दी गई है और इस अफ़वाह ने पूरे देश में भूचाल ला दिया है। इमरान खान की बहनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें मुलाक़ात का अधिकार नहीं दिया जा रहा है और पुलिस ने जेल के बाहर उनके साथ बदसलूकी की, जिसके बाद यह अफवाह और तेज़ी से फैल गई। सोशल-मीडिया पर कई पोस्टों में दावा किया गया कि इमरान खान को मार दिया गया है, जबकि स्वतंत्र रिपोर्टें अब तक इन अफवाहों की पुष्टि नहीं कर पाई हैं, परंतु उनकी स्थिति को लेकर गंभीर चिंता और संदेह पूरे पाकिस्तान में फैल चुका है।

दूसरी तरफविपक्ष लगातार शाहबाज शरीफके इस्तीफे की मांग कर रहा है, जनता गुस्से में है, महिलाएँ उनके विवादित बयानों से आहत हैं, और पाकिस्तान की जनता अब भूख और भय के दो पाटों के बीच पिस रही है। यदि हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले समय में आईएमएफ -विश्व बैंक- और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट में डाल सकती हैं और वह नाममात्र राष्ट्र के अस्तित्व से भी बाहर हो सकता है। यह भयावह स्थिति दर्शाती है कि पाकिस्तान न केवल आर्थिक रूप से दिवालिया है, बल्कि राजनीतिक-सामाजिक-नैतिक रूप से भी ढह चुका है और इमरान खान को लेकर फैली हत्या-अफ़वाह इस ढहते राष्ट्र की बेचैनी, अविश्वास और अंधकारमय भविष्य का प्रतीक है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अफ़वाहों और आरोपों की लहर पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता संघर्ष की गहराई को और उजागर करती है, क्योंकि सेना और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ इमरान खान का टकराव अब खुला और तीखा रूप ले चुका है। इस समय पाकिस्तान खुद आर्थिक बर्बादी के ऐसे गर्त में खड़ा है जहाँ से उबरने की कोई सुस्पष्ट आशा दिखाई नहीं देती। पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज का पहाड़ टूट चुका है और उसकी आर्थिक धमनियाँ लगभग सूख चुकी हैं। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था लगातार नीचे की ओर जा रही है, क्योंकि इंटरनेशनल मोनेटरी फंड ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक तबाही का मूल कारण भ्रष्टाचार और व्यवस्था की विफलता है, और यदि पाकिस्तान प्रशासनिक सुधार नहीं करता तो उनके सकल घरेलू उत्पाद में 6.5त्न तक की भारी गिरावट का खतरा है।

महंगाई ने जनता का जीवन नर्क बना दिया है, आटा 300 रुपये किलो से ऊपर, चीनी 400 रुपये किलो से ऊपर और सब्जियों-फल-दवा-बीज-बिजली सभी में आग लगी है, जबकि पाकिस्तान के ख़ज़ाने में सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। पाकिस्तान की जनता रोज़मर्रा की वस्तुओं के लिए घंटों लाइन में खड़ी होकर भी जीवन-यापन के लिए संघर्ष कर रही है और देश की मुद्रा रुपये की कीमत गिरते-गिरते ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर पर पहुँच चुकी है, वहीं इंटरनेशनल मोनेटरी फंड की मदद भी महज़ अस्थायी ऑक्सीजन मात्र साबित हुई है। सेना पर अत्यधिक निर्भरता और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण शासन व्यवस्था पूरी तरह

लकवाग्रस्त हो चुकी है, लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास हो चुका है और इमरान खान से टकराव के बाद विपक्ष और आवाम दोनों ही सड़कों पर उतर आए हैं। यह स्थिति पाकिस्तान की राजनीतिक नेतृत्वहीनता को उजागर करती है, क्योंकि न वहाँ कोई ऐसा मंत्री है जो दूरदर्शिता रखता हो और न कोई ऐसी योजना है जो जनता को राहत दे सके। कर्ज का कर्ज चुकाने के लिए पाकिस्तान फिर नए कर्ज लेने को मजबूर है, इंटरनेशनल मोनेटरी फंड यूएई और अमेरिका और विश्व बैंक से मिलने वाला सहायता-पैकेज भी देश की अर्थव्यवस्था में स्थायी सुधार का उपाय नहीं बन पा रहा है। चीन पाकिस्तान को महज़ अपना कर्ज-गुलाम समझता है और उसका चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट भी अब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बोझ के रूप में साबित हो रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के सत्ताधारियों द्वारा भारत की ओर नफरत और युद्ध-बयानों को हवा देना केवल जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने की हताशा-पूर्ण राजनीतिक चाल भर है, क्योंकि जिस देश की हालत यह है कि बिजली उत्पादन ठप, उद्योग बंद, उत्पादन तछ्क्र जमीन पर, गरीबी चरम पर, और आतंकवाद के एफएटीएफकी ग्रे-लिस्ट में नाम शामिल है, वह भारत जैसी स्थिर, शक्तिशाली और प्रगतिशील अर्थव्यवस्था को चुनौती दे, यह वास्तविकता नहीं बल्कि मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह है।

इसी बौखलाहट का परिणाम था कि पाकिस्तान ने अपनी खुफिया एजेंसी और आतंकी तत्वों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में ड्रोन हमला जैसे कायरतापूर्ण प्रयास किए, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की कथनी और करनी में इतना अंतर है कि आतंकवाद उसके अस्तित्व का स्थायी सहारा बन चुका है। इमरान खान जिन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर कभी पाकिस्तान को एक पहचान दिलाई थी, वही आज अपने राजनीतिक करियर की सबसे काली सुरंग में फँस चुके हैं और सत्ता की लालच और अपरिपक्व नेतृत्व के कारण उन्होंने पाकिस्तान को दो वर्षों में ही ऐसे गर्त में धकेला जहाँ से वापसी लगभग असंभव दिखती है अब इमरान खान का कैरियर और जिंदगी अंतिम सांस ले रही है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्यों सबा ये आज तूफानी लगे

क्यों सबा ये आज तूफ़ानी लगे। धूप चुभती साँस बेगानी लगे। जो न पत्थर ज़ेहन को दहला सकी, वो सदा आवाम बेमानी लगे। ज्यों ही अंदर झाँक कर देखूँ तो मैं, रूह मेरी मुझको दीवानी लगे। आँखें बरसीं फिर भी वो भीगा नहीं, उसको सोतों से बहा पानी लगे। जीने का जिसको हुनर आया नहीं जीस्त उसको 'हरि' महज़ फ़ानी लगे।

हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'

पीछे मुड़ कर देखना सफ़र से पहले

पीछे मुड़ कर देखना सफ़र से पहले होता है बेहद ज़रूरी, दिख जाते हैं तरह तरह के नयन-कुछ नीर भरे कुछ नीर ढूँढते, कुछ हँसते कुछ हँसी छुपाते, कुछ इंतज़ार करते कुछ ख़ैर मनाते, और कुछ जाने वाले के साथ ही पत्थर हो जाते एक बार पीछे मुड़ कर देखना सफ़र से पहले होता है बेहद ज़रूरी।

शुचि 'भवि'

पत्नी बोली सुन अभी, जीवन

पत्नी बोली सुन अभी, जीवन प्राणाधार। मयको को जाना हमें,वाहन करो तयार।। वाहन करो तयार, ढंग से गाड़ी धोना। छिड़को खुशबूदार, इत्र महकाओ कोना। देख रहा था ख्वाब, सुनहरा आंखे खोली। सोया गहरी नींद, जगाकर पत्नी बोली। **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

अब छोड़ जगत के सपने, खुद

अब छोड़ जगत के सपने, खुद ही में राह बना, कहीं न जा अंतर्मन की खोज करे अब, प्रभु से नेह लगा, कहीं न जा ..बीत गया सो रीत रहा क्यूँ, मन से गर्द हटा, कहीं न जा मत व्याकुल कर खुद को अब, खुद ही खुद का हो जा, कहीं न जा जब आन पड़े विपदा तब ही, औरों से छुप ही जा, कहीं न जा।

मधुलिका शुक्ला

वफाओ का हमारी सिला

वफाओ का हमारी सिला,ये ही मिला। मिला जो भी हमको बेवफा, ही मिला। ना शिकवा कोई न शिकायत किसी से। ना हमको किसी से भी कोई गिला। **डॉ. सविता वर्मा ग़ज़ल**

समझ बैठे थे जिसको प्यार

समझ बैठे थे जिसको प्यार है बस किया महसूस इक अधिकार है बस गुलों का टूट कर शाख़ों से गिरना यहाँ पर क़िस्सा-ए-अख़बार है बस भरोसा कैसे हम कर लें किसी का यहाँ हर शख़्स जब लाचार है बस परिंदों में मची जो खलबली है। किसी ख़तरे का ये आसार है बस जुदा होकर भी दीं जिसने दुआएँ। मुहब्बत का वही हक़दार है बस हमारे रुख़ में तल्ख़ी जो अयाँ है। ये दिल खुद से ज़रा बेज़ार है बस भला सुलझेंगे क्या हालात रूपम हर इक मुद्दा ही जब तक़रार है बस। **नीरूपमा चतुर्वेदी**

मेरा हुआ सो हो गया, मेरी

मेरा हुआ सो हो गया, मेरी तरह कोई नहीं कोई नहीं,, अपने सदन में अतिथि हूं मैं हूं विदेशी देश में, दर्द खुद साक्षात हो जैसे आदमी के वेश में, वो फसल मैंने काटी जो कभी बोई नहीं, मेरा हुआ सो हो गया, मेरी तरह कोई नहीं कोई नहीं,, ओढ़े फिरा हूं मैं धरा ढ़ोते फिरा हूं आकाश को, सांस थम कर यू चली जैसे पंक्षी चले प्रवास को, आँखें ह्रदय को वो मिली जो उम्र भर सोई नहीं,, मेरा हुआ सो हो गया, मेरी तरह कोई नहीं कोई नहीं। **ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष-आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनके साथी से रिश्ते बेहतर रहेंगे। दोनों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी होगी।

वृष-आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। व्यापार में भी आपकी कोई अच्छी डील फाइनल होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी।

मिथुन-आज आप अपनी प्रतिभा दिखाकर कार्यक्षेत्र में लोगों को हैरान करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपकी कला में भी निखार आएगा।

कर्क-आज आपके मन में उलझनें रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा।

सिंह-आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। नौकरीपेशा जातकों को अच्छे कामों से प्रोत्साहन मिलेगा।

कन्या-आज का दिन आपके लिए समझदारी से काम करने के लिए रहेगा, इसलिए आपको पार्टनरशिप थोड़ा देखकर करनी होगी।

तुला-आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आप अपने इनकम को बढ़ाने की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे। कोई धन से संबंधित मामला आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है।

वृश्चिक-आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

धनु-आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर उत्साहित रहेंगे। प्रेम संबंधों की नई शुरुआत होगी।

मकर-आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। यदि कोई पुरानी बीमारी फिर से आपको समस्या दे रही थी, तो उसमें आपको सुधार लाने की कोशिश करनी होगी।

कुंभ-आज का दिन आपके लिए सामाजिक कामों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। प्रेम संबंधों में यदि कटुता चल रही थी।

मीन-आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी और आप एक दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे। गभाग्य का दृष्टिकोण आप पर बना रहेगा।

QUIZ TIME

1) महाराजा नारा सिंह हवाई अड्डा कहाँ स्थित है?

2) भारत का पहला जीआई-टैग अंजीर जूस किस देश को निर्यात किया गया?

3) हाल ही में खबरों में रहा पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?

4) हाल ही में खबरों में रहा पर्ल स्पॉट (एंट्रोप्लस सुरटेन्सिस) क्या है?

5) कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में भाग लेने वाला भारत का सबसे कम उम्र का एथलीट कौन बन गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) इंफाल (2) पोलैंड (3) असम (4) मछली (5) अनाहत सिंह

पहेली

शब्द सामर्थ्य -241

प्रदेश में मौसम शुष्क, उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर की चेतावनी, तेजी से गिरेगा पारा

- बंगाल की खाड़ी में चक्रवात सेनयार के उठने की संभावना
- अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज
- रात के समय न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट

रायपुर/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी में गहराते मौसमीय तंत्र के चक्रवात 'सेनयार' का रूप लेने की प्रबल संभावना बन गई है। मलक्का जलडमरूमध्य और दक्षिण अंडमान समुद्र के ऊपर निर्मित निम्न दाब क्षेत्र गत दिनों में तीव्र होकर अब चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है।

वैज्ञानिकों के अनुसार यह तंत्र समुद्र में आगे और प्रबल हो सकता है। समुद्र में यह तेज़ी से सक्रिय हो रहा है, किंतु छत्तीसगढ़ पर इसका कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रदेश का मौसम पूर्णतः शुष्क रहेगा, आकाश साफ रहेगा और वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

रात का पारा नीचे, दिन का तापमान सामान्य से कम

बीते 24 घंटों में राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री दर्ज हुआ। दुर्ग प्रदेश का सबसे उष्ण स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री रहा। वहीं अंबिकापुर में सर्दी का असर सर्वाधिक दिखा और रात का पारा 8.5 डिग्री तक उतर गया। बिलासपुर, पेंड्रारोड और जगदलपुर में भी अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा। प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में बारिश नहीं हुई।

शीत लहर की आशंका, तापमान में और गिरावट

मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि समुद्र में सक्रिय तंत्र के कारण उत्तरी भारत से बहने वाली ठंडी हवाएं तेज हो सकती हैं। इसका अप्रत्यक्ष असर प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट के रूप में दिखाई देगा। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी संभावित है। विभाग ने उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक-दो क्षेत्रों में 26 से 28 नवंबर तक शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है।

रायपुर का पूर्वानुमान

26 नवंबर को रायपुर में आकाश पूर्णतः साफरहेगा। अधिकतम तापमान 30 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हवा की औसत गति सामान्य रहेगी और दिन भर शुष्कता बनी रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शांत और शुष्क बना हुआ है। प्रदेश में फिलहाल किसी प्रकार के वर्षा या तेज हवा के प्रकोप की संभावना नहीं है, परंतु ठिठुरन बढ़ेगी और रातें और ठंडी होंगी।

हसदेव अरण्य के 1,742 हेक्टेयर वनभूमि अडानी को सौंप रही है, 5 लाख से ज्यादा पेड़ों की होगी कटाई

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़ को अडानीगढ़ बनाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सरकार के अडानी परस्त नीतियों से हसदेव अरण्य के घने जंगलों पर संकट उत्पन्न हो गया है। मोदी के मित्र अडानी के मुनाफे के लिए सरगुजा रेंज के केते एक्सटेंशन के खुदाई का गौतम अडानी को देने के लिए इस सरकार ने अनुमति दी है। अब रामगढ़ की पहाड़ियां, प्राचीन नाट्यशाला, सीता गुफा, जानकी रसोई, प्रभु श्री राम के वन गमन पथ की पुण्य स्मृतियों को अडानी के आर्थिक लाभ के लिए संकट में डाला जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केते एक्सटेंशन ओपन कास्ट कोल माइनिंग और पिट हेड कोल वॉशरी परियोजना के लिए 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि को गैर-वन उपयोग में बदलने की सिफारिश कर दी है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव अब केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पास भेजा गया है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही 5 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई का रास्ता साफ हो जाएगा। यह वही इलाका है जिसे सेंट्रल इंडिया का ÷लंग्स ज़ोन÷ कहा जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि हसदेव अरण्य का यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची का भाग है, जहां नए खदान स्थापित करने का लगातार विरोध स्थानीय आदिवासियों के द्वारा किया जा रहा है। यह सरकार आदिवासियों के अधिकारों को कुचल रही है। हरैया, फत्तेहपुर, साल्ही, हर्राई सहित कई गांवों के आदिवासी समुदाय लगातार आंदोलित हैं, अति महत्वपूर्ण जैव विविधता संपन्न क्षेत्र में खनन से जंगल, जल स्रोत और उनकी परंपरागत आजीविका पर गहरा असर होगा। हाथियों और अन्य वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट होगा और बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ जाएगा, इस मुद्दे पर महीनों से आंदोलन चल रहा है, कई ग्राम सभाओं ने लेकिन इस सरकार में किसी की सुनवाई नहीं है।

मंत्रियों पर से जनता का भरोसा उठ गया इसलिए विभागीय सचिव प्रेस कांफ्रेस कर रहे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। विभागीय सचिवों के द्वारा अपने विभाग की रिपोर्ट कार्ड मीडिया को देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार विश्वास के संकट के दौर से गुजर रही है, मंत्रियों और भाजपा नेताओं के प्रति जनता का भरोसा उठ चुका है। इसलिए सरकार दो साल के कामों को मंत्रियों के द्वारा सामने रखने के बजाए विभागीय सचिवों के माध्यम से बता रही है। मंत्रियों को पता है कि उनके द्वारा पिछले दो साल में कोई काम किया ही नहीं है। उनके पास बताने के लिए कुछ है ही नहीं इसीलिए वे झूठ परोसने की जवाबदारी विभागीय सचिवों को दी गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया, जमीन की गाईडलाईन में छूट खत्म किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

मुख्यमंत्री ने महिला कबड्डी विश्व कप की स्टार खिलाड़ी संजू देवी को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। महिला कबड्डी विश्व कप की स्टार खिलाड़ी छत्तीसगढ़ निवासी संजू देवी ने विगत दिवस मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करने पर संजू देवी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ÷आपने महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की है। आपको देखकर प्रदेश की बेटियाँ खेल जगत में और अधिक उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगी। यह उपलब्धि निस्संदेह आने वाली पीढ़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने में प्रेरक साबित होगी।÷मुलाकात के दौरान संजू देवी ने भी अपनी जीवन यात्रा, संघर्ष, और खेल से जुड़े अनुभव मुख्यमंत्री श्री साय के साथ साझा किए।

उल्लेखनीय है कि महिला कबड्डी विश्व कप की स्टार खिलाड़ी संजू देवी कोरबा जिले के ग्राम केराकछार की निवासी हैं। उन्हें महिला कबड्डी विश्व कप में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब भी प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 17 नवंबर से 24 नवंबर के मध्य बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आयोजित किया गया था।

मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री शशिकांत बघेल, कोषाध्यक्ष श्री सेवा राम साहू, पूर्व कोच श्री अनुज प्रताप सिंह, वर्तमान कोच श्री दिल कुमार राठौर सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

महात्मा गांधी नरेगा की राज्य स्तरीय सशक्त समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की राज्य स्तरीय सशक्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में योजना के तहत वर्ष 2022-23 से अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान, महात्मा गांधी नरेगा के साथ अभिशरण अंतर्गत कार्यों की समीक्षा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य की पहल सहित महात्मा गांधी नरेगा से संबंधित विभिन्न विभागों में किए जा रहे कार्य आदि की समीक्षा की गई।

महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कुल 39 लाख 82 हजार, 2023-24 में 38 लाख 56 हजार, 2024-25 में 38 लाख 44 हजार तथा 2025-26 में 39 लाख 30 हजार जाब कार्ड प्रदान किए गए। इसी तरह से वर्ष 2022-23 में रोजगार प्रदाय परिवारों की संख्या 25 लाख 74 हजार, 2023-24 में 24 लाख 77 हजार, 2024-25 में 25 लाख 61 हजार और 2025-26 में अब तक 16 लाख 6 हजार परिवारों को रोजगार प्रदाय किया गया। बैठक में बताया गया कि 100 दिवस का रोजगार प्राप्त परिवारों में वर्ष 2022-23 में 3 लाख 25 हजार 582, वर्ष 2023-24 में 3 लाख 22 हजार 936, वर्ष 2024-25 में 3 लाख 13 हजार 40 और वर्ष 2025-26 में अब तक 42 हजार 685 हितग्राहियों को रोजगार दिया गया। बैठक में बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 11 लाख 47 हजार 907 पौधे रोपित किए गए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन प्रदाय किए जा रहे है। इसके लिए मोर गांव, मोर पानी महाअभियान से लोगों को जोड़ा जा रहा है। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। योजना के अंतर्गत 56 हजार 112 प्रतिभागियों का उन्नमुखीकरण किया गया हैं। बैठक में बताया गया कि जल संचय, जल भागीदारी संबंधित कार्य हेतु राज्य के विभिन्न जिलों में 11 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए गए है। इस अभियान के अंतर्गत करीब 34 हजार 421 कार्यों को लिया गया है। जिसमें क्षेत्रीय हितग्राहियों को रोजगार प्रदान किया गया है।

बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, पीसीसीएफ श्रीनिवास राव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, विधि विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सुषमा सावंत, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

रुमेटोलॉजिक रोगों को समझना सभी के लिए एक सरल मार्गदर्शिका : डॉ. जूही दीक्षित

रायपुर/नवप्रदेश। रुमेटोलॉजिकल रोग क्या हैं? रुमेटोलॉजिकल रोग ऐसी स्थितियाँ हैं जो न केवल जोड़ों को, बल्कि यकृत, गुर्दे, फेफड़े और हृदय जैसे आंतरिक अंगों को भी प्रभावित कर सकती हैं। ये आपकी त्वचा और आँखों को भी प्रभावित कर सकते हैं। इनके सामान्य लक्षणों में जोड़ों में दर्द और सूजन, सुबह 30 मिनट से ज़्यादा समय तक रहने वाली अकड़न, पीठ या गर्दन में दर्द, लंबे समय तक बुखार रहना, अत्यधिक थकान या कमजोरी, त्वचा पर चकत्ते, मुँह के छाले, बालों का झड़ना, आँखों में लालिमा या दर्द, सूखी आँखें या मुँह का सूखना, त्वचा का कड़ा या सख्त होना, ठंड में उंगलियाँ नीली पड़ जाना, और मांसपेशियों में कमज़ोरी शामिल हैं। अलग-अलग बीमारियों में इन लक्षणों के अलग-अलग संयोजन होते हैं।

ये बीमारियाँ किसे हो सकती हैं? कोई भी इससे प्रभावित हो सकता है - पुरुष, महिलाएँ, युवा, वृद्ध और यहाँ तक कि बच्चे भी। हालाँकि कई गठिया रोग महिलाओं में ज़्यादा आम हैं, लेकिन पुरुष भी इन्हें झेल सकते हैं। एक आम मिथक यह है कि ये समस्याएँ केवल बुढ़ापे में ही होती हैं। यह सच नहीं है। ज़्यादातर मरीज़ 15-50 साल की उम्र की युवा महिलाएँ होती हैं। बच्चे भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों में इस स्थिति को जुवेनाइल इडियोपैथिक आर्थराइटिस कहा जाता है। अगर आपको ये लक्षण दिखाई दें तो आपको क्या करना चाहिए? अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो बेहतर होगा कि आप जल्द से जल्द किसी रुमेटोलॉजिस्ट से सलाह लें। जल्दी इलाज कराने से बेहतर आराम मिलता है और दीर्घकालिक जटिलताओं से बचाव होता है।

स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ की व्यापक तैयारी के लिए पंहुचें प्रदेश पदाधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि टीम ने 27 नवम्बर को स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ के व्यापक तैयारी हेतु कैट के प्रदेश चेयरमेन श्री विक्रम सिंहदेव, नेतृत्व में राजनांदगांव के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में कैट कार्यकारी अध्यक्ष श्री शंकर बजाज एवं कैट के प्रदेश समन्वयक श्री अवनीत सिंह, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र खटवानी, राजनांदगावं इकाई प्रभारी श्री मोहम्मद अली हिरानी आदि ने कैट स्वदेशी जागरण मंच, राजनांदगांव, मुंगेली, कवर्धा एवं बेमेतरा के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। श्री पारवानी एवं श्री पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा के रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया किया जायेगा।

शिविर | श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन हेतु शिविर—आधार, बैंक खाता व आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील

श्रमिकों के लिए दिसंबर माह में 9 ग्राम पंचायतों में निःशुल्क मोबाइल कैंप शिविर आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित करने हेतु खैरागढ़ जिले में दिसंबर माह में निःशुल्क मोबाइल कैंप शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में निर्माण कार्य एवं अन्य स्थापनाओं पर कार्यरत श्रमिक अपने पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजना आवेदन की प्रक्रिया निःशुल्क करा सकेंगे। विभाग ने श्रमिकों से अपील की है कि वे शिविर में आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, जैसे—अपना व परिवार का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, राशन कार्ड तथा मोबाइल ओटीपी हेतु आवश्यक मोबाइल सहित उपस्थित हों।

दिसंबर माह में जिले के दोनों विकासखंडों—खैरागढ़ एवं छुईखदान में अलग-अलग तिथियों पर कुल 09 ग्राम पंचायतों में ये शिविर आयोजित होंगे।

विकासखंड खैरागढ़ में 04 दिसंबर को ग्राम पंचायत गातापार कला, 11 दिसंबर को घोंघेडबरी, 19 दिसंबर को देवरी तथा 26 दिसंबर को प्रकाशपुर में शिविर लगेंगे।

इसी प्रकार विकासखंड छुईखदान में 02 दिसंबर को जगमडवा, 09 दिसंबर को झुरानदी, 16 दिसंबर को पैलीमेटा, 23 दिसंबर को जीराटोला तथा 30 दिसंबर को जंगलपुर में श्रमिकों के लिए निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाएंगे।

लगातार बढ़ रहा है पत्रकारों के खिलाफ अपराध, छत्तीसगढ़ में भाजपा का जंगलराज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के एक वरिष्ठ पत्रकार हरिमोहन तिवारी और उनकी पत्नी पर हुए जानलेवा हमले की निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा के जंगलराज में कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पत्रकार परिवार घातक हमले का शिकार हुआ, शिकायत भी हुई, पत्रकारों के संगठनों ने भी राजधानी रायपुर के पुलिस कप्तान से मिलकर कठोर कार्यवाही की मांग की, लेकिन पुलिस प्रशासन अब तक मूकदर्शक बना हुआ है। सत्ता के संरक्षण में गुंडे बदमाशों का मनोबल बढ़ा हुआ है, गुंडा राज कायम हो गया है, प्रशासन का रवैया पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावों की पोल खोलता है। यह कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में अपराधियों के बढ़ते आतंक का स्पष्ट संकेत है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों का जीवन खतरे में पड़ा है, फिर भी सरकारी तंत्र निष्क्रिय बना हुआ है। जब पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो सरकार की जिम्मेदारी की सारी दुहाई खोखले नारों से ज्यादा कुछ नहीं।

खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने फोर्टिफाइड चावल के फायदे से लोगों को जागरूक करने के दिए निर्देश

■ शर्मा ने बैठक लेकर राशन के भण्डारण एवं वितरण पर निगाह रखने दिया जोर

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा (राज्य मंत्री दर्जा) ने खाद्य महिला एवं बाल विकास आदिवासी विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियो की बैठक लेकर जिले में संचालित खाद्य संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य सामग्री भण्डारण एवं अन्य आवश्यक जानकारी का प्रदर्शन सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से करते हुए सभी दुकानों में विभागीय कॉल सेंटर नंबर खाद्यान्न के सैंपल प्रदर्शित करने के भी निर्देशित किया। साथ ही फोर्टिफाइड चावल का वितरण सुनिश्चित करते हुए इसके लाभ से उपभोक्ताओं को अवगत कराने व उन्हें जागरूक करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह निर्धारित समय पर राशन सामग्री के भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सही मात्रा में गोदाम से दुकान तक भंडारण हो इसके लिए दुकान संचालक को रैंडम बोरा तौल करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज अपरान्ह 03 बजे आयोजित समीक्षा बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि निरीक्षण के दौरान पीडीएस सेंटरों में कई तरह की कमियां पाई

गई, जिन्हें दूर करने खाद्य अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करें। इन सेंटरों में पारदर्शिता का अभाव भी दिखा। उन्होंने बीपीएल एवं एपीएल परिवारों को प्राप्त आबंटन के अनुसार ही राशन वितरित करने की बात कही। अर्थात बीपीएल परिवारों को फोर्टिफाइड चावल का वितरण अनिवार्यतः किया जाए। साथ ही सही ढंग से खाद्य सामग्री वितरित नहीं करने वाले व अनियमितता बरतने वाले संचालकां के विरूद्ध नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही करने हेतु खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। इसी तरह भानुप्रतापपुर में नगर के चार पीडीएस सेंटरों में केवल 58 प्रतिशत राशन के वितरण पर नाराजगी जाहिर करते हुए दो दिनों के भीतर 28 नवंबर तक इन चारों दुकानों में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कर आयोग को अवगत कराने के निर्देश जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को दिए। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आम नागरिकों को सुविधाजनक ढंग से तथा पारदर्शिता के साथ राशन वितरण करना शासन की पहली प्राथमिकता है अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा पीडीएस सेंटर से चावल लेकर अन्य दुकानों में रिसाइक्लिंग करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया।

इसके अलावा उन्होंने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए आश्रम छात्रावासों में भी तैयार होने वाले भोजन के रूप में फोर्टिफाइड चावल का उपयोग करने अथवा चावल से माड़ अलग करने के बजाय कुकर से पकाने की बात कही, ताकि उसमें व्याप्त प्रोटीन विटामिन एवं अन्य पोषक तत्व बच्चो को मिल सके। इसके अलावा प्रतिदिन बनने वाली सब्जियों का मेनू को पृथक से प्रदर्शित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भोजन स्वादिष्ट होने के बजाय पोषणयुक्त हो यह ज्यादा आवश्यक है। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को गर्म भोजन के रूप में फोर्टिफाइड चावल पकाकर खिलाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग के तहत परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। बैठक में आयोग के सदस्य सचिव राजीव जायसवाल ने भी जिले में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट पोषण पर जोर देते हुए प्रत्येक गतिविधि से आयोग को अवगत कराने की बात संबंधित अधिकारियों से कही। बैठक में एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

इसके पहले अध्यक्ष श्री शर्मा ने जिले के कांकेर एवं नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पीडीएस सेंटर, आश्रम छात्रावास एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास नरहरपुर में भोजन तैयार करने के लिए माप तौल उपकरण उपयोग करने के निर्देश छात्रावास अधीक्षक को दिए। साथ ही चावल को पकाने के समुचित विधि के बारे में जानकारी दी गई और शिकायत के लिए कॉल सेंटर प्रदर्शित करने के लिए कहा गया। इसी तरह आयोग के अध्यक्ष ने कांकेर के अन्नपूर्णापारा, कंकालीनपारा, ग्राम नंदनमारा के अलावा नरहरपुर के ग्राम कोचवाही, रिसेवाड़ा का दौरा कर पीडीएस सेंटर, स्व-सहायता समूह और स्कूल में मध्यान्ह भोजन के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

प्रैक्टिकसिंग स्कूल में संविधान दिवस पर बच्चो ने बनाई स्पेशल असेंबली

कांकेर/नवप्रदेश। संविधान दिवस को लेकर शीतलापारा के शासकीय प्रैक्टिकसिंग माध्यमिक स्कूल में 26 नवंबर को संविधान दिवस को बड़े जोश और देशभक्ति की भावना के साथ गर्व से मनाया।इस खास दिन पर एक स्पेशल असेंबली रखी गई थी।स्कूल के प्राचार्य पी के विश्वास एवं पुनम सिंह व्याख्याता के भाषण के ज़रिए भारतीय संविधान के महत्व और डॉ.बी.आर. अंबेडकर के योगदान पर ज़ोर दिया गया।इस सेलिब्रेशन का एक खास आकर्षण हमारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम था जिसे पूरे स्कूल ने गाया।वंदे मातरम की गूंज ने माहौल को देश के प्रति गर्व और सम्मान से भर दिया। सभी ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली जिसमें न्याय स्वतंत्रता समानता और भाईचारे के मूल्यों को बनाए रखने का वादा किया गया। देश पर आधारित क्विज़ भी रखा गया।इस कार्यक्रम से युवाओं में संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब बनी गंभीर समस्या

अंतागढ़/नवप्रदेश। नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिसके कारण नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। बीते कुछ दिनों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसमें खासतौर पर तहसील कार्यालय के एक कर्मचारी तथा एक मासूम बच्चे को काटने की पुष्टि हुई है। दोनों घायलों का उपचार अंतागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं भानुप्रतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय कुत्तों का झुंड सड़कों पर सक्रिय रहता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ़्तर जाने वाले कर्मचारी तथा रोज़मर्रा के काम से बाहर निकलने वाले लोग दहशत में रहते हैं। आसपास के मोहल्लों में यह चर्चा भी तेज है कि प्रशासन द्वारा अब तक न तो कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही की गई है और न ही टीकाकरण या नियंत्रण अभियान शुरू किया गया है, जिसके कारण समस्या और गंभीर होती जा रही है। नागरिकों ने नगर पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग से तत्काल समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अंतागढ़ के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द कदम उठाएगा और बढ़ते कुत्ता काटने के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाएगा।

सहकारी संघ के अध्यक्ष ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

■ किसानों की समस्याओं से अवगत हुए

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य और जिला वनोपज संहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई नरहरपुर विकास खण्ड के ग्राम कुरना स्थित धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी प्रारंभ नही होनें और किसानों द्वारा बैठक किये जाने की सूचना मिलने पर तत्काल धान उर्पाजन केन्द्र पहुंचे तथा धान खरीदी व्यवस्था के विषय मे किसानों एवं लेंम्प्स समिति के कर्मचारियों से बातचीत की। बताया गया कि पूर्व में संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंधक के बीच धान खरीदी को लेकर ताल मेलं नही बैठने के कारण धान खरीदी केन्द्रों में प्रभारी नियुक्त नही हो सका था। जिसके कारण धान खरीदी में विलंब हो रहा था। जिससें किसान प्रभावित हो रहे थे । और उनमें आक्रोश व्याप्त था। इसलिंए क्षेत्र के समस्त किसानों ने बैठक आयोजित कर समस्या के निराकरण के लिए चर्चा कर रहे थे। जिसे नितिन पोटाई की उपस्थिति में ताल मेल बनाकर

धान खरीदी शुरू करने की पहल की गई।

वहां उपस्थित किसानों ने बताया कि समिति द्वारा समय पर धान खरीदी हेतु टोकन नही दिया जा रहा है। जिस पर कर्मचारियों से बात करने पर तकनीकी त्रुटि बताई गयी तथा शीघ्र से दूर करने की बात कही गयी। किसानों ने खाद गोदाम के शेड के टूटे फूटे होने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर श्री पोटाई ने धान खरीदी स्थल का निरीक्षण किया तथा धान खरीदी की तैयारी में जुटे मजदूरों से भी बातचीत की। बातचीत के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि अब शासन द्वारा धान का उठाव 72 घंटे में होने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। जिससे अब किसानों के खरीदे गये धान में सुखत आने से समिति को नुकसान की संभावना है जिस विषय को लेकर प्रदेश के प्रबंधक एवं समिति कर्मचारी हड़ताल पर थे लेकिन शासन की ओर से इस दिशा में कोई जवाब नही दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि बैंक द्वारा समिति को ब्याज अनुदान के रूप में दी जाने वाली राशि बहुत लंबे अंतराल के बाद दिया जाता है जबकि समिति द्वारा जीरों प्रतिशत ब्याज की दर से किसानो को ऋण प्रदान किया जाता है, जिससे समिति को ब्याज की राशि को भरना पड़ता है। उन्होने आगे बताया कि जिले के.सहकारी समितियों में समय से खाद नही पहुंच पाता है जिससे किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। यदि खाद के लिये रेक पॉइंट भानुप्रतापपुर में होता तो इसका लाभ कांकेर जिले के किसानों को मिलता।श्री पोटाई ने उन सभी समस्याओं को उच्च अधिकारियों से चर्चा करनें एवं विपणन संघ की बैठक में उठाए जाने का आश्वसन दिया। उन्होंने किसानों से कहा कि लेंम्प्स समिति हम सब किसानों की संस्था है। इसलिए यदि समिति नुकसान में होगा तो इसका असर हमारे कृषक भाईयों को भी पड़ेगा। इसलिए जब किसान भाई धान बेचने के लिए समिति में अपने धान को लाये तो उसे अच्छी तरह सुखाकर लाये ताकि सभी किसानों के धान को समितियों के द्वारा खरीदी की जा सके।

इस अवसर पर लेंम्प्स अध्यक्ष संजय जुर्री, संस्था प्रबंधक रोशन सिन्हा, कांग्रेस नेता नीलू कलिहारी, उमेश साहू, डोमेश साहू, अमृत लाल मौर्य, ढेकुना के सरपंच कंचन लता सलाम कुरना सरपंच छबिला कुंजाम, राजेश्वर साहू नारंतक जैन सुरेन्द्र कुंजाम सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

भूख से बिलखते भालू ने तोड़ा किराना दुकान का दरवाजा

■ बगल वाले की दीवाल भी तोड़ा भालू

■ गुड़ एवं अन्य सामान खा गया

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर शहर के भीतर जंगली जानवरों की आमद कोई नई बात नहीं है। पहले जंगली जानवर शहर पहुंचकर घरों के फेके हुए खाना खाकर वापस जंगल की ओर चले जाते थे। लेकिन जंगल में खाने की चीज़ें नहीं मिलने से जंगली जानवर भूख से हिंसक रूप अपनाते नज़र आ रहे हैं।

वन विभाग की लापरवाही कहे कि लाखो करोड़ों के जामवंत योजना महज कागजों में सिमट चुकी है। जिसके चलते जंगल के भालू तेंदुआ बंदर शहर की ओर मात्र अपनी भूख मिटाने पहुंचते है। विडम्बना ही कहे वन विभाग में जंगल के अंदर तालाब फलदार पेड़ पौधे लगाने के नाम लाखो करोड़ों की योजनाएं महज़ दिखावा साबित होती दिख रही है!

भालू का एक हिंसक रूप का मामला सामने आया है। बता दें कि मुख्यालय से सटे ग्राम सिदेसर में रात को महेश जैन ने अपनी किराने की दुकान रोज़ाना की तरह बंद करके घर चले गए। आधी रात को महेश जैन की किराने की

दुकान का दरवाजा तोड़कर भालू दुकान के अंदर घुसकर दुकान में रखे शक्कर गुड को खा गया।इस दौरान दुकान में रखे तेल टिम खुला नहीं होने के कारण तेल को नुकसान नहीं पहुंचाया। लेकिन दुकान के दरवाजे को बुरी तरह क्षति ग्रस्त कर दिया गया।इसके अलावा दुकान में रखी अन्य चीजों को नुकसान पहुंचाया है।महेश जैन की दुकान से सटे महेंद्र जैन का घर लगा हुआ है।भालू किराना दुकान से महेंद्र जैन के दिवाल को तोड़कर घर की बाड़ी के रास्ते भागने की जानकारी ग्रामीणों ने बताई।

कलेक्टर ने उच्च न्यायालय से जुड़े केस को जल्द निपटाएं दिए कड़े निर्देश

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री पोर्टल, जन शिकायतों तथा सरगुजा प्राधिकरण के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक की शुरुआत एसडीएम, बीईओ और जनपद सीईओ खड़गवां को उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों के प्राथमिकता से त्वरित निराकरण के निर्देश देकर की।

कलेक्टर ने सभी विभागों को बड़े कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र संचालनालय भेजने के निर्देश दिए। जनकपुर शहरी क्षेत्र के प्रस्तावों, पशुधन विभाग के बकरी पालन, मत्स्य विभाग के केज कल्चर विस्तार, नागपुर उप-तहसील प्रस्ताव तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के किराये के भवन की जगह नए भवन हेतु प्रस्ताव भेजने पर बल दिया गया। आगामी बजट में नए कार्य जोड़ने हेतु पीडब्ल्यूडी, कृषि, पशुपालन, मत्स्य आदि विभागों को विधायकों के माध्यम से प्रस्ताव सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। डीएमएफ बजट, ई-कार्यालय प्रणाली, सड़क निर्माण और आंगनवाड़ी से संबंधित कार्यों की भी व्यापक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, जनपद और महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय के साथ वजन त्योहार को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा।

पैराडाइज़ स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन उर्जामय और सफल रहा

■ अतिथियों की उपस्थिति में खेल प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का शुभारंभ

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस आज अत्यंत उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ. श्री लक्ष्मीचंद लालवानी, श्री शिव सिंग भदोरिया एवं श्री सुरेशचन्द्र श्रीवास्ताव के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलकूद का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला, अपने

प्रेरणादायक संबोधन में खिलाड़ियों के आत्मविश्वास एवं प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन कर खिलाड़ियों को आगामी राउंड्स के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में ग्रीन हाउस के एरोबिक्स प्रदर्शन के साथ विभिन्न खेलों के सेकंड राउंड की शुरूआत की गई, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रतिस्पर्धा और खेलभावना का परिचय दिया। जिसमें जूनियर एवं सिनियर गर्ल्स एवं बॉयस रिले रेस, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, जूनियर एवं जूनियर गर्ल्स खो-खो, उँची कूद, सिनियर बॉयस कबड्डी, सिनियर गर्ल्स बास्केबॉल सब जूनियर ग्रुप बॉयस खो-खो, जूनियर ग्रुप बॉयस कबड्डी, स्किप रोप, शॉर्ट पुट, ठग ऑफ वॉर, जूनियर एवं सिनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर, खेल हुये जिसे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिये। इनडोर गेम्स में कैरम, चैस आदि खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्पोर्ट्स विभाग एवं खेल शिक्षक, अवतार सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, पार्थ ज्योति कलिता, रामेश्वरी साहू, यमुना बिलोधिया, के मार्गदर्शन में सभी गतिविधियों सुव्यवस्थित तरीके से संचालित की गई।

बंद बीएसपी चिकित्सालय अंतागढ़ को तत्काल प्रारंभ करने की मांग

अंतागढ़/नवप्रदेश। रावघाट लोह अयस्क खदान बीएसपी द्वारा प्रारंभ करने के पूर्व क्षेत्र की आम जनता से बड़े-बड़े वादे किए गए थे। शिक्षा, स्वास्थ्य ,सड़क, बिजली ,पानी, रोजगार मुहैया कराने की बात की गई थी।

इस दौरान अंतागढ़ में एक चिकित्सालय खोला गया था। ना तो बीएसपी द्वारा शिक्षा ,स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी ,रोजगार हेतु कोई उल्लेखनीय कार्य किया गया। और जब से यह चिकित्सालय खुला है तब से बंद है। शिवसेना नेताओं द्वारा अनुवीभागिय अधिकारी(राजस्व) अंतागढ़ को ज्ञापन सौंप कर इस बंद बी एस पी चिकित्सालय अंतागढ़ को तत्काल प्रारंभ करने की मांग किया गया अन्यथा शिवसेना द्वारा क्षेत्र की जनता को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा ।

मुख्यधारा में लौटे माओवादियों का किया गया मुल्ला कैंप में स्क्रीनिंग टेस्ट

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी.डॉ.आर.सी.ठाकुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गैर संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएफ कैम्प मुल्ला में 62 माओवादी जो शासन की मुख्यधारा में लौटे हैं, की स्क्रीनिंग कर मधुमेह, बीपी, दांत परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, फिजियोथेरेपी, ऑखों की जांच की गई। साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से जिले को प्रदत्त फंड्स कैमरा से रेटिनोपैथी आंखों की जांच आधुनिकतम मशीन के द्वारा की गई व त्वरित उपचार किया गया। ऐसे मरीज जिनको उच्च रक्तचाप व मधुमेह है उनको दवाई वितरण कर जीवन शैली में परिवर्तन करने हेतु सुझाव व एनसीडी कार्ड दिया गया। इनमें से एक का मौके पर तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया गया।

प्रथम पेज का शेष

एसआईआर: छग 12 राज्यों में..

25 नवंबर को जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार गणना पत्रक वितरण और डिजिटाइलजेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश के राज्य 12 राज्यों में कराई जा रही एसआईआर की डिजिटाइज्ड प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ 10वें स्थान पर है।

50 करोड़ 97 लाख मतदाताओं की हो रही एसआईआर

चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 12 राज्यों के 50 करोड़ 97 लाख 84 हजार 423 वोटर्स में से 50 करोड़ 54 लाख 82 हजार 771 मतदाताओं को गणना पत्रक बांटे जा चुके हैं। इनमें से चार करोड़ 28 करोड़ 71 लाख 68 हजार 921 मतदाताओं की गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है जो कुल मतदाता संख्या का 56.34 प्रतिशत है। सभी 12 राज्यों में गणना पत्रक वितरण का प्रतिशत 99.16 है।

ब्रम्होस मिसाइल खरीदने...

जनवरी में हुई शिखर वार्ता में ब्रह्मोस मिसाइल निर्यात शीर्ष मुद्दों में शामिल था। प्रबोवो इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। बैठक में प्रबोवो ने भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रगति की सराहना की और भारतीय विशेषज्ञता के साथ इंडोनेशिया में घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ाने में रुचि जताई। दोनों देशों ने संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की मदद से रक्षा उद्योग में साझेदारी गहरी करने पर सहमति व्यक्त की। भारत ने इंडोनेशिया के चल रहे रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में तकनीकी और औद्योगिक सहयोग उपलब्ध कराने का वादा किया है।

प्रदूषण पर सीजेआई...

कोर्ट ने कहा कि हवा की समस्या का समाधान केवल बोलने से नहीं बल्कि ठोस कदमों से हल होगी। वकील ने कहा कि,त्तद्ध तय करने का काम एक्सपर्ट कमेटी करती है। इस पर सीजेआई ने जवाब दिया कि वे यह भी देखेंगे कि सरकार ने एक्सपर्ट कमेटी बना रखी है या नहीं? साथ ही इस बात पर भी चर्चा की जाएगी कि इसके लिए क्या समाधान निकाले जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण मामले पर सोमवार को एक बार फिर चर्चा की जाएगी। इस दौरान ये भी देखा जाएगा कि हवा को साफ करने के लिए सरकार और एजेंसियां क्या कदम उठा सकती हैं? उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण एक बहुत अहम मुद्दा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जजों के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि वे आज ही हवा साफ कर दें। हमें जानना है कि इसकी असली वजह क्या है? इसकी कई वजह हैं। समाधान भी एक्सपर्ट्स ही बता सकते हैं। उम्मीद है कि सरकार ने प्रदूषण को लेकर कुछ अहम कदम उठाए होंगे।

आईईडी ब्लास्ट...

बलों ने माओवादियों के बड़े मंसूबे को नाकाम कर दिया था। स्टील टिफिन में छुपा लगभग 10 किलो आईईडी बरामद कर जवानों ने मौके पर सुरक्षित रूप से नष्ट किया था। भैरमगढ़ थाना और बीडीएस टीम सर्चिंग पर थी, तभी इलेक्ट्रिक तार दिखने पर यह सफलता मिली थी।

दंतेवाड़ा में भी नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

पिछले महीने भी 6 अक्टूबर को दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों की बड़ी साजिश को जवानो ने नाकाम कर दिया था। जवानो ने 5 ्यत्र का प्रेशर कुकर बम बरामद कर फैल कर दी है। दरअसल, सातधार-मालेवाही मार्ग पर नक्सलियों ने जवानो को नुकसान पहुँचाने के मंसूबे से आईईडी बम प्लांट कर रखा था। सीआरपीएफ195 बटालियन, बारसूर और मालेवाही थाने के जवानो ने आईईडी बम बरामद कर मौके पर ही नेस्तनाबूद कर दिया। बता दें कि, सितंबर महीने इसी इलाके में नक्सलियों की आईईडी की चपेट में आकर दो सीआरपीएफ के जवान घायल भी हो चुके हैं।

■ न्यूज गैलरी

भिलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार की रात्रि सांसद विजय बघेल के पुत्र सौरभ के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने भिलाई पहुंचे। मुख्यमंत्री साय ने सांसद बघेल के परिजनों से भेंट कर वर-वधु सौरभ व पल्लवी को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिये आशीर्वाद दिये। इस दौरान खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, अनसूचित जाति विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पिछड़ा एवं अन्य वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक ललित चन्द्राकर मौजूद थे।

संपत्ति की गलत स्व-विवरणी भरने पर 5 गुना पेनाल्टी

भिलाई। नगर निगम भिलाई ने भवन और भूमि स्वामियों को संपत्तिकर की सही जानकारी भरने कहा है। गलत स्व-विवरणी दाखिल करने पर 5 गुना पेनाल्टी लगाई जाएगी। पेनाल्टी माफ करने का अधिकार आयुक्त के पास भी नहीं होगा। निगम ने बताया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान 30 नवम्बर 2025 तक करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। संपत्ति स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी विवरणी में दर्ज करें। क्षेत्रफल कम दिखाने पर या निरीक्षण में गड़बड़ी मिलने पर अंतर की राशि के पांच गुना के बराबर पेनाल्टी लगेगी।

अभिनेता स्व. धर्मेन्द्र को गीतों भरी श्रद्धांजलि देंगे शहर के कलाकार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग और दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड में 28 नवम्बर को शाम 7 बजे मशहूर अभिनेता धर्मेन्द्र को शहर के कलाकार श्रद्धांजलि देंगे। मंच के प्रधान संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा व सचिव तुलसी सोनी बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के कलाकार अभिनेता धर्मेन्द्र पर फिल्माए गीत गाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने स्व. धर्मेन्द्र को समर्पित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के गायक कलाकारों से उपस्थिति की अपील की है।

निधन

भिलाई। श्रीमती भारती देवी चोपड़ा धर्मपत्नी रमेश चोपड़ा उम्र 62 वर्ष का कल रात्रि हो गया। आज उनकी अंतिम यात्रा में जैन समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए आज उनका अंतिम संस्कार हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया आप नितिन,विपिन चोपड़ा की माता श्री तथा राजेश अशोक संतोष की भाभी थी

बीएलओ पर हमले के बाद पुलिस अलर्ट : थाना प्रभारी करेंगे पेट्रोलिंग

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक में जिलेभर के बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने पुलिस को दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मंगलवार को खुर्सीपार में बीएलओ पर हमले के बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त बैठक में बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने विस्तृत योजना तैयार की है। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी थाना प्रभारी के मोबाईल नंबर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए हैं।

महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मतदान केंद्र क्षेत्रों में विशेष निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ाई जा रही है। बीएलओ को पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सूचना दी जा सके और तत्काल कानूनी कार्रवाई की जा सके। जिला कार्यालय दुर्ग में आयोजित बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 65 भिलाई नगर योगिता देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हितेश पिस्दा और शिक्षक फेडरेशन के जिला पदाधिकारी कृष्ण कुमार वर्मा, चेतन सिंह परिहार, उत्तम ठाकुर व सतीश चंद्राकर उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 25 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के बूथ क्रमांक 117 में कार्यरत बीएलओ रूपेश जोशी पर आरोपी जावेद हुसैन ने शराब के नशे में हमला कर दिया। यह हमला राष्ट्रीय महत्व के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला पाया गया। हमले के बाद प्रशासन और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

घटना की जानकारी मिलते ही सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने घायल बीएलओ को तत्काल सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया, बाद में उनका उपचार जिला अस्पताल दुर्ग में किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने अस्पताल पहुंचकर रूपेश जोशी से मुलाकात की और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पुलिस को सभी क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग करने आदेश दिए। बीएलओ रूपेश की स्वास्थ्य स्थिति अब सामान्य है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल बीएलओ कार्य से मुक्त किया गया और उनके स्थान पर अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई। जिले में समस्त बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश पुलिस को दिये गए हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। फेडरेशन ने आश्वस्त किया कि सभी शिक्षक एसआईआर जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी बीएलओ और निर्वाचन कार्य में लगे शिक्षकों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें और किसी भी बहकावे में न आएं।

बीएसपी के बार एवं रॉड मिल ने बनाया रिकार्ड नॉन-स्टैंडर्ड टीएमटी बार उत्पादन में बड़ी उपलब्धि

समयसीमा के अंदर एल एंड टी को आपूर्ति कर स्थापित किया महत्वपूर्ण माइलस्टोन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के बार एवं रॉड मिल बीआरएम ने उत्पादन लक्ष्यों के साथ-साथ नए उत्पादों के संवर्धन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। बीआरएम को एल एंड टी से एक चुनौतीपूर्ण प्रतिष्ठित ऑर्डर मिला, जिसमें 16 मिमी प्रोफाइल में 7 मीटर, 7.5 मीटर 9 मीटर और 11 मीटर लंबाई के नॉन स्टैंडर्ड टीएमटी बार रोल कर आपूर्ति करना था। यह उत्पाद सेल की किसी भी इकाई द्वारा पूर्व में कभी रोल नहीं किया गया। बीआरएम की दक्ष व प्रतिबद्ध टीम ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए रिकॉर्ड समय में इस विशेष उत्पाद का सफल उत्पादन किया और निर्धारित समयसीमा के अंदर एल एंड टी को आपूर्ति कर एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन स्थापित किया। इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार और शीर्ष प्रबंधन ने बीआरएम बिरादरी को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि मिल की यह ऊर्जावान टीम भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ कठिनतम लक्ष्यों को प्राप्त कर नए मानक स्थापित करती रहेगी। विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक बीआरएम योगेश शास्त्री ने इस उपलब्धि को मिल की सामूहिक मेहनत, समर्पण और टीम भावना का परिणाम बताते हुए संपूर्ण मिल बिरादरी को बधाई दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एसएन त्रिपाठी महाप्रबंधक, विद्युत आशीष महाप्रबंधक प्रचालन शाश्वत मोहंती महाप्रबंधक प्रचालन समीर पांडे और महाप्रबंधक यांत्रिकी शिखर तिवारी ने भी बीआरएम टीम को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी है।

बीएसपी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

सेल-बीएसपी में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। वर्क्स क्षेत्र में आयोजित पहल का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार ने किया। सभी मुख्य महाप्रबंधकगण और सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग एसईडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। अभियान का आयोजन एमआरडी चौक से बोरिया गेट रोड तक सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक किया गया। एक घंटे चले कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने सड़क पर चल रहे कर्मचारियों और वाहन चालकों को संयंत्र परिसर में सुरक्षित वाहन संचालन हेतु आवश्यक नियमों की जानकारी दी। प्रमुख रूप से दोपहिया व एलएमवी वाहनों की निर्धारित गति सीमा, रक्षात्मक ड्राइविंग, लेन अनुशासन, आईएसआई मार्क हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया गया। अभियान के दौरान पीए सिस्टम के माध्यम से लगातार सुरक्षा संदेश प्रसारित किए गए। कर्मचारियों से संयंत्र परिसर में सावधानी, अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ वाहन संचालन करने की अपील की गई।

जामुल में शुरू होंगे ढाई करोड़ के विकास कार्य

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल में दो करोड़ पचास लाख रुपये के विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। शासन से अनुमोदन मिलने के बाद पीआईसी की बैठक में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग ढाई करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत किये गए हैं। पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाली निर्माण 34.35 लाख, शेड निर्माण 24.79 लाख, सीसी रोड निर्माण 55.19 लाख, पेवर ब्लॉक 9.87 लाख और शौचालयो के उन्नयन हेतु 49.15 लाख, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण 20.15 लाख, बोर खनन एक लाख की स्वीकृति पीआईसी द्वारा प्रदान की गई। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि परिषद के सभी सदस्यों की मांग के अनुरूप सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जामुल में विकास कार्य शीघ्र शुरू होंगे। पीआईसी की बैठक में मुख्य नपा अधिकारी सीमा बक्शी, विधि एवं सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, लोनि खम्भन ठाकुर, जल कार्य रामदुलार साहू, राजस्व कविता बिश्वाल, स्वास्थ्य शांति टण्डन, खाद्य चुम्मन वर्मा, शिक्षा एवं महिला बाल विकास अधिकारी सीमा यादव, उप अभियंता सचिन भागवत, मुख्य सचिव एवं लेखापाल मौजूद थे।

गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेल दिवस का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। गुरुनानक इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 56 वां वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी कोच विनोद नायर और सिख पंचायत दुर्ग- भिलाई के चेयरमैन जसबीर सिंह चहल ने किया। इससे पहले सरदार निर्मल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में

आकर्षक मार्च पास्ट और पीटी प्रदर्शन किया गया। दौड़, रिले रेस और रस्साकशी की प्रतियोगिताएं हुई। मुख्य अतिथि, प्राचार्य व अन्य समिति सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्रदान किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ब्लू हाउस (फतेह सिंह) को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गुरनाम सिंह महासचिव, सिख पंचायत, बलदेव सिंह, कुलदीप सिंह, हरपाल सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, बलविंदर सिंह, सौदागर सिंह महासचिव, एस जसबीर सिंह व एस रंजीत सिंह संयुक्त सचिव, एस. तेजपाल सिंह और एस अमरजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय रहने प्रेरित करने वाले एक संक्षिप्त समारोह किया गया।

विशेष ट्रेंच तकनीक से हरियाली में बदली ग्राम लिटिया की बंजर जमीन

दुर्ग/नवप्रदेश। विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत लिटिया में वर्षों से पड़ी बंजर भूमि अब हरी-भरी हरियाली में तब्दील हो चुकी है। यह परिवर्तन मनरेगा के तहत अपनाई गई विशेष ट्रेंच वृक्षारोपण तकनीक के कारण संभव हुई है। इसके कारण गांव की सूखी और अनुपयोगी जमीन को नया स्वरूप प्रदान किया है। ग्राम सभा के प्रस्ताव के अनुसार लगभग 2 हेक्टेयर

क्षेत्र में 1400 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें नीम, आँवला और बादाम के पौधे शामिल हैं। पहले यह भूमि असमान सतह, मिट्टी कटाव, वर्षा जल के तेज बहाव और अवैध कब्जे की संभावना के कारण अनुपयोगी बनी थी और साधारण रोपण में पौधे जीवित नहीं रह पाते थे। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेंच विधि अपनाई गई, जिसमें प्रत्येक पौधे के पास गहरी और चौड़ी खाई बनाकर वर्षा जल को रोकने, मिट्टी की नमी बनाए रखने और जड़ों को मजबूती देने का प्रबंध किया गया। इस तकनीक से जमीन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। पौधों की जड़ें गहराई तक विकसित हुईं। गर्मी के मौसम में भी सुरक्षित रह सके। भूमि कटाव पर पूरी तरह रोक लगी और भू-जल स्तर में वृद्धि का सकारात्मक प्रभाव देखा गया। ग्राम पंचायत की सरपंच पांचो बाई बंजारे और सचिव मिथलेश यादव के नेतृत्व में पौधों की नियमित निगरानी, सिंचाई, खाद और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त पचास हजार रुपये की राशि से पंपलाइन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। मनरेगा मजदूरों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों ने सामुदायिक स्वरूप दिया।

घर-घर जाकर बकायेदारों से वसूला टैक्स

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम की टीम लगातार टैक्स वसूली अभियान जारी रखते हुए वार्डों का भ्रमण कर रही है। निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने राजस्व विभाग को सख्ती से टैक्स वसूलने के निर्देश दिए हैं। गत दिवस निगम की राजस्व टीम कई वार्डों में पहुंची और बकाया राशि न जमा करने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की।

अभियान के अंतर्गत उप-राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा व उनकी टीम ने बकायेदारों को नोटिस दिया। वार्ड 32 में पुष्पा देवी पति उम्मेद चंद जैन ने 41,517 की राशि चेक के माध्यम से जमा की। वार्ड 34 में नल कनेक्शन काटने की नोटिस के बाद सुंदर फगुवा ने बकाया टैक्स 10,480 रुपए नगद जमा किया। इसी वार्ड में प्रहलाद साहू ने 18,337 की राशि नगद जमा की। राजस्व विभाग ने कहा है कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर नल कनेक्शन बिना किसी अतिरिक्त सूचना के काट दिये जाएंगे। निगम प्रशासन ने बकायेदारों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर अपने बकाया टैक्स की राशि का भुगतान करें। ताकि, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और शहर के विकास कार्यों में बाधा भी न आए।

नई शिक्षा नीति में रटने की बजाय समझने पर जोर

■ **दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल चरोदा भिलाई में हुआ शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन**

चरौदा/नवप्रदेश। डाईट दुर्ग (अछोटी) के विशेष सहयोग से नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल चरोदा में किया गया। संगोष्ठी में शिक्षाविद डॉ. पीडी शर्मा डॉयरेक्टर, पीसी मरकले प्राचार्य डाईट, शिशिरकला भट्टाचार्य, शिशिर प्रकाश प्राचार्य, सत्येंद्र शर्मा, डॉ. सुनीला शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सुनीला शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति

भविष्य का खाका है। शिक्षा नीति में रटने के बजाय समझने पर जोर दिया गया है। सौंदर्या राव ने बताया कि 3 से 8 वर्ष तक के बच्चे के लिए नई शिक्षा नीति निर्णायक है। उन्होंने पंचकोश विकास पर जोर दिया। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शिशिर प्रकाश ने कहा कि हमें बच्चों के स्तर पर जाकर सिखाना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देती है। डाईट दुर्ग से शिशिरकला भट्टाचार्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति वर्किंग एंड लर्निंग पर जोर देती है। डाईट प्राचार्य पीसी मरकले ने बताया कि नई शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया है। बच्चों के अंतर्निहित प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। डायरेक्टर डॉ. पीडी शर्मा ने स्वयं के ज्ञान का बेहतर उपयोग करते हुए उचित वातावरण बनाकर बच्चों को समस्या का समाधान करने और चुनौतियों का सामना करने तैयार करने पर जोर दिया। शिक्षक संगोष्ठी का संचालन हेमंत मढ़रिया व ललित बिजौरा ने किया। आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापन सुनील मिश्रा ने प्रस्तुत किया। शिक्षक संगोष्ठी में नवीन सिंह, कृष्ण कुमार धुरंधर, रामकुमार वर्मा, ललित कुमार बिजौरा, परस राम साहू सहित शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

दुर्ग में हाईवा ने महिला को रौंदा, मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। राजनांदगांव निवासी गिरजा बाई देवांगन (58 साल) अपने पति के साथ विवाह समारोह में शामिल होने जा रही थी। उतई-पउवारा रोड पर बोरीगारका मोड़ के पास हाईवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक में पीछे बैठी महिला गिर पड़ी और हाइवा के पहिए के नीचे आ गई। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। पुलिस ने हाइवा ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतिका के पति भागवत प्रसाद देवांगन ने पुलिस को बताया कि वे बाइक से विवाह कार्यक्रम के लिए बोरीडीह स्थित साहू पैलेस जा रहे थे। पउवारा रोड पर बोरीगारका मोड़ के पास पीछे से आ रहे हाईवा वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे हाईवा के पिछले पहिए की चपेट में आ गईं। मौके पर ही मौत हो गई।

कल सामान्य सभा

दुर्ग। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 28 नवम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। बैठक में आदिवासी विकास विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, धान खरीदी व अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

नेक पहल.... तेलुगु समाज फाउंडेशन डे के कार्यक्रम में शामिल हुए समाजसेवी इंद्रजीत सिंह

जुनवानी वार्ड एक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष व बीरा सिंह मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जाना। उन्होंने सभी मरीजों के स्वास्थ्य का हाल पूछा। उपचार व्यवस्था व आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए हरसंभव सहयोग व सहायता देने का आश्वासन दिया। सर्व समाज कल्याण समिति एवं बीरा सिंह मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के संयुक्त तत्वधान में वार्ड-1, जुनवानी भिलाई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में

बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष व बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू ने लोगों का कुशलक्षेम जाना और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

विवाह के लिये ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन ने दी सहयोग राशि

भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन लगातार किया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के निर्देश पर एसोसिएशन के वाहन चालक वार्ड 1 जुनवानी नेहरू नगर निवासी सहजाद खान की बहन और जोन 3 खुर्सीपार निवासी वाहन चालक भुवनेश्वर सिंह की पुत्री के विवाह के लिये प्रत्येक को 25,000 रुपए की नगद सहयोग राशि प्रदान की गई। परिवारों को शुभकामनाएँ दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह, कोषाध्यक्ष जोगा राव, मनोज अग्रवाल, शहनवाज़ कुरैशी, सोम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

तेलुगु समाज फाउंडेशन डे मनाया गया

भिलाई तेलुगु समाज व शीशा संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, केम्प-1 आंबेडकर नगर, भिलाई का फाउंडेशन डे मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने समाज द्वारा महिलाओं को स्वावलम्बी और सक्षम बनाने के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने समिति के कल्याण के लिये हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिये भिलाई तेलुगु समाज के अध्यक्ष बी. जोगा राव, महासचिव वाई भास्कर राव और संस्था की महिला सदस्यों का हृदय से आभार प्रकट किया।

सड़क डामरीकरण की गुणवत्ता बेहतर रखने महापौर ने दिये सख्त निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ वार्ड 36 और वार्ड 53 में डामरीकरण व बीटी रिपेयर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और मजबूती की जानकारी ली। वार्ड 36 में पानी टंकी से मेन रोड तक पुलिस ग्राउंड के पास लगभग 20 लाख की लागत से डामरीकरण और वार्ड 53 में न्यू आदर्श नगर, ज़ोन 3 मार्ग क्रमांक 8 कात्यायनी मंदिर गेट से मुकेश दिल्लीवार के घर तक 39 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया गया।

महापौर ने कार्यस्थल पर सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग व दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें नागरिकों के सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक हैं। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महापौर व आयुक्त ने सड़क की ढलान, जॉइंटिंग, सब-बेस क्वालिटी सहित नालियों व जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उप अभियंता हरि शंकर साहू, विकास दमाहे सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नारी सशक्तीकरण पर व्याख्यान

धरसीवां/नवप्रदेश। शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां में दिनांक 26.11.2025 को नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ सुनीता दुबे विभागाध्यक्ष वाणिज्य द्वारा कार्यक्रम के संक्षिप्त परिचय से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा कौशिक द्वारा विषय से संबंधित रूपरेखा प्रस्तुत की गई एवं आमंत्रित अतिथि का औपचारिक स्वागत किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी एवं नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. (श्रीमती) विनोद शर्मा भूतपूर्व प्राचार्य एवं संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक शब्द नहीं बल्कि एक विचार एक आंदोलन और एक ऐसी प्रक्रिया है जो समाज में महिलाओं को समान अधिकार अवसर और सम्मान दिलाने की दिशा में काम करती है। नारी सशक्तिकरण का महत्व बताते हुए उन्होनें बताया कि महिला और पुरुष दोनों समाज के दो पहिए हैं। यदि एक कमजोर है तो समाज आगे नहीं बढ़ सकता। शिक्षा, तकनीक, करियर, राजनीति, अर्थव्यवस्था किसी भी क्षेत्र में महिलाएँ पीछे रहें तो देश की प्रगति अधूरी रह जाती है। नारी का सशक्त होना ही एक सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के तीन मुख्य स्तंभों पर प्रकाश डाला पहला शिक्षा ही वह शक्ति है जो आत्मविश्वास बढ़ाती है निर्णय लेने की क्षमता देती है दूसरा आर्थिक स्वतंत्रता जब महिला आर्थिक रूप से सक्षम होती है, तब वह अपने जीवन के फैसले खुद ले सकती है अपने और परिवार के सपनों को सच कर सकती है एवं समाज में उसका सम्मान स्वतः बढ़ जाता है तीसरा आत्मविश्वास और आत्मरक्षा अपनी आवाज उठाना, अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देना गलत के खिलाफखड़े होना यही असली सशक्तिकरण की पहचान है। अंत में उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है । वक्ता द्वारा छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम मे सभी संकाओ के छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुषमा मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम अड़सेना में

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा से लगभग 12 किलोमीटर दूर ग्राम अड़सेना में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन दिनांक 24 नवंबर से एक दिसंबर तक ग्राम सरपंच तेजराम पाल के द्वारा किया गया है इस आयोजन अपने पितरों के पुण्य स्मृति में किया जाना है ! मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगी विष्णु अरोड़ा जी है जो कि कहा जाता है की इनके द्वारा ढाई वर्ष की आयु सी ही कथा प्रवचन का कार्य प्रमुखता से किया जाता हैं जिनके द्वारा आज तक लगभग 24 देशों में कथा प्रवचन भागवत महापुराण देवी भागवत शिव पुराण एवं राम कथा जैसे अनेकों पुराणों का ज्ञान की चर्चा लोगों को दिया गया है इसीलिय अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक के श्री मुख के कथा कही जाएगी , इसी तारतम्य में आज 24 नवम्बर से ग्राम में ग्राम के सरपंच तीळ टीज़र रामपाल की द्वारा आयोजन किया गया है प्रथम दिवस के रूप में गाँव करने की कथा महाराज सी के द्वारा सुनाई गई इसके पहेली नगर की एवं ग्राम के समस्त महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमे ग्राम के माताओं के द्वारा एक रूपता का धृंगार कर पीले साड़ी पहनी और बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया वही पहले दिन की कथा में गोकर्ण की कथा को बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी के द्वारा लोगों को सुनाया गया , कथा श्रवण के लिया गाव ही नहीं बल्कि ऐज़ पास के लोगों ने सैकड़ो की संख्या में पहुचे थे ! कथा में पहले दिन जीवन जीने के लिए और जीवन को धन्य बनाने के लिए क्या प्रमुख कार्य मनुष्य को करनी चाहिए जैसे मुख्य बातों पर प्रकाश डालते हुए प्रथम दिवस की कथा को संपन्न हुआ ! और प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया है !

थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्रवाई असामाजिक तत्वों पर लगातार शिकंजा

डोंगरगांव/नवप्रदेश । जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डोंगरगांव पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों की पहचान कर उन पर वैधानिक कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 26 नवंबर 2025 को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के नेतृत्व और पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी, निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सतत गश्त एवं पेट्रोलिंग की गई। टीम ने अवैध गतिविधियों और उपद्रव करने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए तत्काल कार्रवाई की पहल की। अभियान के तहत असामाजिक तत्वों– जोहिदा पिस्दा, पिता राम प्रसाद, उम्र 36 वर्ष, निवासी बननवागांव, नागसाय सिन्हा, पिता फ्कीर सिन्हा, उम्र 48 वर्ष, निवासी जोंधरा, थाना डोंगरगांव के विरुद्ध धारा 170 / 126, 135(3) क्ह.स.स. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए इस्तगासा तैयार कर दोनों को माननीय एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफऐसी कार्रवाई आगे भी सतत जारी रहेगी। अभियान में निरीक्षक कृष्णा पाटले, उप निरीक्षक वीरेन्द्र मनहर, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव एवं प्रधान आरक्षक बद्रीनाथ दिनकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डोंगरगांव पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, और किसी भी असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संविधान दिवस एवं मितानिन सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत नवागांव कस में संविधान दिवस के अवसर पर बाबा भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर संविधान दिवस मनाया गया तथा भूतपूर्व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं मितानिन दीदियों को शाल फ्ल भेंट कर सम्मान किया गया इस अवसर पर सरपंच कमलेश्वरी नेताम सचिव प्रमोद महिलांगे, उपसरपंच गणेश साहू पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत सहायता राशि प्रदान

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी द्वारा सामाजिक संवेदना का परिचय देते हुए वार्ड क्रमांक 15 की स्वर्गीय सुहागा बाई ध्रुव (निधन : 23 नवंबर 2025) के परिजनों को मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। स्वर्गीय सुहागा बाई ध्रुव के पोते मंगल ध्रुव को ?2000 की सहायता राशि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, वार्ड पार्षद जनप्रतिनिधि शंकरदेव, देवचरण ध्रुव, राजा पवार और नरेश पटेल के कर-कमलों द्वारा सौंपा गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से समावेशी विकास की ओर बढ़ते कदम

- जिला पंचायत में दो दिवसीय कार्यशाला से हुआ उन्मुखीकरण
- विभिन्न विभाग अभिसरण से करेंगे जनहित के नए कार्य!

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत कबीरधाम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत समावेशी आजीविका योजना के सफ्ल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के समन्वय से लक्षित हितग्राही परिवारों तक शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुँचाना तथा विभागीय अभिसरण को और सुदृढ़ बनाना है। परिचय कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक बिहान तथा सहयोगी संस्था ट्रिकल अप इंडिया फाउंडेशन की टीम एवं क्ष्क्ष्ट से सुश्री विदिशा उपस्थित रही।कार्यक्रम में बिहान योजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, आदिम जाति एवं जनजाति, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी विभागों ने उनके विभागों में संचालित प्रमुख योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। ताकि समावेशी आजीविका योजना से लक्षित प्रतिभागियों को जोड़ा जा सके और समाज के सबसे कमजोर एवं वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके। राज्य क्क्रू समन्वयक श्री संदीप कुमार ओझा द्वारा योजना के उद्देश्यों, विभागीय अभिसरण की प्रक्रिया, क्रियान्वयन रणनीति तथा लाभार्थी चयन की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यशाला के दूसरे दिवस की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष श्री इश्वरी साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में हुई। उन्होंने योजना को गरीबों के उत्थान एवं आजीविका सुदृढ़ीकरण का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके सफ्ल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों एवं फील्ड टीमों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। द्वितीय दिवस में बिहान के तीनों ब्लॉकों पंडरिया, बोडला, सहसपुर लोहारा के अधिकारी, कर्मचारी तथा तकनीकी टीम बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को योजना संचालन, क्रियान्वयन प्रक्रिया, लक्ष्य निर्धारण, हितग्राही चयन, डेटा संधारण, रिपोर्टिंग एवं निगरानी से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का महत्व!

दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के बीच अभिसरण को मजबूत करने, योजना के क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश तय करने तथा लक्षित हितग्राहियों को समयबद्ध एवं प्रभावी लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। राज्य स्तरीय टीम, जिला स्तरीय टीम तथा बिहान के अधिकारी एवं कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम सफ्ल रहा।

नगरी कर्राघाटी चौक में किसानों का उग्र धरना-प्रदर्शन, स्टेट हाईवे किया जाम

पाँच सूत्रीय मांगों के समर्थन में हजारों किसान सड़क पर डटे रहे

- बड़ी संख्या में आप पास के राजस्व गांव के लोगों अपने समर्थन देने पहुंचे

नगरी/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय नगरी के कर्राघाटी चौक में मंगलवार को विभिन्न गांवों के वन अंचल क्षेत्र हजारों किसानों ने अपनी समस्याओं के समाधान और पाँच प्रमुख मांगों को लेकर स्टेट हाईवे नगरीङ्कधमतरी मार्ग पर दिनभर धरना-प्रदर्शन कर चक्का जाम किया। किसानों ने 'किसान संघर्ष समिति ज़िंदाबाद' के नारों के साथ सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

किसानों का कहना था कि सरकार एक ओर किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, लेकिन दूसरी ओर किसान अपनी मेहनत की फ्सल बेचने के लिए भटक रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में खरीदी की सीमित व्यवस्था, पंजीयन में त्रुटियाँ और वनग्रामङ्कराजस्व ग्राम से संबंधित पट्टा समस्याओं ने किसानों को बेहद परेशान कर दिया है। कई किसानों का धान खरीदी में गड़बड़ी के कारण अब तक पंजीयन तक नहीं हो पाया है, जबकि उनकी दोनों जगहों पर ऋष्टा बकाया है। ऐसे में धान नहीं बिकने पर कर्ज कैसे चुकाएँगे, यह चिंता किसानों को लगातार सताती रही।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि चिटफ्ंड कंपनियों में जनता की जमा राशि अब तक वापस नहीं की गई है, जबकि चुनाव पूर्व इसका वादा किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

इसी दौरान एसडीएम प्रीति दुर्गम ने किसानों से चर्चा कर सभी समस्याओं के निराकरण के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। किसान संघर्ष समिति ने मांगों के समाधान का लिखित आश्वासन देने की बात कही और जाम स्थल पर ही अपने निर्णय पर अड़े रहे।

किसानों की पाँच प्रमुख मांगें 1 वनग्राम व राजस्व ग्राम के किसान पंजीयन में हो रही गड़बड़ी को दूर कर तत्काल टोकन जारी किया जाए।2. उपार्जन केंद्र बेलरबाहरा की प्रति दिन खरीदी सीमा 450 क्विंटल से बढ़ाकर 2000 क्विंटल की जाए।3. ग्राम उनही के 9 किसान तथा अरसीकन्हार के 5 किसानों का पंजीयन उपार्जन केंद्र सांकरा/उमरगांव से सुधार कर बेलरबाहरा में किया जाए।4. वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तन हेतु किसानों को नवीन पट्टा प्रदान किया जाए।5. चिटफ्ंड अधिनियम 2019 लागू कर फँसे निवेशकों के धन की शीघ्र वापसी की जाए।

कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान धरना-प्रदर्शन में जनपद सदस्य सिरधन सोम, प्रमोद कुंजाम घनश्याम नेताम, नेहरू लाल, तरुण कुमार, महेंद्र कुमार, जितेन्द्र, सतन लाल, रमेश कुमार, श्यामलाल, लोभान सिंह, लक्ष्मीनाथ, नोहर लाल, संतोष मरई, कृष्णा, लक्ष्मण,श्रीराम शांडिय,राजाराम मरकाम बेलरबाहरा,कुबेर भण्डारी आमाबहार,सतोष मराई ठेनही,कमलेश प्रजापति,श्यामल साय धुवा मेचका,चक्र कुमार अग्रवानी- रिसगाव दुलारू राम मरकाम रिसगाव,शीतलराम नेताम रिसगव, नंदु कश्यप आमाबहार, चन्द्रसाय मसूल खोई,धनराम मरकाम, श्यामलाल,बीरबल पदमकर कैलाश नेताम भोज लाल नेताम कोमल नेताम राम प्रसाद नेताम मोहन नेताम सुखलाल मरकाम गंगा राम कुंजाम संजू नेताम कमलेश मनराखन पुसाऊ रामनाथ,संतोष नेताम सहित किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अमृत सरोवर में ग्रामीणों ने बनाया संविधान दिवस

कवर्धा/नवप्रदेश। संविधान दिवस के अवसर पर जिले से लेकर ग्राम पंचायतो तक आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रमजिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्मित अमृत सरोवरो में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन सभी ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से करते हुए संविधान में दिए गए मौलिक कर्तव्यो अधिकारों एवं मूल्यो पर विस्तार से चर्चा कर जन जागरूकता लाई गई। जल संरक्षण करने अमृत सरोवर के समीप साफ सफाई कर वृक्षारोपण किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा युवा वर्ग की भागीदारी व अन्य विषयों पर ग्रामीणों ने आपस में चर्चा की। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अंगीकृत हुआ था तथा इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।इसी अनुक्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से निर्मित अमृत सरोवर के समीप एवं ग्राम पंचायत के अन्य स्थानों में संविधान दिवस का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम आयोजन के दौरान भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के त्यल चित्र में माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, तिलईरवार, महाराजपुर, कोहका का किया औचक निरीक्षण

- 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से किसानों के धान की खरीदी करने के दिए निर्देश
- किसानों को नहीं होनी चाहिए असुविधा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, तिलईरवार, महाराजपुर, कोहका का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने धान उपार्जन केन्द्रों में संधारित पंजी, प्रतिदिन की धान खरीदी का अवलोकन किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान तौलाई, पेयजल, छांव, बैठक व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग एवं अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से किसानों के धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने किसानों से धान उपार्जन केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र के माध्यम से धान में नमी की जांच करते हुए गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी करने के लिए कहा। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में धान के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

33 तीर्थ यात्रियों को मिलेगा रामलला दर्शन योजना का का लाभ

कुरूद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री रामलीला अयोध्या दर्शन योजना अंतर्गत 33 तीर्थ यात्रियों को रामलला दर्शन का लाभ मिलेगा। अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के अनुशंसा में जनपद पंचायत कुरूद के 25 तीर्थ यात्री ,नगर पंचायत भखारा के चार तीर्थ यात्री, नगर पालिका कुरूद के 4 तीर्थ यात्रियों को गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद ,थानेश्वर तारक महामंत्री,दाऊ टेकेश्वर चंद्राकर राकेश ध्रुव करो ओपन अधिकारी दिनेश साहू ऑपरेटर ने पूजा अर्चना व हरी झंडी दिखाकर रामलला दर्शन के लिए रवानगी किए। गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय की सभी योजनाओ से सीधा-सीधा हितग्राही को लाभ मिल रहा है । चाहे वह महतारी वंदन योजना हो व किसानों के 3100 रुपए में 21 क्विटल धान खरीदी हो । वैसे ही 50 वर्ष से 70 वर्ष के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। जिसे मुख्यमंत्री जी बखूबी निभा रहे हैं । स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर के दूरगामी सोच कारण पूरे क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो रहा है। टकेश्वर चंद्राकर ने सभी के मंगल कामना करते हुए सकुशल विदाई दिए क्षेत्र में सुख समृद्धि तरक्की की कामना भी की है। थानेश्वर तारक अधिवक्ता ने अजय चंद्राकर विधायक को पूरे तीर्थ यात्रियों की ओर से व कुरूद विधानसभा क्षेत्र वासियों की ओर से आभार व्यक्त किए।

महिलाओं के अधिकार पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान आयोजित

धमधा/नवप्रदेश। च. च. शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा में 24 नवंबर 2025 को ÷महिलाओं के अधिकार÷ विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का सफ्ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सहयोग से दोपहर 12 बजे किया गया।

कार्यक्रम का संचालन द्बक्र्ष्ट प्रभारी डॉ. दिव्या नेमा ने किया तथा मुख्य वक्ता का परिचय ह्श्वष्ट प्रभारी श्री रूपेश वर्मा द्वारा दिया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ. लाजवंती चेतानी, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, महाराजा सैयाजी राव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा रहीं।

अपने उद्बोधन में डॉ. चेतानी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के अंतर्गत समानता, भेदभाव-निषेध एवं समान अवसरों की प्रमुख बातों को सरल उदाहरणों सहित प्रस्तुत किया। उन्होंने छह मौलिक अधिकारों में से समानता के अधिकार पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए महिलाओं को मिलने वाले संवैधानिक संरक्षण, आरक्षण एवं लैंगिक न्याय की विस्तृत जानकारी दी। वक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि पुरुष एवं महिला के बीच कुछ जैविक एवं सामाजिक अंतर स्वाभाविक हैं, जो महिलाओं के हित में आवश्यक भी होते हैं।

यह व्याख्यान छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दिव्या नेमा द्वारा किया गया। व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों की उपस्थिति रही।

समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी से संतोष हुए संतुष्ट

- किसान संतोष को कर्ज लेने से मिली मुक्ति
- खेती-किसानी कार्य में नई तकनीक और आधुनिक खेती करने के लिए अपने खेत में कराएंगे बोर खनन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना के कारण किसानों को उनकी मेहनत का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। किसान उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए नई तकनीक और आधुनिक खेती के लिए प्रेरित हो रहे हैं। किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्हें बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहन मिला है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेंड़ीकला के किसान श्री संतोष देवांगन धान उपार्जन केन्द्र गठुला में 42 क्विंटल धान बिक्री करने पहुंचे थे। किसान श्री संतोष ने बताया कि उनके पास 7 एकड़ खेती जमीन है, जिसमें वे धान की फ्सल लेते हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा धान खरीदी नीति से धान खरीदने और समय पर राशि मिलने से उन्हें अन्य जगहों से उधार एवं कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ी है। पिछले वर्ष की राशि से आसानी से उनका आजीविका चली है। इस वर्ष धान बिक्री की राशि से खेती किसानी कार्य में नई तकनीक और आधुनिक खेती करने के लिए अपने खेत में बोर खनन करने का विचार किया है, जिससे वे दोहरी फ्सल लेंगे। किसान श्री संतोष ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र गठुला में किसानों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। सही समय पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध हुआ है। इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से तेज गति और पारदर्शी तरीके से धान की तौलाई से उनके समय की बहुत बचत हुई। खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए पेयजल, छांव और विश्राम करने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। धान खरीदी प्रक्रिया में पादर्शिता और किसानों के प्रति खरीदी केन्द्रों में संवेदनशीलता से विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वे धान खरीदी नीति से बहुत संतुष्ट है। किसान श्री संतोष ने किसानों के प्रति संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया है।

न्यूज गैलरी

जिले के चयनित 90 तीर्थ यात्री जाएंगे मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन

एमसीबी/नवंबर। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जिले का तीर्थयात्रा कोटा निर्धारित कर दिया गया है। 13 से 16 दिसम्बर तक जिले के चयनित तीर्थयात्री मथुरा, वृंदावन एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए यात्रा करेंगे। कुल 90 हितग्राहियों का कोटा इस यात्रा के लिए निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाएं यात्रा हेतु आवेदन कर सकती हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 05 दिसम्बर तक संबंधित जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय में जमा किए जा सकेंगे। यात्रा के लिए पात्र वही वरिष्ठ नागरिक होंगे जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो तथा वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से यात्रा के उपयुक्त हों। योजना के तहत 80 प्रतिशत लाभार्थी बीपीएल, अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्ड धारक होंगे, जबकि 20 प्रतिशत लाभार्थी गरीबी रेखा से ऊपर के होंगे, परन्तु आयकर दाता नहीं होने चाहिए। साथ ही 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों से चयनित किए जाएंगे।

मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

एमसीबी/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा राहत प्रावधानों के तहत जिला प्रशासन ने सर्पदंश से मृत दो व्यक्तियों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका 6(क)(1) के अनुसार यह सहायता राशि अनुमोदित की गई है। ग्राम देवाडांड, तहसील खड़गवां निवासी अल्पना की जहरीले सर्प के काटने से हुई मृत्यु के बाद उनके पिता देवसाय को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम पेण्ड्री, तहसील केल्हारी निवासी सुखलाल की सर्पदंश से हुई मृत्यु पर उनकी पत्नी अशोक कुमारी को भी 4 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है जिला प्रशासन ने बताया कि यह सहायता राशि पीड़ित परिवारों को आपदा की कठिन परिस्थिति में संबल प्रदान करने के उद्देश्य से दी जा रही है।

जिले में ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती, कलेक्टर का नया आदेश लागू

एमसीबी/नवप्रदेश। उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशों का पालन करते हुए जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट ने नए सख्त आदेश जारी किए हैं। प्रशासन ने बताया कि पूर्व के आदेशों के बावजूद कई स्थानों पर ध्वनि नियंत्रण नियमों का लगातार उल्लंघन सामने आ रहा था, जिसके कारण जनहित में फिर से कड़े निर्देश लागू किए गए हैं। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5(2), 10(2) तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत पीडब्ल्यूडी चौक से भगत सिंह चौक तक का पूरा मार्ग 24 घंटे साइलेन्स ज़ोन घोषित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया, अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने दिए संदेश

कलेक्टोरेट परिसर में संविधान दिवस पर निष्ठा की दिलाई शपथ

मुंगेली/नवप्रदेश। संविधान दिवस 26 नवम्बर के अवसर पर आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पाठन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर और महात्मा गांधी की छायाचित्र तथा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलायी। कलेक्टर ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं सारिका मित्तल सहित जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

आदर्श अमृत सरोवर में संविधान दिवस मनाया गया

जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत आदर्श अमृत सरोवर रामगढ़ सहित सभी अमृत सरोवर परिसरों में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसके तहत आमजनों को संविधान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जल संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम से न केवल संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाया, बल्कि अमृत सरोवरों को संरक्षित करने की सामुदायिक भावना को भी मजबूत किया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। उपस्थित ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएँ, स्वसहायता समूह की सदस्य, नरेगा श्रमिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी सभी ने संविधान में निहित आदर्श, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का पालन करने तथा जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान सरोवर परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन एवं शपथ ग्रहण, संविधान दिवस के महत्व एवं पृष्ठभूमि पर संक्षिप्त जागरूकता कार्यक्रम, जल संरक्षण, अमृत सरोवर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा की प्रतिज्ञा आदि कई गतिविधियाँ आयोजित की गई।

लालाकापा में संविधान दिवस मनाया गया

जिले के ग्राम पंचायत लालाकापा के जयस्तम्भ चौक में संविधान दिवस मनाया गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान से ही यह देश चलता है। आज के दिन 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ था, भारत का संविधान ही वह शक्ति है जिसने देश की विविधता को एकता में समाहित किया है। आज हम सब मिलकर संकल्प लें कि इस संविधान का पालन करते हुए देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का सदैव प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, देवचंद डाहिरे, रोशन चतुर्वेदी, एकेश्वर दिवाकर, धनीराम साहू, गुवेंद्र चतुर्वेदी, तिलक, समारू, दिलेश, भगवती साहू, गोविंद, ढोला, डीगू, सोहम आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

परियोजना अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत

मुंगेली/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती प्रक्रिया को लेकर परियोजना अधिकारी पर आरोप लग रहे है। कूटरचना कर नियुक्ति आदेश जारी करने वाले दोषी अधिकारी पर जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती प्रक्रिया के लिए परियोजना क्रमांक 02 मुंगेली के परियोजना अधिकारी उमा कश्यप के द्वारा ग्राम पंचायत पौनी, ग्राम पंचायत बोदा, ग्राम पंचायत दुल्लापुर इन 03 स्थानों के लिए मेरिट सूची तैयार कर जनपद पंचायत मुंगेली के स्थायी महिला एवं बाल विकास समिति को अनुमोदन हेतु 22 सितम्बर को बैठक बुलाई गई। बैठक में स्थायी समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत पौनी के आवेदन पर आपत्ति के संबंध में जानकारी चाही गई। इस पर परियोजना अधिकारी के द्वारा कहा गया कि अभी ऑफिस में कर्मचारी नहीं है, इस वजह से आपत्ति के संबंध में दस्तावेज नहीं दिखा सकती। आप लोगों को अनुमोदन करना है तो ठीक, नही करना है तो ठीक और जब ऑफिस में कर्मचारी रहेंगे तब आपको दस्तावेज दिखा देंगे। तब तक के लिए बैठक को स्थगित कर देते है। 30 सितम्बर को उमा कश्यप की सेवानिवृत्ति के पश्चात् हमे जानकारी मिलती है कि उक्त तीनों पंचायतों के भर्ती आवेदनों में सिर्फग्राम पंचायत पौनी में नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है। जब हम जानकारी लेने प्रभारी परियोजना अधिकारी श्री गेंदले के पास गये तब उन्होंने कार्यवाही रजिस्टर हमें दिखाया। कार्यवाही रजिस्टर में से पन्ने फाड़ा गया था और पुराने तारीख में बैठक कार्यवाही लिखी गयी थी। जिसमें सदस्यों को अनुपस्थित बताया गया। जबकि उक्त बैठक की सूचना सदस्यों को दी ही नहीं गई है। इसकी शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला मुंगेली के पास हम लोगों के द्वारा किया गया। शिकायत करने के पश्चात जांच कराने के बजाये परियोजना अधिकारी क्रमांक 2 के द्वारा उक्त तीनों पंचायतों में से शेष 2 पंचायत बोदा एवं दुल्लापुर की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर नया आवेदन मंगाने हेतु मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित कर लिया गया। जबकि उपरोक्त मूल्यांकन समिति के सदस्यों ने ही ग्राम पंचायत बोदा एवं दुल्लापुर के आवेदन का मूल्यांकन कर मेरिट सूची बनाई थी। यह भी जांच का विषय है। सेवा निवृत्ति से एक दिन पहले कूटरचना कर नियुक्ति जादेश जारी करने वाले सेवा निवृत्त परियोजना अधिकारी श्रीमती उमा कश्यप द्वारा की गयी नियुक्ति की जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग स्थायी समिति के पदाधिकारियों ने की है।

> परियोजना क्रमांक 02 में कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती के संबंध में शिकायत मिली है। इस संबंध में समिति द्वारा जांच की जा रही है।
>
> **संजुला शर्मा**
> जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग मुंगेली

एसडीएम कार्यालय में संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया

बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा संविधान दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ सतनामी समाज द्वारा एसडीएम कार्यालय प्रांगण बिल्हा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से नेहा कौशिक नायब तहसीलदार बिल्हा, गयाराम टंडन अध्यक्ष सतनामी समाज सामाजिक संगठन विधान सभा, डॉ गोविद प्रसाद यादव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, नारायण प्रसाद साण्डे, अशोक पाटले, भानु दिवाकर, उत्तम शांडिल, डॉ सत्यवंत जेन्डे, राजेश पात्रे, राकेश पाटले, भोंदू राम अंचल, मनाराम नवरत्न, उमेद लहरें, सुनील पात्रे, राजकुमार पाटले सुनील गेंदले, रीना बंजारे, चांदनी चतुर्वेदी, अंजली भार्गव, रवीना पात्रे संध्या मरावी, सत्या मनहर, सौम्या मारखंडे एवं अन्य छात्र छात्राएं तथा क्षेत्रीय किसान बंधु गण उपस्थित रहे।

स्कूलों के 100 गज दायरे में तंबाकू बेचने वालों पर प्रशासन की कार्रवाई

■ **कोटपा एक्ट 2003 के उल्लंघन पर 16 दुकानों से 14,500 जुर्माना**

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में तंबाकू नियंत्रण और जन स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने हेतु प्रशासन ने व्यापक और कठोर कार्रवाई की। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर 26 नवम्बर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग मनेंद्रगढ़ तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व तहसीलदार श्रुति धुर्वे ने किया। टीम ने सबसे पहले मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के खालसा स्कूल, सरस्वती विकास विद्यालय और आत्मानंद स्कूल के 100 गज दायरे में स्थित किराना दुकानों, चाय ठेलों और साप्ताहिक बाजारों का निरीक्षण किया। विद्यालय क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद कई दुकानों में अवैध रूप से बिक्री पाई गई, जिस पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। दुकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया कि दोबारा उल्लंघन पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय क्षेत्र के बाद टीम ने पीडब्ल्यूडी तिराहा, विवेकानंद चौक और एनएच-43 स्थित हसदेव इन होटल के आसपास जांच अभियान जारी रखा। कुल 22 दुकानों की जांच में 16 दुकानों द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 एवं 6 का उल्लंघन पाए जाने पर 14,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। टीम ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में- 'धूम्रपान निषेध क्षेत्र, यहां धूम्रपान करना अपराध है' तथा '18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पादों की बिक्री करना दंडनीय अपराध है' संबंधी बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। अभियान के दौरान अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू उत्पादों का सेवन और विक्रय व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ कानून भी दंडनीय है। प्रशासन भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रखेगा ताकि जिले में तंबाकू नियंत्रण को प्रभावी बनाया जा सके तथा विद्यालय क्षेत्रों को पूरी तरह तंबाकू मुक्त रखा जा सके। संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार श्रुति धुर्वे, कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान, खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक लक्ष्मी रजक, विकास लकड़ा एवं आलोक मिंज सक्रिय रूप से शामिल रहे।

महुआ शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। महुआ शराब बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे दो आरोपियों को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से 21लीटर कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमत 42 सौ है को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध शराब का धंधा करने वाले एवं खरीदी-बिक्री करने वालों के ऊपर पूर्ण अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया हैं जिसके अनुक्रम में 26 नवंबर को थाना कोनी के ग्राम जलसों में घर के आंगन और गांव बाजार में दो व्यक्ति अपने पास हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहे है।

कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के नए भवन का किया लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर के सीएमएचओ कार्यालय परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण आज कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस भवन से रेडक्रॉस के कार्यों को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और सुगमता से किया जा सकेगा। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रेडक्रॉस द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में रेडक्रॉस द्वारा अब तक किए गए सामाजिक, स्वास्थ्य एवं आपदा राहत कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सदैव मानवीय सेवाओं की अग्रिम पंक्ति में रही है। रेडक्रॉस ने रक्तदान, प्राथमिक उपचार, मेडिकल सहायता से लेकर जरूरतमंदों की हर संभव सहायता की है। कलेक्टर ने कहा कि आने वाले समय में इन सेवाओं को और अधिक विस्तार दिया जाएगा तथा अधिक से अधिक आम नागरिकों को रेडक्रॉस से जोड़ने के प्रयास होंगे, ताकि संगठन के उद्देश्यों को व्यापक स्तर पर पूरा किया जा सके। कार्यक्रम के अध्यक्ष व रेडक्रॉस जिला शाखा बिलासपुर के चेयरमेन डॉ. बी. एल. गोयल ने नवनिर्मित भवन के लोकार्पण को संस्था के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर रेडक्रॉस ने पिछले वर्षों में स्वास्थ्य सहायता, जन जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम, जरूरतमंदों की मदद, आपदा राहत जैसे कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नए भवन से रेडक्रॉस की गतिविधियाँ और भी सशक्त होंगी।

जिपं सभापति साहू ने अरुण साव को दी जन्मदिन की बधाई

मुंगेली/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के जन्मदिन के अवसर पर नगर आगमन पर स्थानीय विश्राम गृह में जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू के नेतृत्व में नीतेश भारद्वाज, राज साहू आदि कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ उप मुख्यमंत्री अरूण साव का स्वागत किया एवं जन्मदिन की बधाई दी। उपमुख्यमंत्री श्री साव अपने जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं से मिलते-जुलते रहे। बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

डिजिटाइजेशन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले 26 बीएलओ सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य में मुंगेली जिला ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभियान अंतर्गत चल रहे गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य मुंगेली जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा डिजिटाइजेशन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले 26 बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र, शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ से उनकी कार्ययोजना, रणनीति एवं क्षेत्रीय अनुभव के संबंध में जानकारी ली।

धान खरीदी शासन की प्राथमिकता, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मुंगेली विकासखण्ड के छटन, मदनपुर एवं सिंगारपुर धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में अब तक कुल धान खरीदी, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन, रकबा समर्पण व उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही समिति प्रबंधक को सुव्यवस्थित धान खरीदी करने और किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर खरीदी प्रक्रिया, धान की गुणवत्ता तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं होगी किसानों को चेक काट कर पैसे का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि धान की उचित स्टेकिंग, नमी मापक यंत्र से नियमित जांच, तथा गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी केवल सही और पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी तथा कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने केंद्रों में किसानों के लिए छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही छटन खरीदी केंद्र में पेयजल के लिए हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
CGWRD

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
(ई-मेल : eewrdmj@cgwrd.in)

// निविदा निरस्तीकरण आदेश //

पत्र क्रमांक/ 1502/व.ले.लि./2025-26/ धरमजयगढ़, दिनांक 21/11/2025

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, नार्थ ब्लाक सेक्टर-19 शिवनाथ भवन नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) का पृ. क्रमांक 4263783/निविदा प्रकोष्ठ/2025/2854 (TC) दिनांक 12.11.2025 द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 17.09.25 निविदा सिस्टम क्र. 175843 (प्रथम आमंत्रण) **कड़ेना एनीकट का निर्माण कार्य** (राशि रु. 419.20 लख) में एकल निविदा होने के कारण उक्त निविदा को "**निरस्त**" किया जाता है।

जी-252605068/5

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: सी.ए.ओ./सी./बी.एस.पी./25-26/17 दिनांक 19.11.2025, (ओपन ई-टेंडर) (सिंगल पैकेज सिस्टम)

कार्य: "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में रावघाट-जगदलपुर के बीच नई लाइन की प्रस्तावित परियोजना के संबंध में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर वन मंडल में वन भूमि का हायवर्जन, वन मंजूरी और वन्यजीव मंजूरी प्राप्त करना।"

निविदा मूल्य: रू. 3,85,28,000.00, अमानत राशि: रू. 3,42,600.00, निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 16/12/2025 को 15:00 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 16/12/2025 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिन: 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर- पिन: 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/ निर्माण/नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर- पिन: 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/483

South East Central Railway @secrail

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
कक्ष क्रमांक-66, प्रथम तल कलेक्ट्रेट रायगढ़ (छ.ग.)
email-acexcise.rgh-cg@gov.in, phone/Fax no.07762-222733

क्रमांक/आब./ठेका/2025/3660 रायगढ़, दिनांक 26.11.2025

द्वितीय निविदा सूचना

जिला रायगढ़ अंतर्गत सी.एस.एम.सी.एल. द्वारा संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान बड़ेरामपुर रायगढ़ (छ.ग.) के स्थल परिवर्तन हेतु भवन/दुकान/परिसर को किराए पर लेने बाबत कानूनी मालिकों से मुहरबंद निविदाएं (तकनीकी शर्तों से संबंधित दस्तावेज एवं रेट आफर पृथक- पृथक बंद लिफाफों में) आमंत्रित की जाती है।

क्र.	वर्तमान में संचालित दुकान का नाम व स्थल	नवीन प्रस्तावित स्थल जहां दुकान स्थानांतरण होना है	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्राप्ति
1	देशी मदिरा दुकान बड़ेरामपुर, रायगढ़	वर्तमान संचालित देशी मदिरा दुकान बड़ेरामपुर से 500 मीटर की परिधि में।	प्रति दुकान डिमांड ड्राफ्ट रू 1180/- (रु. 1000 एवं जीएसटी रु. 180) सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ (छ.ग.) के पक्ष में देय, का भुगतान कर जारीकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
2	विदेशी मदिरा दुकान बड़ेरामपुर रायगढ़	वर्तमान संचालित विदेशी मदिरा दुकान बड़ेरामपुर से 500 मीटर की परिधि में।	

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 11.12.2025 समय अपरान्ह 05:30 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12.12.2025 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि 12.12.2025 समय 04:00 बजे।

जी-252605062/2

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

जर्जर सड़क और बिजली बिल को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

कार्यकर्ता बैरिकेड पर चढ़े, जमकर हुई धक्का-मुक्की, पुलिस ने किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज कांग्रेस ने खराब सड़कों, बढ़े हुए बिजली बिल, धान खरीदी में अव्यवस्था, छोटे भू-खण्डों की रजिस्ट्री में रोक और गरीबों की झोपड़ियों पर कार्रवाई के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नेहरू चौक से कलेक्टर कार्यालय की ओर मार्च निकालते हुए पहुंचे।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भाजपा सरकार के दौरान जनता कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है और इन्हीं मुद्दों को लेकर उन्होंने कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर रखी थी। कलेक्टोरेट परिसर के पास पहुंचते ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर भीड़ को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जोरदार धक्का-मुक्की हुई, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वज्र वाहन और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की तेज बौछारों के बावजूद प्रदर्शनकारी कुछ समय तक डटे रहे, जिसके चलते इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बाद में पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, पुलिस तैनात रहकर पूरे इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश कर रही है। सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह ने बताया कि कांग्रेस पार्टी अलग-अलग मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रही थी और उनकी योजना कलेक्टोरेट तक जाने की थी। इसे देखते हुए पुलिस ने पहले से ही बैरिकेडिंग लगाकर पर्याप्त बल तैनात कर दिया था, ताकि भीड़ को आगे बढ़ने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन को देखते हुए पहले ही पूरी प्लानिंग कर ली गई थी। इस रूट पर आने-जाने वाले वाहनों को दूसरे रास्तों से डायवर्ट किया गया था, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। पुलिस ने कोशिश की कि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो और ट्रैफिक सुचारू बना रहे।

कांग्रेस की पांच प्रमुख मांगें

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिन मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराया, उनमें मुख्य रूप से जर्जर और ख़स्ताहाल सड़कों की तत्काल मरम्मत, बिजली बिलों में हो रही कथित अनियमितताओं और लूट पर रोक, धान खरीदी व्यवस्था में सुधार तथा किसानों की लंबित समस्याओं का निराकरण, छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री पर जारी अघोषित रोक समाप्त करने एवं रजिस्ट्री दरों में कमी, गरीबों के पुराने मकानों और झोपड़ियों पर चलाए गए बुलडोजर अभियान पर रोक जैसी माँगें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ स्थानीय मुद्दों पर भी कार्यकर्ताओं ने नाराज़गी जताई। सुबह से ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय की ओर रवाना हुए। कार्यकर्ताओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस ने नेहरू चौक पर बैरिकेड्स लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। स्थिति नियंत्रित रखने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का भी उपयोग किया, जिसके चलते मौके पर हल्की धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया।

■ न्यूज गैलरी

एयू के प्रावीण्य सूची में डीपी विप्र के 7 गोल्ड मेडलिस्ट व टॉप टेन में 35 छात्रों ने मारी बाजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रावीण्य सूची 2023-24 जारी किया गया है, जिसमें महाविद्यालय अदिति सिन्हा गणित, रश्मि गढ़ेवाल इतिहास, अमन दुबे समाजशास्त्र, अस्मिता वर्मा गणित, बनिता प्रधान लोकप्रशासन, सृष्टि वर्मा वनस्पति विज्ञान, भावना पटेल माइक्रोबायोलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्राणीण्य सूची में प्रथम स्थान तथा 35 छात्र-छात्राओं ने टॉप टेन में जगह बनाए है। छात्र/छात्राओं के गोल्ड मेडलिस्ट एवं टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्रशासन समिति के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य राजकुमार अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने शुभकामनांए प्रेषित की है। प्रावीण्य सूची संलग्न है।

मध्यप्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज की कन्याओं को लेकर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

आईएएस के विवादित बयान के बाद ब्राह्मण समाज में आक्रोश, एफआईआर की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की कन्याओं को लेकर कथित रूप से दिया गया आपत्तिजनक बयान छत्तीसगढ़ में गहरी नाराज़गी का कारण बन गया है। बयान सामने आने के बाद सामाजिक संगठनों में उबाल है और इस मामले ने प्रशासनिक संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ब्राह्मण समाज ने इसे न केवल अपमानजनक कहा बल्कि पूरे समुदाय की गरिमा पर चोट बताया।

मंगलवार को विश्व ब्राह्मण एकता महासंघ (छत्तीसगढ़) का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष पंडित मणि शंकर पांडे और सुदेश दुबे के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि एक वरिष्ठ पद पर बैठे अधिकारी का इस तरह का बयान अस्वीकार्य है। संगठन ने इसे समाज की बेटियों के सम्मान का प्रश्न बताया और

निष्पक्ष जांच की मांग

संगठन का यह भी कहना है कि यह महज़ एक बयान का मामला नहीं, बल्कि समुदाय की प्रतिष्ठा से जुड़ा संवेदनशील विषय है। इसलिए मामले की जांच निष्पक्ष रूप से हो और आवश्यकता पड़े तो एसआईटी बनाई जाए। यह मांग भी उठी कि सरकार इस प्रकार की घटनाओं पर स्पष्ट नीति लाए ताकि आने वाले समय में कोई अधिकारी या सार्वजनिक पदाधिकारी इस तरह किसी भी समुदाय पर टिप्पणी करने का दुस्साहस ना कर सके।

तत्काल कार्रवाई की मांग रखी। ज्ञापन में साफ कहा गया कि ब्राह्मण समाज किसी भी कीमत पर ऐसे अमर्यादित कथनों को सहन नहीं करेगा। मामला केवल सामाजिक-धार्मिक भावनाओं से जुड़ा नहीं बल्कि प्रशासनिक मर्यादा का भी विषय बन गया है। यह सवाल उठ रहा है कि यदि उच्च पदस्थ अधिकारी ही ऐसी भाषा का प्रयोग करेंगे, तो आम लोगों में शासन-प्रशासन की क्या छवि बनेगी। विरोध कर रहे संगठनों का कहना है कि पद से जुड़े दायित्वों के कारण अधिकारियों को अनुशासन व संतुलन बनाए रखने की अपेक्षा रहती है, परंतु संतोष वर्मा का बयान इस मर्यादा के विपरीत है। मामला यदि तत्काल और संवेदनशील तरीके से नहीं संभाला गया तो सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह इस विवाद को केवल कागज़ी कार्रवाई में सीमित न रखे, बल्कि स्पष्ट संदेश दे कि किसी भी वर्ग की गरिमा पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी आधार पर समाज ने शासन को चेताया कि यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो राज्यव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

हिंदू रत्न राष्ट्रीय सम्मान से राजेंद्र राजू सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच, नई दिल्ली, संस्था के द्वारा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सुशील कुमार सरावगी जिंदल के अनुशंसा पर भारत की हृदय स्थल, भारत मंडपम, प्रगति मैदान, दिल्ली में गत दिवस संस्था के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। भारत से लगभग 500 डेलिगेट्स उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि प्रत्येक हिंदू को शस्त्र और शास्त्र से निपुण होना आवश्यक बताया गया। वही हिंदू राष्ट्र के निर्माण एवं गौ हत्या से बचाने की दिशा में यह संस्था लगातार कार्य कर रही है। तत्पश्चात बिलासपुर के राजेंद्र राजू अग्रवाल को हिंदू रत्न अवार्ड से श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज कृष्ण मंदिर रोहिणी एवं के सी त्यागी रिटायर्ड कर्नल बाबूजी सुशील कुमार सरावगी जिंदल के करकमलों से राजेंद्र राजू अग्रवाल को शाल, श्रीफल, मोमेंटो व प्रमाण पत्र एवं सम्मान पदक पहनाकर

राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि हो कि छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव रजत वर्ष के समापन समारोह पर उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के मुख्य आतिथ्य में तथा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामन डेका की अध्यक्षता में एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अति विशिष्ट आतिथ्य में डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री के उपस्थित में, महाराजा अग्रसेन सम्मान जो की सामाजिक समरसता एवं सामाजिक सेवा विकलांग सेवा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ सम्मान, राजेंद्र राजू अग्रवाल बिलासपुर, को भव्य समारोह रायपुर में प्राप्त हुआ।

पूर्वोत्तर में विकास की नई अलख: तोखन के निरीक्षणों से शहरी परिवर्तन में आई गति

■ मेघालय में शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के साथ तोखन साहू का तीन दिवसीय दौरा पूर्ण

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने मेघालय के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे का समापन गुवाहाटी, असम स्थित प्रख्यात माँ कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन एवं पूजन के साथ किया। श्री साहू ने माँ कामाख्या के समक्ष राष्ट्र की निरंतर प्रगति, जनकल्याण तथा सभी नागरिकों के सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामनाएँ कीं। श्री साहू का यह दौरा उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे शहरी विकास, केंद्र-राज्य समन्वय तथा बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने की दिशा में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। मेघालय में तीन दिनों के दौरान, श्री साहू ने कई महत्वपूर्ण शहरी विकास परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया, स्थानीय अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा बैठकें कीं तथा

एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत करने की एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने एस आर आई के संदर्भ में बिलासपुर लोकसभा के मस्तुरी विधानसभा के पदाधिकारियों से बैठक किया, जिसमें श्री साहू ने कहा कि एस आई आर हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने की एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे भाजपा पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभा रही है। इस अभियान के माध्यम हमारे पार्टी के कार्यकर्ता, मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और समावेशी बनाने की दिशा में अपनी सहभागी सुनिश्चित कर रही है, जो लोकतंत्र के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

समुदाय के प्रतिनिधियों और हितधारकों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पूर्वोदय' के विज़न को दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार उत्तर-पूर्व को नवाचार, कनेक्टिविटी, सतत विकास और सांस्कृतिक समृद्धि का नया केंद्र बनाने के लिए दृढ़संकल्पित है। श्री साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत सरकार और पूर्वोत्तर राज्यों के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में नए अवसरों का सृजन होगा, आर्थिक विकास को गति मिलेगी और नागरिकों के जीवन स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित होगा।

उत्कृष्ट कार्य के लिए 13 बीएलओ सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन व उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 13 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधानसभा क्षेत्र कोटा के बीएलओ श्रवण कुमार यादव, अमरिका बाई, शैल जगत, तखतपुर की रेणु खांडे, मस्तुरी की खेमतला, शारदा ओरकेरा, दिनेश कुमार भारती, उर्वशी जगत, संतोषी मरकाम, सुकृता पावले, बिल्हा की नीली डहरिया, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ प्रशांत शर्मा, अवधेश विमल को सम्मानित किया।

रश्मि जबलपुर में 'कादंबरी सम्मान' से अलंकृत

सीपत/नवप्रदेश। शहीद स्मारक सभागार, जबलपुर में आयोजित कादंबरी राष्ट्रीय साहित्यकार-पत्रकार सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा बिलासपुर की प्रतिष्ठित साहित्यकार, शिक्षिका एवं समाजसेविका श्रीमती रश्मि गुप्ता को स्व. हर्षवर्धन पाठक स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह विशिष्ट सम्मान उन्हें यशोवर्धन पाठक के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। रश्मि गुप्ता एक बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी हैं।

वे शिक्षिका, कवयित्री, उपन्यासकार, लोकगायिका, समाजसेविका एवं कुशल मंच संचालक के रूप में विख्यात हैं। उनकी रचनाओं का नियमित प्रसारण आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से होता रहता है, जो उनकी साहित्यिक गुणवत्ता का प्रमाण है। उनका चर्चित उपन्यास 'मां' वर्ष 2022 में प्रकाशित हुआ, जिसने पाठकों के बीच विशेष लोकप्रियता हासिल की। यह उपन्यास वर्ष 2023 में ऐमेजान बेस्ट सेलर अवार्ड तथा 2024 में 'ओ माय गॉड रिकॉर्ड' सम्मान से नवाजा गया। इस उपन्यास का अंग्रेजी अनुवाद उनके पुत्र राजर्षि कांतम गुप्ता द्वारा किया गया है, जिससे उनकी रचनाएं वैश्विक पाठक वर्ग तक पहुंच सकीं। रश्मि हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में गद्य एवं पद्य विधाओं में सृजन करती हैं। अब तक उनकी 6 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें प्रमुख हैं 'सियान मन के सीख' भाग 1 व 2 (छत्तीसगढ़ की प्रथम प्रेरक प्रसंग कथा) 'एक दीप जला देना' (हिंदी काव्य संग्रह) 'अंतर्मन' (संस्मरण संग्रह) शैक्षणिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्वच्छाग्रही विद्यालय पुरस्कार, राज्य शिक्षक सम्मान (राज्यपाल सम्मान), डॉ. मुकुटधर पांडेय राज्य शिक्षक सम्मान 2020 सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

गरीबों का आशियाना उजाड़कर व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने का विरोध

बिलासपुर/नवप्रदेश। लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन को आज कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने समर्थन दिया। धरने पर बैठी महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों को उजाड़ कर व्यावसायिक कांप्लेक्स बनाने की तैयारी कर रही है यह गरीबों की नहीं पूंजीपतियों की सरकार है। विधायक अटल ने कहा है कि बेलतरा क्षेत्र के विधायक कुंभकर्णी की नींद सो रहे हैं। उन्हें यहां की जनता की परेशानी से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि आज से 40 साल पहले कांग्रेस शासन काल में तत्कालीन मुख्यमंत्री

लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन को विधायक अटल श्रीवास्तव ने दिया समर्थन

अर्जुन सिंह ने लिंगियाडीह के लोगों को पट्टा दिया था। यहां गरीब रोजी मजदूरी करने वाले परिवार यहां मकान बनाकर रह रहे थे। अब सौन्दर्यकरण, व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने के नाम पर एक तरफ गरीबों का मकान थोड़ा जा रहा है तो दूसरी तरफ भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री आवास देने की बात कह रही है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा है कि यहां के लोगों को सौंदर्यकरण नहीं चाहिए यहां की जनता अपना घर बचाने के लिए सड़कों पर बैठी है। सौंदर्यीकरण नहीं गरीबों को छत मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि अब हमें अपने मकान बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़नी होगी। यहां के लोगों के साथ कांग्रेस खड़ी है। विधायक ने इमली पारा में पुराने दुकानदारों को हटाने का भी जिक्र किया और कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों को हटाकर बड़े उद्योगपति पूंजीपति, व्यापारियों को लाभ देने चाह रही है यह पूंजीपतियों की सरकार है।

सुविधा

यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने बिलासपुर रेल मंडल की पहल

बिलासपुर-यलहंका के मध्य 5-5 फेरे के लिए साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शीतकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बिलासपुर-यलहंका-बिलासपुर के मध्य 5-5 फेरे के लिये साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर-यलहंका(बेंगलुरु) शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 2 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु) -बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन यलहंका से 3 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर-यलहंका(बेंगलुरु) शीतकालीन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को बिलासपुर से 11 बजे रवाना होगी तथा भाटापारा आगमन 11.38 बजे, प्रस्थान 11.40 बजे, रायपुर आगमन 12.45 बजे, प्रस्थान 12.50 बजे, दुर्ग आगमन 14.20 बजे, प्रस्थान 14.25 बजे, राजनादगाँव आगमन 14.48 बजे, प्रस्थान 14.50 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, गोंदिया आगमन 16.25 बजे, प्रस्थान 16.35 बजे, वडसा आगमन 17.57 बजे, प्रस्थान 17.59 बजे, चांदाफोर्ट आगमन 19.43 बजे, प्रस्थान 19.45 बजे,

बल्लारशाह आगमन 20.20 बजे, प्रस्थान 20.30 बजे, सिरपुर कागजनगर आगमन 21.30 बजे, प्रस्थान 21.32 बजे, मंचिर्याल आगमन 22.10 बजे, प्रस्थान 22.12 बजे, काजीपेट आगमन 23.45 बजे, प्रस्थान 23.47 बजे तथा दूसरे दिन बुधवार को चर्लपल्ली आगमन 01.53 बजे, प्रस्थान 01.55 बजे, सिकंदराबाद आगमन 02.20 बजे, प्रस्थान 02.30 बजे, लिंगमपल्ली 03.15 बजे, प्रस्थान 03.17 बजे, विकाराबाद आगमन 04.08 बजे, प्रस्थान 04.10 बजे, तांडूर आगमन 04.50 बजे, प्रस्थान 04.52 बजे, यादगीर आगमन 07.08 बजे, प्रस्थान 07.10 बजे, कृष्णा जंक्शन आगमन 08.20 बजे, प्रस्थान 08.30 बजे, रायचूर आगमन 08.58 बजे, प्रस्थान 09.00 बजे, मंत्रालयम रोड आगमन 09.28 बजे, प्रस्थान 09.30 बजे, गुंटकल आगमन 11.10 बजे, प्रस्थान 11.20 बजे, गुत्ती आगमन 11.53 बजे, प्रस्थान 11.55 बजे, अनंतपुर आगमन 12.53 बजे, प्रस्थान 12.55 बजे, धर्मवरम आगमन 13.55 बजे, प्रस्थान 14.00 बजे होते हुये 18.30 बजे यलहंका पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को यलहंका से 21.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन गुरुवार को धर्मवरम आगमन 00.28 बजे, प्रस्थान 00.30 बजे, अनंतपुर आगमन 01.03 बजे, प्रस्थान 01.05 बजे, गुत्ती आगमन 02.03 बजे, प्रस्थान 02.05 बजे, गुंटकल आगमन 03.00 बजे, प्रस्थान 03.10 बजे, मंत्रालयम रोड आगमन 04.13 बजे, प्रस्थान 04.15 बजे, रायचूर आगमन 04.48 बजे, 04.50 बजे, कृष्णा जंक्शन आगमन 05.20 बजे , प्रस्थान 05.30 बजे, यादगीर आगमन 06.38 बजे, प्रस्थान 06.40 बजे, तांडूर आगमन 08.38 बजे, प्रस्थान 08.40 बजे, विकाराबाद आगमन 09.33 बजे, प्रस्थान 09.35 बजे, लिंगमपल्ली आगमन 10.30 बजे, प्रस्थान 10.32 बजे, सिकंदराबाद आगमन 11.10 बजे, प्रस्थान 11.20 बजे, चर्लपल्ली आगमन 11.43 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, काजीपेट आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.22 बजे, मंचिर्याल आगमन 15.10 बजे, प्रस्थान 15.12 बजे, सिरपुर कागजनगर आगमन 16.10 बजे, प्रस्थान 16.12 बजे, बल्लारशाह आगमन 19.30 बजे, प्रस्थान 19.40 बजे, चांदाफोर्ट आगमन 19.55 बजे, प्रस्थान 19.57 बजे, वडसा आगमन 21.38 बजे, प्रस्थान 21.40 बजे करेगी।

भारतीय वैज्ञानिकों ने बच्चों में दुर्लभ यूएसपी 18 जीन म्यूटेशन की पहचान की

नई दिल्ली/आई एएनएस। भारतीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने बच्चों में बार-बार होने वाली न्यूरोलॉजिकल गिरावट से जुड़ी ,एसपी 18 जीन में दुर्लभ म्यूटेशन की पहचान की है। दुनिया में इस तरह के केवल 11 मामले अब तक दर्ज किए गए थे, और भारत में यह पहला मामला है।

यह शोध इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ (बेंगलुरु) द्वारा रामजस कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) और रेडक्लिफ लैब्स के सहयोग से किया गया है। अध्ययन को जर्नल Clinical Dysmorphology में प्रकाशित किया गया है।

कौन-सा रोग है इससे जुड़ा?

यह म्यूटेशन Pseudo-TORCH syndrome type-2 से संबंधित है–एक अत्यंत दुर्लभ आनुवंशिक रोग, जिसमें बच्चों में ऐसे न्यूरोलॉजिकल लक्षण दिखते हैं जो जन्मजात संक्रमण जैसे लगते हैं, जबकि कोई संक्रमण होता नहीं है। यूएसपी18 जीन आमतौर पर शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। जब यह जीन ठीक से काम नहीं करता, तो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अत्यधिक सक्रिय हो जाती है और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाती है।

अध्ययन में मिला नया म्यूटेशन

शोधकर्ताओं ने SP18 जीन में पहले कभी रिपोर्ट न हुए c.358C>T (p.Pro120Ser) वेरिएंट की पहचान की। यह खोज बीमारी के कारणों को समझने में महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है।

डॉक्टरों ने क्या कहा?

डॉ. व्यकुंतराजु के. गौड़ा (पेडियाट्रिक न्यूरोलॉजी, IGICH) ने कहाः

सालों तक हम सिर्फ लक्षणों के आधार पर इलाज करते रहे। अब इस दुर्लभ स्क्क्ष8 म्यूटेशन की पहचान ने निदान को बदल दिया है और बच्चे के भविष्य को भी।÷

उन्होंने बताया कि इस खोज से:

- गलत या अनावश्यक इलाज से बचाव,
- सही थेरेपी का चयन,
- और परिवारों को सटीक जेनेटिक काउंसलिंग देने में मदद मिलेगी।
- कैसे पता चला यह म्यूटेशन?

शोध एक 11 वर्षीय बच्ची के मामले से शुरू हुआ, जिसमें शैशवावस्था से ही ये लक्षण थे:

बार-बार बुखार के साथ बेहोशी के दौरे
दौरे (seizures)
विकास में देरी
सिर का छोटा आकार

समय के साथ दिमाग में कैल्शियम जमा होना

उसके लिए एक्सोम सीक्वेंसिंग और माइटोकॉन्ड्रियल जीनोम सीक्वेंसिंग की गई, जिससे यह नया म्यूटेशन सामने आया।

शोधकर्ताओं के अनुसार

डॉ. हिमानी पांडे, सह-अनुसंधानकर्ता, ने बताया: ÷यह स्क्क्ष8 म्यूटेशन के कारण बार-बार होने वाली febrile encephalopathy का दुनिया में पहला मामला है। यह शोध यह भी दर्शाता है कि जिन बच्चों में कारण स्पष्ट न होने पर न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ दिखती हैं, उनमें जल्दी जेनेटिक टेस्टिंग बेहद महत्वपूर्ण है।

ट्रंप ने चीन को दी बड़ी राहत, उत्पादों पर बढ़ाई टैरिफ छूट

■ 14 उत्पाद और 164 अन्य औद्योगिक और मेडिकल उत्पाद जैसे शामिल

■ किस सेक्शन के तहत उठाया कदम

बीजिंग/ए. ।अमेरिका ने चीन से आने वाले 178 औद्योगिक और मेडिकल उत्पादों पर लगाई गई टैरिफ छूट को लगभग एक साल और बढ़ाने का फैसला किया है। ये छूटें पहले 29 नवंबर 2025 को खत्म होने वाली थीं, लेकिन अब इन्हें 10 नवंबर 2026 तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी अमेरिका के यूएस ट्रेड रिप्रजेंटेटिव ऑफिस ने बुधवार को दी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका और चीन के बीच नवंबर की शुरुआत में व्यापार और आर्थिक मुद्दों पर समझौता हुआ था।

इन छूटों में सोलर पैनल बनाने वाली मशीनों से जुड़े 14 उत्पाद और 164 अन्य औद्योगिक और मेडिकल उत्पाद जैसे शामिल हैं। इसमें इलेक्ट्रिक मोटर, ब्लड प्रेशर मॉनिटर, पंप पार्ट्स, ऑटो एयर कंप्रेसर, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड भी शामिल हैं। अब इन उत्पादों पर आयात शुल्क नहीं लगेगा या काफी कम हो जाएगा, जिससे अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं को लागत में काफी राहत मिलेगी।

'सेक्शन 301' जांच पर चीन की प्रतिक्रिया

पहले भी चीन ने 'सेक्शन 301' जांच को राजनीतिक करार दिया था। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका इस जांच के जरिए सामान्य व्यापार को राजनीतिक रंग दे रहा है, जो पूरी तरह गलत और मनमाना फैसला है। डब्ल्यूटीओ ने भी पहले यह फैसला दिया था कि अमेरिका द्वारा लगाए गए ये 'सेक्शन 301' टैरिफ डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ हैं।

अमेरिकी फैसले का क्या मतलब?

अमेरिका के इस फैसले से यह साफ है कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापार में तनाव थोड़ा कम हुआ है। अमेरिकी उद्योगों को सस्ते चीनी मशीन, मेडिकल उपकरण और टेक्नोलॉजी मिलते रहेंगे। सोलर उद्योग को यह कदम बड़ी राहत देगा, क्योंकि उत्पादन लागत कम होगी।

दुनियाभर में कई जगहों पर संघर्ष जारी हैं: सेनाध्यक्ष

नई दिल्ली(आईएएनएस)। नई दिल्ली में आयोजित चाणक्य डिफेंस डायलॉग में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना की भावी रणनीति, सैन्य परिवर्तनों और राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण का व्यापक खाका पेश किया। सेना प्रमुख ने कहा कि विश्व अत्यधिक अस्थिर, बहुध्रुवीय और संघर्षग्रस्त होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल दुनिया के 50 से अधिक क्षेत्रों में संघर्ष जारी हैं। इससे वैश्विक असुरक्षा लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यह मूल प्रश्न उठता है कि तेजी से बदलती इन वैश्विक परिस्थितियों में भारतीय सेना को किस दिशा में रूपांतरित होना चाहिए। सेनाध्यक्ष ने यहां प्रधानमंत्री के 5-एस दृष्टिकोण का उल्लेख भी किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के 5-एस दृष्टिकोण यानी सम्मान, संवाद, सहयोग, समृद्धि और सुरक्षा के आधार पर भारत अमृतकाल से विजन 2047 की ओर बढ़ रहा है। इसी विजन से इस वर्ष का विषय रखा गया है जिसका शीर्षक 'रिफार्म टू ट्रांसफॉर्म- सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत' है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चार प्रमुख स्प्रिंगबोर्ड या प्रेरक आधार बताए। राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता लक्ष्यों के अनुरूप सैन्य ढांचे को तेजी से पुनर्गठित किया जा रहा है।

तीन-चरणीय योजना तैयार

सेना ने आने वाले वर्षों के लिए तीन-चरणीय योजना तैयार की है। चरण-1 के अंतर्गत वर्ष 2032 तक परिवर्तन के दशक के अंतर्गत तीव्र बदलाव की रूपरेखा तय है। चरण-2 में 2037 तक पहले चरण में हासिल उपलब्धियों का विस्तार एवं स्थिरीकरण निश्चित किया गया है। चरण-3 में जंप यानी भविष्य के लिए 2047 तक पूर्णत एकीकृत, बहु-क्षेत्रीय, आधुनिक और तैयार सेना का निर्माण तय किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को रक्षा मंत्रालय ने सुधार वर्ष घोषित किया है, जिसका प्रभाव ऑपरेशन 'सिंदूर' जैसी उपलब्धियों में दिखा है। भारतीय सेना के परिवर्तन के चार प्रमुख आधार बताए गए।

आत्मनिर्भरता यानी स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण

इनमें आत्मनिर्भरता यानी स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण शामिल है। वहीं रक्षा निर्माण, अंतरिक्ष तकनीक और आधुनिक सैन्य प्रणालियों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। हालांकि अभी भी व्यापक क्षमता निर्माण की आवश्यकता है ताकि भारत स्वयं की जरूरतें स्वयं पूरी कर सके। वहीं अनुसंधान यानी त्वरित नवोन्मेष को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सेना प्रमुख ने बताया कि आइडेक्स और 'अदिति' जैसे कार्यक्रम विचार से प्रोटोटाइप तक तेजी ला रहे हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर, क्वांटम, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक सामग्री के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। तीसरा अनुकूलन और रक्षा ढांचे में सुधार है।

कफ सीरप की बांग्लादेश तक सप्लाई, मास्टरमाइंट को एसटीएफ ने दबोचा

लखनऊ/ए.। कोडीन मिक्स कफ सिरप की तस्करी मामले में सिंडिकेट के फरार मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के करीबी अमित सिंह टाटा को एसटीएफने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूछताछ की जा रही है। इसके पिता अशोक सिंह पर एफआईआर दर्ज है। सिरपकांड में एसटीएफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि झारखंड की फर्म देवकृपा अमित सिंह टाटा से जुड़ी है। इस पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल है, जो दुबई भाग चुका है। ज्ञात हो कि 18 अक्तूबर को सोनभद्र पुलिस ने इस सिंडिकेट का खुलासा किया था। इसके बाद 4 नवंबर को गाजियाबाद से सौरभ त्यागी की गिरफ्तारी हुई। 5 नवंबर को शुभम जायसवाल दुबई भाग गया। अमित टाटा के करीबी भी एसटीएफके रडार पर हैं।

दुबई में बैठा आसिफ भी सिंडिकेट से जुड़ा

अमित टाटा के करीबी भी एसटीएफके रडार पर हैं। यूपी पुलिस से बर्खास्त एक सिपाही तक भी एसटीएफपहुंची है। कोडीन मिक्स कफसिरप भारत ही नहीं बांग्लादेश भी भेजा जाता है। दुबई में बैठा मेरठ का आसिफ भी इस सिंडिकेट से जुड़ा बताया जा रहा है। झारखंड से बांग्लादेश बॉर्डर तक कफ सिरप पहुंचाने के पीछे 'आईडी' नामक शख्स बताया जा रहा है। इसकी भी तलाश जारी है।

पीएम और देश का अपमान करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी

नई दिल्ली/आई एएनएस। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने गुरुवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता विदेशों में बैठकर सोशल मीडिया के माध्यम से भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। प्रेसवार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 से लगातार कांग्रेस पार्टी, विशेषकर राहुल गांधी और उनकी टीम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

संबित पात्रा ने कहा, राहुल गांधी विदेश जाकर देश के खिलाफ बयान देते हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका में बैठे उनके लोग, जिनका भारत से कोई सीधा संबंध नहीं है, वे भारत में नैरेटिव सेट करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है, जिसके माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि किसी अकाउंट का उपयोगकर्ता किस देश में स्थित है।

उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का आधिकारिक अकाउंट, भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय का अकाउंट और उनका (संबित पात्रा) व्यक्तिगत अकाउंट, सभी भारत का ही लोकेशन दिखाते हैं। वहीं विपक्ष पर हमला तेज करते हुए पात्रा ने कहा, ÷कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का अकाउंट संयुक्त राज्य अमेरिका दिखा रहा है। आईएनसी महाराष्ट्र का अकाउंट पहले आयरलैंड लोकेशन दिखाता था, लेकिन फीचर आने के बाद इसे भारत में बदल दिया गया है।

हांगकांग अग्निकांड में अब तक 55 की मौत, 279 लोग लापता

हांगकांग। हांगकांग में रिहायशी इमारतों में लगी भीषण आग में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 55 हो गया है और 279 लोग अभी भी लापता हैं। इस अग्निकांड को हांगकांग के इतिहास की सबसे भयानक आग की घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। चीनी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, 68 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से 16 की हालत गंभीर है और 25 अन्य की हालत भी गंभीर है, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि रिहायशी इमारतों पर लगे सुरक्षा नेट्स, वाटरप्रूफकैनवास और प्लास्टिक की चादर के चलते आग तेजी से भड़की और पूरे ब्लॉक में फैल गई। साथ ही खिड़कियों को सील करने के लिए पॉलीयूरेथेन फोम का इस्तेमाल किया गया, जो कि बेहद ज्वलनशील तत्व है, इसकी वजह से भी आग विकराल हुई। हांगकांग के उपनगरीय इलाके ताई पो में ये घटना हुई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, आग एक इमारत में लगी थी, लेकिन शाम तक वह सात इमारतों में फैल गई थी।

सोयूज रॉकेट से नासा और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों की सफल लॉन्चिंग

मॉस्को/ए.। अंतरिक्ष के नए अध्याय में अमेरिका और रूस की संयुक्त टीम गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए सफ्लतापूर्वक रवाना हुई। नासा के अंतरिक्ष यात्री क्रिस विलियम्स और रूस के दो अनुभवी कॉस्मोनॉट सेर्गेई मिकायेव और सेर्गेई कुद-स्वेर्चकोव ने कजाखस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से सोयूज रॉकेट में उड़ान भरी। उड़ान के बाद मिशन कंट्रोल ने पुष्टि की कि सोयूज स्क्र-28 निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और सभी तीनों सदस्यों की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में हुआ है जब वैश्विक तनावों के बीच भी अमेरिका और रूस वैज्ञानिक सहयोग को अंतरिक्ष में बनाए रख रहे हैं। सोयूज एमएस-28 का स्टेशन से डॉकिंग का समय लॉन्च के करीब तीन घंटे बाद तय किया गया है, जिससे यह उन तेज मिशनों में शामिल हो जाता है जो आईएसएस तक की यात्रा अवधि को कम करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं।

अंतरिक्ष में बिताएंगे आठ महीने

टीम लगभग आठ महीने आईएसएस पर बिताएगी, जहां वे वैज्ञानिक प्रयोग, माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान और स्टेशन रखरखाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम देंगे। मिशन का उद्देश्य पृथ्वी के वातावरण, जैविक प्रक्रियाओं और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों का अध्ययन जारी रखना है।

रूस में आठ लोगों को मृत्युदंड

मॉस्को/ए.। रूस की एक अदालत ने गुरुवार को आठ लोगों को आतंकवाद के आरोपों में दोषी ठहराया। ये सभी लोग कथित तौर परर कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र को मॉस्को से जोड़ने वाले पुल पर हमले शामिल थे। यह पुल यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना के लिए एक अहम आपूर्ति मार्ग है। अदालत ने सभी लोगों मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अक्तूबर 2022 में यह हमला हुआ था। एक ट्रक में बम फटने से पुल के दो हिस्से टूट गए थे और उनकी मरम्मत में कई महीने लगे थे। धमाके में ट्रक चालक और पास की कार में बैठे चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। रूस ने इसे आतंकवादी हमला करार दिया था और इसके जवाब में यूक्रेन की सार्वजनिक संपत्ति पर बमबारी शुरू की, खासकर सर्दियों में देश की बिजली प्रणाली को निशाना बनाया गया। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा एसबीयू ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। रूसी, यूक्रेनी और आर्मेनियाई नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांच अन्य लोगों पर अदालत में गैरहाजिर रहते हुए आरोप लगाए गए।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

मार्की खिलाड़ियों में सबसे महंगी रहीं दीप्ति शर्मा, 3.2 करोड़ की बोली लगी

नई दिल्ली/ए.। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र के लिए हुई मेगा नीलामी में मार्की खिलाड़ियों में भारत की दीप्ति शर्मा सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। दीप्ति को लेने के लिए शुरुआत में सिर्फ दिल्ली ने रुचि जताई, लेकिन यूपी वारियर्स ने राइट टू मैच (आरटीएम) का इस्तेमाल किया जिसके बाद दिल्ली ने दीप्ति का भाव बढ़ा दिया। हालांकि, यूपी ने इसे स्वीकार किया।

हीली पहली बार में रहीं अनसोल्ड

मेगा नीलामी में सबसे पहले मार्की खिलाड़ियों की बोली लगी। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली नीलामी में उतरीं जिनका आधार मूल्य 50 लाख रुपये था। हालांकि, पहली बार में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा और वह अनसोल्ड रहीं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन दूसरे नंबर पर आईं जिनका आधार मूल्य 50 लाख रुपये था। डिवाइन के लिए टीमों ने रुचि जताई जिनमें आरसीबी और गुजरात के बीच शामिल रहीं। इन दोनों फ्रेंचाइजी के बीच डिवाइन को लेने की होड़ दिखी। बीच में दिल्ली कैपिटल्स भी दौड़ में शामिल हुई। गुजरात ने दो करोड़ रुपये की बोली लगाई और दिल्ली-आरसीबी पीछे हट गईं। डिवाइन को गुजरात जाएंट्स ने दो करोड़ रुपये में खरीदा।

दीप्ति के लिए यूपी ने किया आरटीएम का इस्तेमाल

भारत की दीप्ति शर्मा नीलामी में उतरीं जिनका आधार मूल्य 50 लाख रुपये था। उम्मीद की जा रही थी कि दीप्ति के लिए बड़ी बोली लगेगी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें आधार मूल्य पर लेने की इच्छा जताई। दीप्ति के लिए दिल्ली के अलावा किसी टीम ने रुचि नहीं जताई। हालांकि, यूपी वारियर्स ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया। दिल्ली ने यूपी के सामने दीप्ति को लेने के लिए 3.2 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा और यूपी वारियर्स ने दिल्ली का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस तरह यूपी ने दीप्ति को आरसीटीएम के जरिये 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा। यूपी ने नीलामी से पहले दीप्ति को रिलीज कर दिया था। लेकिन अब एक बार फिर वह डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व करेंगी।

हरे निशान पर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार; सेंसेक्स 110 अंक उछला

नई दिल्ली/ए.। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीद और विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच गुरुवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने कारोबार के दौरान नई ऊंचाई को छुआ। आयातकों और बैंकों की ओर से अधिक मांग के कारण डॉलर में मजबूती के बीच गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे टूटकर 89.30 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड

लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 110.87 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़कर 85,720.38 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 446.35 अंक या 0.52 प्रतिशत की उछाल के साथ 86,055.86 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। बेंचमार्क का इससे पहले का सर्वकालिक उच्च स्तर 27 सितंबर, 2024 को 85,978.25 था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 10.25 अंक या 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,215.55 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान, बेंचमार्क 105.15 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,310.45 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले, व्यापक सूचकांक ने 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 के अपने रिकॉर्ड इंट्रा-डे उच्च स्तर को छुआ था।

एयरटेल एमडी का अलर्ट: मुख्य बैंक खाते से UPI भुगतान करना बढ़ा रहा है डिजिटल फ्रॉड का जोखिम

नई दिल्ली। डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई ना कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा।इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है। जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा।

तेलुगु सिनेमा में बॉलीवुड की चमक, प्रियंका से शनाया तक



ये फिल्में तेलुगु सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी, जहां बॉलीवुड की चमक साउथ की ताकत से मिलकर कमाल करेगी। इन आगामी फिल्मों में प्रियंका का एक्शन, तमन्ना का हॉरर और शनाया का फैंटसी एडवेंचर नजर आएगा। साउथ इंडियन सिनेमा, खासकर तेलुगु फिल्में, हमेशा से अपनी भव्यता और मजबूत कहानियों के लिए मशहूर रही हैं। लेकिन अब इसमें बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्रियां भी शामिल हो गई हैं। 2025 में कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां तेलुगु फिल्मों में एक्शन से भरी रोमांस वाली कहानियां लेकर आ रही हैं। इनमें डरावनी हॉरर स्टोरी भी शामिल हैं। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस तेलुगु सिनेमा में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही है, जो 2027 में रिलीज होगी। यह एक टाइम-ट्रैवल फिल्म है, जिसमें समय यात्रा, एक्शन और रोमांस का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा। प्रियंका इसमें मंदाकिनी का किरदार निभा रही हैं, जो एक मजबूत और रहस्यमयी महिला है। महेश बाबू फिल्म में 'रुद्र' और पृथ्वीराज सुकुमारन 'कुम्भा' के किरदार में नजर आएंगे। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी, जो बॉलीवुड में 'आजाद' से डेब्यू कर चुकी हैं, अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू की तैयारी कर रही हैं।

10 हजार महिलाओं की 1 करोड़ की राशि अटकने के कगार पर

खतरे में सम्मान : ई-केवाईसी नहीं कराया तो अगली किस्त मिलने पर संशय

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में जिले की लगभग 9 हजार 223 महिला हितग्राहियों का अभी तक ई-केवाईसी पूरा नहीं हो पाया है। समय रहते यदि ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो इन महिलाओं को मिलने वाली आगामी 21वें किस्त की राशि 92 लाख 23 हजार रुपए अटक सकते हैं।

प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना लागू की है। सरकार का दावा है कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन ई-केवाईसी नहीं होने पर महतारियों की अगली 21वें किस्त पर खतरा मंडराने लगा है। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आज की स्थिति में जिले के 9223 महिलाओं ने अपने खाते का ई-केवाईसी नहीं कराया है। इसलिए यह राशि अगली किस्त में मिल सकेगा या नहीं इसको लेकर संशय की स्थिति है। जिला प्रशासन महिलाओं से लगातार अपील कर रही है कि, वे जल्द से जल्द अपना ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। नगर निगम क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पंचायत स्तर पर

सुविधा केंद्रों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी महिला को परेशानी का सामना न करना पड़े।

शहर के मुकाबले गांव की महिलाएं अधिक जागरूक- जिले में महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं शहरी क्षेत्र से आगे नजर आ रही हैं। जिले का कुल लक्ष्य 19,610 लाभार्थियों का है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र का लक्ष्य 11,502 और शहरी क्षेत्र का 8,108 रखा गया था। अब तक कुल 10,387 महिलाओं की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र की 6,715 महिलाएं शामिल हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में केवल 3,668 महिलाओं ने यह प्रक्रिया पूरी की है। आंकड़े बताते हैं कि गांव नयोज की महिलाएं योजना को लेकर अधिक जागरूक और सक्रिय हैं।

4.18 लाख महिलाएं प्रतिमाह उठा रहीं लाभ

महतारी वंदन योजना के तहत जिले में 4 4 लाख 18 हजार महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। नवंबर माह में शासन ने 21वीं किस्त जारी की है। प्रदेश में कुल 69.26 लाख महिलाएं का इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं वहीं 4 लाख 18 हजार महिलाओं ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराया है। यदि समय रहते ई-केवाईसी नहीं कराया तो इन महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

पारदर्शिता के लिए जरूरी

योजना की पारदर्शिता के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है, शासन की मंशा है कि उक्त राशि पात्र हितग्राही तक पहुंचे। इसलिए अपील की गई है ताकि अपनी प्रक्रिया पूरी कर लें और उन्हें योजना का नियमित लाभ मिलता रहे।

सुरेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग

न्यूज गैलरी

शराब दुकान में करोड़ों का क्यूआर कोड घोटाला उजागर

बचेली/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की अंग्रेजी शराब दुकान में सेल्समैनों ने सरकारी क्यूआर कोड हटाकर अपना निजी क्यूआर कोड लगा दिया। ग्राहकों का पूरा ऑनलाइन पेमेंट सीधे कर्मचारियों के खाते में चला गया। मात्र 14 दिनों में करीब 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई, जबकि इस अवधि में दुकान की कुल बिक्री 2 करोड़ से अधिक थी। सरकारी खाते में ऑनलाइन पेमेंट लगभग शून्य रहा, फिर भी विभाग को 14 दिन तक भनक नहीं लगी। रायपुर से पहुंची आबकारी विभाग की विशेष जांच टीम ने पुराने स्टाफ को हटाया, नए कर्मचारी तैनात किए। चारों आरोपियों पर जांच के तीसरे दिन भी एफआईआर दर्ज करने की तैयारी चल रही है। अधिकारियों का अनुमान है कि घोटाला 1 करोड़ से कहीं अधिक हो सकता है और यह पहली बार नहीं हुआ। पूरी जांच के बाद कई और खुलासे होने की संभावना है। आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

6 वर्षीय बालिका की संदिग्ध हालत में मिली लाश, जांच शुरू

रायगढ़/नवप्रदेश। मंगलवार शाम को एक बच्ची घर के बाहर खेलते-खेलते गायब हो गई थी, जिसकी बुधवार को सुबह पड़ोसी के घर में संदिग्ध हालत में लाश मिली है। परिजन हत्या की आशंका जताते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अलग-अलग बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। उक्त घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र निवासी 6 वर्षीय बालिका लैलूंगा थाना क्षेत्र निवासी अपने मामा के घर में रहकर कुर्रा स्थित कन्या आश्रम रहकर कक्षा दूसरी की पढ़ाई करती थी। इस दौरान विगत 17 नवंबर को उसकी मां अपने मायके गई थी, जिससे बालिका आश्रम से आकर मां के साथ मामा के घर में रह रही थी। इस दौरान 25 नवंबर की शाम लगभग 5-6 बजे के आस-पास घर के बाहर खेल रही थी। काफी देर तक जब बच्ची घर नहीं आई तो परिजन उसकी खोज-बीन शुरू किए, लेकिन रात में कुछ पता नहीं चला। ऐसे में बुधवार को सुबह जब फिर से खोज-बीन शुरू हुआ तो पड़ोस के घर में उक्त बच्ची मृत हालत में मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मर्ग पंचनामा दर्ज करते हुए शव को लैलूंगा अस्पताल भेजी, जहां देर शाम तक पीएम उपरांत शव परिजनों को सौप दिया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

नवोदय विद्यालय में छात्र की मौत प्रबंधन के खिलाफ चक्काजाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में दो दिन पहले 10वीं के छात्र हर्षित यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद अब मामला के खिलाफ सड़क पर उतर आए और कई घंटों तक विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने मेडिकल सुविधा की कमी, खराब हॉस्टल व्यवस्था और व्यवस्थाओं की निवासी हर्षित यादव नवोदय विद्यालय में कक्षा 10वीं में पढ़ रहा था और हॉस्टल में रहता था। परिजनों के मुताबिक, छात्र की तबीयत बिगड़ने के बाद भी समय पर इलाज उपलब्ध नहीं हुआ। हर्षित को एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण उसके पिता को छात्र को बाइक पर बांधकर अस्पताल ले जाना पड़ा। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार ने इसे लापरवाही बताया। मौत के दो दिन बाद जब प्रबंधन की ओर से कोई समाधान या कदम नहीं उठाया गया, तो छात्रों ने सामूहिक रूप से विरोध का निर्णय लिया। वे सुबह से विद्यालय गेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे। उनका कहना है कि शिकायतें वर्षों से की जा रही हैं लेकिन सुनवाई कभी नहीं हुई।

नए विधानसभा भवन के पहले सत्र के लिए लगे 600 सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने की संभावना है। शीतकालीन सत्र नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा भवन में होगा। सत्र को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष के विधायकों ने चार दिनों में 628 सवाल लगाए है। इसमें तारांकित 333 और अतारांकित 295 सवाल है। उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम (शीत) सत्र आगामी 14 दिसंबर से प्रारंभ होगा, जो 17 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल 4 बैठकें होगी, पहले दिन 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विजन 2047 पर चर्चा होगी। शीतसत्र को लेकर गत 18 नवंबर को सचिव विधानसभा दिनेश शर्मा ने अधिसूचना जारी की। अधिसूचना जारी होने के बाद सदस्यों ने सवाल लगाना शुरू कर दिया है शीतकालीन सत्र में आमतौर पर किसानों से जुड़े मुद्दे गूंजते हैं, लेकिन इस बार धान खरीदी व्यवस्था के साथ-साथ बिजली बिल की दर में यूटर्न, जमीनों की नई गाइडलाइन दर के अलावा कई घोटालों और घपलों की गूंज सुनाई देगी। विजन 2047 की चर्चा में भी विपक्ष के कड़े तेवर देखने को मिल सकते हैं। दरअसल राज्य में भाजपा की सरकार के दो साल का कार्यकाल भी 13 दिसंबर को पूरा हो रहा है।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तक

रायपुर/नवप्रदेश। अदय साहस, शौर्य, वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय देने वाले बच्चों को समानित करने के लिए प्रतिष्ठित राज्य वीरता पुरस्कार के लिए राज्य शासन ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार उन बालक-बालिकाओं को समर्पित है, जिन्होंने किसी विशेष घटना में निःस्वार्थ भाव से किसी जीवन को बचाने या गंभीर क्षति से संरक्षित करने का साहसिक कार्य किया हो। पुरस्कार के लिए पात्रता में आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम होना अनिवार्य है तथा घटना की अवधि 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर के बीच होनी चाहिए। चयनित बच्चों को 25,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर तक संबंधित जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

सीएसवीटीयू में परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों पर बड़ी कार्रवाई

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) में लंबे समय से उठते रहे परिवारवाद और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच बुधवार को बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रभारी कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है और उन्हें उनकी मूल पदस्थापना शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, अंबिकापुर वापस भेजने का आदेश जारी किया गया है।

इसी क्रम में पीएचडी विभाग की प्रभारी रहीं दिप्ती वर्मा को भी उनके मूल पद, सीएसवीटीयू यूटीडी के कंप्यूटर साइंस विभाग में फैकल्टी के रूप में भेज दिया गया है। एक ही दिन में जारी इन दो आदेशों ने विवि परिसर में हलचल बढ़ा दी।

नए प्रभारी कुलसचिव की जिम्मेदारी यूटीडी के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित सिंह राजपूत को सौंपी गई है। वहीं स्थापना विभाग के डॉ. आर.एस. ठाकुर को अतिरिक्त रूप से पीएचडी प्रकोष्ठ का प्रभार दिया गया है।

जांच में आरोप साबित, इसलिए दबाव में आया विवि: जांच में यह भी सामने आया कि दिप्ती वर्मा ने संबद्धता शाखा में रहते हुए कथित तौर पर नियमों की अनदेखी की और संसाधनों की कमी वाले कॉलेजों को पैसे लेकर संबद्धता दी। छत्तीसगढ़ लोक आयोग ने इस मामले में दिप्ती वर्मा सहित पूर्व कुलपति डॉ. एमके वर्मा, पूर्व कुलसचिव डॉ. के.के. वर्मा, पूर्व कुलसचिव डॉ. डी.एन. सिरसांत और जी.आर. साहू पर कार्रवाई की सिफारिश की है। आरोपों में यह भी शामिल है कि तत्कालीन कुलसचिव डॉ. के.के. वर्मा ने अपनी बेटी दिप्ती वर्मा और दामाद डॉ. अंकित अरोरा को शासन की अनुमति के बिना ही अटैचमेंट पर सीएसवीटीयू में पदस्थ किया। फिलहाल यह मामला बिलासपुर हाईकोर्ट में लंबित है, जहां से सभी को अंतरिम स्टे मिला हुआ है।

कार्रवाई में देरी क्यों हुई?

सूत्रों के अनुसार, शासन द्वारा भेजे गए रिलीविंग आदेशों को उस समय के कुछ अधिकारियों ने आगे नहीं बढ़ाया, जिससे कार्रवाई लंबित हो गई। यहां तक कि एक पत्र गुम या चोरी होने का मामला भी सामने आया था, जिस पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। छात्र संगठनों और आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार दबाव से निर्णय आया।

> शासन के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। प्रभारी कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा को कार्यमुक्त कर दिया गया है और दिप्ती वर्मा को उनके मूल पद पर भेज दिया गया है। नए प्रभारी कुलसचिव के रूप में यूटीडी के सहायक प्राध्यापक को नियुक्त किया गया है।
>
> **– डॉ. अरुण अरोरा,** कुलपति, सीएसवीटीयू

साल 2024 में तकनीकी शिक्षा संचालनालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सीएसवीटीयू में अधिकारियों के स्तर पर परिवारवाद का दखल बढ़ गया है और कई गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। जांच समिति ने पिछले वर्ष ही अपनी रिपोर्ट सौंपकर आरोपों को सही पाया। अनुशंसा में साफ कहा गया था कि अंबिकापुर से अटैचमेंट पर आए डॉ. अंकित अरोरा और दिप्ती वर्मा को वापस भेजा जाए। शासन ने 21 मार्च 2024 को रिलीविंग आदेश भी भेजा, लेकिन दोनों अधिकारी लगभग दो वर्ष तक पद पर बने रहे।

किडनी के मरीजों को अब केजीएच में मिलेगी उपचार की सुविधा

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में किडनी के मरीजों की जांच व उपचार की सुविधा प्रदान करने के लिए अब सप्ताह में एक दिन नेफ्रोलॉजिस्ट (किडनी रोग विशेषज्ञ) की सुविधा मिलेगी, ताकि मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना न पड़े।

जिले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल व जिला अस्पताल होने के बाद भी किडनी के मरीजों को प्रायवेट अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ता है, क्योंकि इतने बड़े-बड़े अस्पताल होने के बाद भी विशेषज्ञों का अभाव होने के कारण मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। इसको देखते हुए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के पहल पर अब जिला अस्पताल में नेफ्लोलॉजिस्ट (किडनी रोग विशेषज्ञ) की सुविधा चालू की जा रही है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ दिनेश पटेल ने बताया कि जिले में किडनी के बहुत सारे मरीज है, जिनको हर हमेशा निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, इससे उनको अधिक रुपए खर्च करने पड़ते है। जिसको ध्यान में रखते हुए उच्चाधिकारियों की पहल पर अब मेट्रो अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना पटेल सप्ताह में एक दिन अपनी सेवाएं जिला अस्पताल में देंगी। ऐसे में यह सुविधा इस माह 28 नवंबर से शुरू होगी। जिसके लिए जिला अस्पताल में दोपहर 12 बजे से दो बजे तक ओपीडी होगा। जिसमें मरीज फ्री में अपना जांच व उपचार करा सकेगे। साथ ही अगले माह से इसके लिए एक दिन फिक्स होगा, जिसमें हर गुरुवार व शुक्रवार का दिन तय रहेगा।

डायलिसिस की भी मिलेगी सुविधा

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल आने वाले किडनी मरीजों को दवाई से लेकर डायलिसिस तक की सुविधा प्रदान की जाएगी, इसके लिए भी सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। वहीं अभी तक जिला अस्पताल में दो डायलिसिस मशीनें थी, लेकिन बढ़ रहे मरीजों की संया को देखते हुए अब दो और मशीनें लगाई जा रही है, इससे एक साथ चार मरीजों का डायलिसिस हो सकेगा, साथ ही उनको दवाईयां भी फ्री में दी जाएगी, ताकि मरीज व परिजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

मातागुड़ियों-मंदिरों के लिए 1 करोड़ रुपए स्वीकृत

जगदलपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के लोगों की मांग के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव ने मातागुड़ी और मंदिरों के उन्नयन के लिए प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद अब आखिरकार मातागुडियों, देवगुडियों और मंदिरों का उन्नयन व विकास के लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है। बस्तर विकास प्राधिकरण से रुपए की स्वीकृति मिली है, जिससे स्थानीय आस्था केंद्रों को नया स्वरूप मिलेगा। विधायक देव ने कहा कि यह हमारी भावनाओं से जुड़े हैं, इनका विकास हमारी प्राथमिकता है। यह स्वीकृति बस्तर के ग्रामीण-नगरीय क्षेत्रों में चौमुखी विकास का हिस्सा बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। हमारी सभी मांगें पूरी हो रही हैं। कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे, जो स्थानीय आस्था को मजबूत करेंगे।

1. बीजापुट उपनपाल कोंदई माता गुड़ी - 15 लाख
2. रामपाल करनपुर शिव गुड़ी - 10 लाख
3. करनपुर ठाकुरानी माता गुड़ी - 5 लाख
4. हल्बाकचौरा गंगादई माता गुड़ी - 20 लाख
5. छत्रपति शिवाजी वार्ड हिंगलाजिन माता गुड़ी - 5 लाख
6. गुण्डाधुर वार्ड शिव गुड़ी - 10 लाख
7. प्रवीर वार्ड लक्ष्मी नारायण मंदिर - 10 लाख
8. विजय वार्ड शीतला माता मंदिर - 10 लाख
9. सुभाष चंद्र बोस वार्ड टेकरी हनुमान मंदिर - 10 लाख
10. अब्दुल कलाम वार्ड हिंगलाजिन माता गुड़ी - 5 लाख

'भीम' ने लॉन्च किया यूपीआई सर्कल फुल डेलीगेशन फीचर

- अल्प कूलिंग पीरियड के बाद तुरंत यूपीआई भुगतान शुरू कर सकते हैं
- निर्धारित सीमा के भीतर अधिकृत यूपीआई भुगतान अब संभव

रायपुर/नवप्रदेश। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड, जो नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफइंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है ने 'भीम पेमेंट्स एप' पर 'यूपीआई सर्कल फुल डेलीगेशन फीचर' की शुरुआत की घोषणा की। यह नई सुविधा उपयोगकर्ताओं को अपने भरोसेमंद संपर्कों को उनकी ओर से एक निश्चित मासिक सीमा के भीतर यूपीआई भुगतान करने की अनुमति देती है, जिससे साझा और घरेलू वित्तीय प्रबंधन को सरल बनाया जा सकेगा। साथ ही पूर्ण पारदर्शिता और नियंत्रण भी सुनिश्चित रहेगा।

यूपीआई सर्कल अब नए भीम पेमेंट्स एप (वर्जन 4.0.10) पर उपलब्ध है। इस अपडेट में स्पिलिट एक्सपेंस, फेमिली मोड, स्पेंड एनालिस्टिक, बहुभाषीय समर्थन और एक नया आकर्षक यूजर इंटरफेस जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

यूपीआई सर्कल का उपयोग

करते समय सबसे पहले भीम पेमेंट्स एप खोलें और होम स्क्रीन पर यूपीआई सर्कल सेक्शन में जाएं। इसके बाद इनवाइट टू सर्कल पर टैप करें और संपर्क नंबर दर्ज करें। तत्पश्चात उपयोगकर्ता का यूपीआई आईडी दर्ज करें या उनका क्यूआर कोड स्कैन करें। फिर अपूव अ मंथली लिमिट (फुल डेलीगेशन) विकल्प चुनें। फिर संबंध चुनें (जैसे बच्चा, जीवन साथी, स्टॉफ) और आधार या अन्य दस्तावेजों से पहचान सत्यापित करें। इसके बाद मासिक खर्च सीमा (अधिकतम 15,000) और वैधता अवधि (न्यूनतम 1 माह से अधिकतम 5 वर्ष) तय करें। तत्पश्चात पसंदीदा बैंक खाता चुनें और यूपीआई पिन डालकर डेलीगेशन को अधिकृत करें और अंत में द्वितीयक उपयोगकर्ता अनुरोध स्वीकार करता है और अल्प कूलिंग पीरियड के बाद तुरंत यूपीआई भुगतान शुरू कर सकता है।

परिवारों, आश्रितों या कर्मचारियों के बीच दैनिक डिजिटल भुगतान होगा सुगम

इस फीचर के तहत, एक प्राथमिक उपयोगकर्ता एक द्वितीयक उपयोगकर्ता को अपने खाते से सीधे यूपीआई भुगतान आरंभ करने और पूरा करने की अनुमति दे सकता है। प्राथमिक उपयोगकर्ता 15,000 तक की मासिक खर्च सीमा और अधिकतम 5 वर्ष तक की वैधता अवधि तय कर सकता है। यह सुविधा परिवारों, आश्रितों या कर्मचारियों के बीच दैनिक डिजिटल भुगतान को सुगम बनाती है। साथ ही सभी लेन-देन पर स्पष्ट निगरानी भी रखती है। यूपीआई सर्कल फुल डेलीगेशन भरोसेमंद उपयोगकर्ताओं को बिना अपने बैंक लिंक्ड यूपीआई आईडी या बैंकखाते के सुरक्षित रूप से डिजिटल भुगतान में भाग लेने का अवसर प्रदान कर वित्तीय सशक्तीकरण को बढ़ावा देता है। एनबीएसएल की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ललिता नटराज के अनुसार फुल डेलीगेशन के साथ यूपीआई सर्कल रियल टाइम अनुमोदन से आगे बढ़कर भरोसेमंद, स्वायत्त भुगतान को सक्षम बनाता है। यह भारतीय परिवारों और व्यवसायों के स्वाभाविक कार्य करने के तरीके को दर्शाता है, जो विश्वास, लचीलापन और जवाबदेही पर आधारित है।

प्रदेश के किसान अब परंपरागत धान की खेती के साथ-साथ फल, फूल और सब्जियों की खेती में भी रुचि दिखा रहे

छत्तीसगढ़ की मिट्टी में खिलेगा कीमती फूल लिसिएंथस

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के किसान अब परंपरागत धान की खेती के साथ-साथ फल, फूल और सब्जियों की खेती में भी रुचि दिखा रहे हैं। इस दिशा में एक नई शुरुआत हो रही है, जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर कृषि महाविद्यालय के उद्यानिकी विभाग में एक खास फूल लिसिएंथस पर शोध किया जा रहा है। यह फूल दिखने में गुलाब जैसा होता है, लेकिन कीमत में गुलाब से कई गुना महंगा है और इसे सजावट के लिए प्रयोग किया जाता है।

प्रदेश के किसानों को मिलेंगे पौधे-कृषि महाविद्यालय में लिसिएंथस फूल की खेती हाल ही में शुरू की गई है। दो-तीन महीने पहले लगाए गए पौधे अब फूलने लगे हैं। इस पौधे में कांटे नहीं होते और यह दिखने में बेहद आकर्षक होता है। इसकी खास बात यह है कि यह फूल लंबे समय तक ताजे रहते हैं, और उनकी पंखुड़ियां और डंठल आर्टिफिशियल फूल की तरह चमकदार होते हैं। बाजार में इसकी कीमत गुलाब से कहीं ज्यादा होती है, जिससे किसानों के लिए एक बेहतरीन आय का स्रोत बन सकता है। कृषि महाविद्यालय जल्द ही छत्तीसगढ़ के किसानों को लिसिएंथस के पौधे उपलब्ध कराएगा, जिससे राज्य के किसान इस नए और कीमती फूल की खेती शुरू कर सकेंगे।

25 से 26 डिग्री टेंप्रेचर जरूरी

उद्यानिकी विभाग के डॉ. संजय वर्मा ने बताया कि इस फूल के पैदावार के लिए 25 से 26 डिग्री टेम्प्रेचर जरूरी है। सामान्य मिट्टी में इसकी पैदावार हो सकती है। इसकी थोक में कीमत एक फूल की 15 से 20 रूपए होती है। एक सप्ताह तक खराब नहीं होता है, और ताजा रहता है। इस फूल को प्रयोग के लिए तमिलनाडु से मंगाया गया।

तमिलनाडु और केरल में हो रही खेती

लिसिएंथस फूल की खेती मुख्य रूप से पॉलीहाउस में होती है। फिलहाल इस फूल की खेती तमिलनाडु और केरल में बड़े पैमाने पर की जा रही है और अब छत्तीसगढ़ में भी इसकी संभावना जताई जा रही है। कृषि महाविद्यालय के उद्यानिकी विभाग के डॉ. संजय वर्मा के अनुसार लिसिएंथस फूल की खेती आने वाले दिनों में किसानों के लिए एक वरदान साबित हो सकती है। यह फूल सजावट के लिए इस्तेमाल होता है और इसकी कीमत गुलाब से कहीं अधिक होती है, जिससे किसानों को अच्छा लाभमिलने की उम्मीद है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com